सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-57 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 14 अगस्त 2025
19 सफर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# चुनाव आयोग पर आरोपों को लेकर अनुराग ठाकुर का राहुल पर तंज

■ संविधान निर्माता को कांग्रेस परिवार ने चुनावी धोखाधड़ी के जरिए हराया



**नई दिल्ली।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर आरोपों पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जमकर पलटवार किया। उन्होंने बुधवार को कहा, कल कुछ कांग्रेस के लोग कह रहे थे कि राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं ने बवंडर खड़ा किया। बवंडर नहीं, ब्लंडर है। जितने आरोप आज तक लगाए, मैं राहुल जी को यही कहूंगा कि धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे।

अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है, तो वह राहुल गांधी के नेतृत्व में है। पार्टी के अंदर भी राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठते हैं। जब वह चुनाव हारते हैं, तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के लिए ईवीएम में हेराफेरी की गई है। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम पर प्रतिबंध लगाओ, मतपत्र वापस लाओ। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम को रिमोट से हैक किया जा सकता है। हर हार के बाद कांग्रेस नए बहाने ढूंढती रही। कांग्रेस ने आत्मचिंतन नहीं किया, बल्कि बार-बार ईवीएम, चुनाव आयोग को दोष देती रही। बिहार चुनाव हारते देख कांग्रेस पहले ही विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाने में जुट गई है।

अनुराग ठाकुर ने कहा, अगर हम 1952 से शुरुआत करें तो कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर संविधान निर्माता और संत समान नेता डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव में हराया था। कांग्रेस ने 1952 के पहले ही चुनाव में भ्रष्टाचार की नींव रखी थी। रिकॉर्ड देखें- 74,333 वोट खारिज हुए, जबकि अंबेडकर जी सिर्फ 14,561 वोटों से हारे। कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया संविधान निर्माता, एक दलित नेता, पहले ही चुनाव में हार जाए। सोचिए, जिसने संविधान बनाया, उसे कांग्रेस परिवार ने चुनावी धोखाधड़ी के जरिए हरा दिया।

### राहुल को पुराना इतिहास याद दिलाया

अनुराग ठाकुर ने इस परिवार और पार्टी में शुरू से ही एक परंपरा रही है कि अगर आप चुनाव हार जाते हैं, तो आप चुनाव आयोग, मतदाताओं या चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं। इंदिरा गांधी ने कहा था कि मतदाता मूर्खों का समूह हैं। जब राजीव गांधी चुनाव हार गए, तो उन्होंने बैलेट पेपर को दोष दिया। राहुल गांधी के पिता कहते थे कि वोटिंग मशीनों से चुनाव कराओ और राहुल गांधी कहते हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव कराओ।

## सभी दस्तावेज सही हुए तो अब एक दिन में मिल जाएगा भारत का वीजा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वीजा जारी करने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने एक दिन में वीजा जारी करने के लिए नियामकीय छूट शुरू की है। केंद्र सरकार के नए फैसले के मुताबिक अब सभी दस्तावेज सही और उचित तरीके से जमा करने पर एक दिन में भारत का वीजा मिल सकता है।

इसके साथ केंद्र सरकार ने अवैध प्रवासियों और वीजा की अवधि से अधिक समय तक रहने वाले विदेशियों की निगरानी को मजबूत करने के लिए दो नए पोर्टल - जिला पुलिस मॉड्यूल (डीपीएम) और विदेशी पहचान पोर्टल (एफआईपी) शुरू किए गए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बी संजय कुमार ने बुधवार को विदेशी प्रभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में वीजा सरलीकरण, आव्रजन जांच चौकियों के आधुनिकीकरण और अन्य संबंधित मामलों से संबंधित नीतियों पर चर्चा की।

# महापुरुषों और क्रांतिकारियों के प्रति कृतज्ञता का भाव है तिरंगा यात्रा : सीएम योगी



■ भारत के शौर्य, पराक्रम, सामर्थ्य और शक्ति को दुनिया ने देखा

### आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश को बनाएंगे जीवन का मंत्र

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा दिया गया 2047 तक का विराट लक्ष्य विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत सभी के सामने है। सीएम ने कहा कि उनके संकल्पों के साथ जुड़कर विकसित उत्तर प्रदेश-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के उनके मार्गदर्शन को अपने जीवन का हिस्सा व मंत्र बनाएंगे।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश आजादी के 78वर्ष पूरे कर रहा है। आजादी के इस अमृतकाल में हर भारतीय के मन में संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों, राष्ट्रीयता, क्रांतिकारियों-महापुरुषों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव और प्रगाढ़ हो। यह हर जन, हर घर तक पहुंचे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा के माध्यम से इसे हम सभी देख रहे हैं।

तिरंगा यात्रा केवल यात्रा नहीं, बल्कि भारत मां, महापुरुषों, क्रांतिकारियों और वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता भी है। हर गांव, नगर, जनपद में तिरंगा यात्रा इसका उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यूपी में भी हर घर तिरंगा, सेल्फी विद तिरंगा से जुड़ रहे हैं। देश और सैनिकों के सम्मान तथा आन-बान-शान का प्रतीक तिरंगा हर भारतीय के घर में लहराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। राष्ट्रभक्ति के गीतों की धुनों के बीच मुख्यमंत्री ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया, फिर अपने आवास से यात्रा को रवाना किया। सीएम ने युवाओं का अभिनंदन करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के शौर्य, पराक्रम, सामर्थ्य और शक्ति को दुनिया ने देखा है। इसे लेकर जब दुनिया अचंभित है तो हर भारतीयों का दायित्व बनता है कि भारत का सम्मान ऊंचा बनाए रखें। सीएम ने अपील की कि 140 करोड़ भारतवासी स्वयं के स्वार्थों की तिलांजलि देकर राष्ट्रमाता के चरणों में समर्पित होकर तिरंगा को हर घर पर लगाकर देश की आजादी के इस समारोह में भागीदार बनें। सीएम ने कहा कि सामाजिक एकता को छिन्न-भिन्न करने का कुत्सित प्रयास करने वालों तथा समाज, क्षेत्र, भाषा, जाति समेत अनेक वादों के नाम पर बांटने वाले तत्वों को बेनकाब करें। समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कपिलदेव अग्रवाल, विधायक नीरज बोरा, जया देवी, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, उमेश द्विवेदी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, भाजपा नेता नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के अध्यादेश को विधानसभा की मंजूरी

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बांके बिहारी मंदिर निर्माण आर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में बुधवार सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार उपलब्धियां रख रही है।

अध्यादेश स्पष्ट करता है कि मंदिर के चढ़ावे, दान और सभी चल-अचल संपत्तियों पर न्यास का अधिकार होगा। इसमें मंदिर में स्थापित मूर्तियां, मंदिर परिसर के भीतर देवताओं के लिए दी गई भेंट, किसी पूजा-सेवा-कर्मकांड-धार्मिक अनुष्ठान के समर्थन में दी गई संपत्ति, नकद या वस्तु रूपी अर्पण, तथा मंदिर के उपयोग के लिए भेजे गए बैंक ड्राफ्ट व चेक तक शामिल हैं। मंदिर की संपत्तियों में आभूषण, हुंडी संग्रह सहित श्री बांके बिहारी जी मंदिर की सभी चल एवं अचल संपत्तियां सम्मिलित मानी जाएंगी।

# विधानसभा में पेश हुआ विजन डॉक्यूमेंट

■ सुरेश खन्ना बोले- 2047 तक प्रदेश बनेगा सबसे विकसित राज्य



**लखनऊ।** विधानमंडल के मानसून सत्र के तीसरे दिन बुधवार को विधानसभा में विजन डॉक्यूमेंट-2047 (विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश) पर चर्चा की शुरुआत हुई। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने एक शेर पढ़कर चर्चा का प्रस्ताव सदन में रखा, बड़ी मुश्किल से कोई सुबह मुस्कराती है, गम की रात दबे पांव चली आती है, वक्त लगता ही नहीं जिंदगी बदलने में, पर वक्त को बदलने में जिंदगी लग जाती है। उन्होंने कहा कि बिना चिंतन और विचार के कोई बड़ी उपलब्धि नहीं मिलती है। विजन डॉक्यूमेंट का उद्देश्य आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर यूपी को देश का सबसे विकसित राज्य बनाना है।

सुरेश खन्ना ने कहा कि बीते आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 29.87 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है, चालू वित्तीय वर्ष में इसे 35 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें पूर्वांचल और बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में उद्योग स्थापित हो रहे हैं। वर्ष 2047 तक प्रदेश को सबसे विकसित राज्य बनाने के लिए जीरो पॉवर्टी, सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य, स्पेस टेक्नोलॉजी और आईटी हब स्थापित करने की योजना है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए 242 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। नदियों के चैनलाइजेशन, सौर ऊर्जा पर शोध और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा को मजबूत करने की योजनाएं है। कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीक और बेहतर बीजों के लिए शोध को बढ़ावा दिया जाएगा।

## अजीत डोभाल के बाद जयशंकर रूस जाएंगे

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत और रूस के संबंधों में काफी करीबी देखी जा रही है। हाल ही में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस का दौरा किया था और वहा मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ ही कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी। अब खबर आई है कि भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी जल्द रूस दौरे पर जाएंगे और वहां रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव से मुलाकात करेंगे।

# राहुल गांधी का दावा- बिहार के मृत मतदाताओं के साथ पी चाय

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज बिहार के कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात की है जिनका नाम एसआईआर के दौरान कथित तौर पर इस आधार पर मतदाता सूची से हटा दिया गया कि उनकी मौत हो चुकी है।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के निर्वाचन क्षेत्र राघोपुर से संबंध रखने वाले कुछ लोगों ने आज उनसे मुलाकात की। जिनसे मुलाकात का वीडियो राहुल गांधी ने एक्स पर साझा किया है। राहुल ने इस वीडियो साझा करते हुए अपने पोस्ट में लिखा- जीवन में बहुत दिलचस्प अनुभव हुए हैं, लेकिन कभी मृत लोगों के साथ चाय पीने का मौका नहीं मिला था। इस अनुभव के लिए, धन्यवाद चुनाव आयोग! राहुल ने बिहार के सात मतदाताओं के एक समूह से अपने आवास पर मुलाकात की। इन लोगों ने अपने अनुभव साझा किए कि कैसे चुनाव आयोग ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।






## जज यशवंत वर्मा के पास इस्तीफा देना ही एकमात्र विकल्प

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक समिति गठित की है। ऐसे में संसद की ओर से हटाए जाने से पहले उनके पास एकमात्र विकल्प इस्तीफा देना ही बचा है। इस समिति में सुप्रीम कोर्ट के जज अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट चीफ जस्टिस मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील बी. वी. आचार्य शामिल हैं।

बिरला ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि यह समिति जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। तब तक वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लंबित रहेगा। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को 146 लोकसभा सदस्यों ने जज वर्मा को हटाने की मांग की थी, जिसमें भाजपा के रवि शंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे। जजों की नियुक्ति और हटाने की प्रक्रिया को जानने वाले अधिकारियों ने बताया कि वर्मा अगर संसद के सामने अपना पक्ष रखने जाते हैं, तो वह मौखिक रूप से इस्तीफा दे सकते हैं, जिसमें इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त जज के रूप में पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद की ओर से हटाया गया, तो उन्हें ये लाभ नहीं मिलेंगे।

दूसरा तरीका यह है कि संसद भी जज को हटा सकती है। तत्कालीन चीफ जस्टिस (सीजेआई) संजीव खन्ना ने वर्मा को हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। यह पत्र तीन जजों की जांच समिति की रिपोर्ट पर आधारित था।




# कलेक्ट्रेट से निकली तिरंगा बाइक रैली, डीएम-सीडीओ ने किया रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से पंचायती राज विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम अनिल रस्तोगी, पीडी एसएन चौरसिया, एसओसी संजय आनंद और डीपीआरओ विशाल सिंह मौजूद रहे रैली कलेक्ट्रेट से शुरू होकर गुरु गोविंद सिंह चौक, जीआईसी, विलोबी मार्ग होते हुए वापस कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। पूरे मार्ग पर बाइक सवार तिरंगे लहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाते रहे। खास बात यह रही कि सभी बाइक सवार और पीछे बैठे कार्मिक हेलमेट पहने हुए थे, जिससे रैली ने देशभक्ति के साथ-साथ सड़क सुरक्षा का भी सशक्त संदेश दिया रैली को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की पहचान ही नहीं, बल्कि सम्मान, एकता और बलिदान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' केवल झंडा फहराने का नहीं, बल्कि देशभक्ति को गहराने का अवसर है। उन्होंने सभी से 13 से 15 अगस्त के बीच घर, संस्थान और कार्यस्थल पर तिरंगा लगाकर इसे जन-जन का उत्सव बनाने की अपील की सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि आज की यह यात्रा केवल बाइक रैली नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी आस्था और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम सभी को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस अभियान को सफल बनाना चाहिए।

# शुक्रवार के दिन मनाया गया था प्रथम स्वतंत्रता दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** वह ऐतिहासिक दिन जब भारत देश अंग्रेजी हुकुमत से आजाद हुआ था, वह शुक्रवार का दिन था। आज से ठीक 78 वर्षों बाद आज जब हम 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे है। इस बार भी शुक्रवार का ही दिन पड़ा रहा है। आजादी के बाद यह अवसर पहली बार ही नहीं आया है द्य इस वर्ष 2025 में भी हम सभी भारतवासी इस आजादी के राष्ट्रीय महापर्व को शुक्रवार के ही दिन 12वीं बार मना रहे हैं। इस सदी में यह अवसर चौथी बार आया है इससे पूर्व इसी सदी में यह दिन 2003, 2008 और 2014 में भी आया था। अगली बार यही शुक्रवार का दिन आजादी के महापर्व पर 2031 में 6 वर्षों बाद पुनः आएगा। इन वर्षों के अतिरिक्त आगामी 2036, 2042, 2053, 2059, 2064, 2070, 2081, 2087, 2092 और 2098 वर्षों में भी यही



शुक्रवार का दिन आजादी के इस महापर्व पर पुनः आयेगा। इस सदी में कुल 15 बार ऐसा अवसर बनेगा। विगत सदी में यह अवसर क्रमशः 1952, 1958, 1969, 1975, 1980, 1986 तथा 1997 वर्षों में कुल आठ बार आया था। कैलेंडर संबंधी ऐसी ही रोचक जानकारियो को हमेशा की तरह साझा करने वाले लखनऊ पब्लिक स्कूल, लखीमपुर-खीरी के गणित अध्यापक अतुल सक्सेना ने अपनी स्वनिर्मित सैकड़ों वर्षों के तैयार की गयी अंक-कोड कलेण्डर की तालिका के आधार पर प्रस्तुत किया है।

# हेड कांस्टेबल ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली के मोहल्ला छाउछ निवासी हेड कांस्टेबल ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या का कारण पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है साल 2011 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए सिपाही अनिल कुमार शर्मा 36 वर्ष पुत्र राम कुमार मूलरूप से पुराना जिला अस्पताल जिला शाहजहांपुर के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक 2015 में उनकी पहली पोस्टिंग हुई थी। मौजूदा समय में वह सीतापुर के अभियोजन कार्यालय में तैनात थे। मृतक के रिश्तेदार कौशल शर्मा ने बताया कि जिस समय घटना हुई उस समय वह अपने दो बच्चों के साथ घर पर थे, जबकि पत्नी लक्ष्मी देवी राखी बांधने के लिए मायके गई हुई थी हाल ही में एक जुलाई 2025 को अनिल को हेड कांस्टेबल के पद पर प्रमोशन मिला था करीब एक साल पहले सांड़ की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी घटना के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगे थे। बुधवार तड़के 5.30 बजे घटना की जानकारी हुई तो घर में चीख-पुकार मच गई हेड कांस्टेबल अनिल कुमार शर्मा दो बच्चों के पिता थे। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी सौम्या और दूसरी अनन्या है। पिता को मृत पड़ा देख दोनों बच्चियों का रो रोकर बुरा हाल था। पत्नी भी पति के जाने के वियोग में बार-बार बेसुध होकर बेहोश हो रही थी।

## डीएम खीरी समेत नगर विकास राज्य मंत्री को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** बरवर नगर पंचायत में शासन द्वारा संविदा भर्ती प्रक्रिया पर रोक होने के बाद भी गलत तरीके से कंप्यूटर ऑपरेटर की संविदा नियुक्ति को विभाग के कर्मचारी ने अवैधानिक बताते हुए डीएम खीरी समेत नगर विकास राज्य मंत्री को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे अमर राठौर ने बताया कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम कर रहे व्यक्ति ने 28 मार्च 2013 को 5 हजार रुपया मानदेय पर कार्य करने का शपथ पत्र लगाया गया है। जबकि उसकी नियुक्ति अवैधानिक तरीके से तत्कालीन अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी ने संविदा पर नियुक्त की थी जबकि शासन द्वारा वर्ष 2000 संविदा प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। ऐसे में तैनात कर्मचारियों का वेतन भुगतान 20 हजार रुपया प्रतिमाह पालिका के फंड से अवैध तरीके से किए जाने का शपथ पत्र देकर आरोप लगाया है। शिकायत से विभाग में हड़कंप मच गया है। वर्तमान समय में अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त होने के चलते एसडीएम मोहम्मदी को कार्यभार सौपा गया है।

## 6 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा 06 नफर वारण्टी अभियुक्तों 1. श्यामू पुत्र तिलकराम 2. विंकू पुत्र तिलकराम 3. विजयपाल पुत्र मिश्रीलाल 4. तिलकराम पुत्र हीरालाल 5. मिश्रीलाल पुत्र हीरालाल निवासीगण द्वारिकागंज थाना हैदराबाद जनपद खीरी को मु0सं0 3849/17 धारा 147/452/323/336/504/506 भा0द0वि0 थाना हैदराबाद जनपद खीरी सरकार बनाम सत्यपाल न्यायालय श्रीमान ए0सी0जे0एम0 लखीमपुर खीरी 6. पिंकू पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम अजान थाना हैदराबाद जनपद खीरी को अ0सं0 57/20 धारा 147/452/323/504 भादवि थाना हैदराबाद जनपद खीरी सरकार बनाम राजेन्द्र न्यायालय श्रीमान ए0सी0जे0एम0 लखीमपुर खीरी में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय लखीमपुर खीरी के समक्ष भेजा गया।

## तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकालकर तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) व सहयोगी संगठनों के बैनर तले बुधवार को किसानों ने निघासन में तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकालकर तीन सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम भेजा गया, जिसमें खेती, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों की समय पर उपलब्धता न होने से धान व अन्य खरीफ फसलों को भारी नुकसान हुआ है। यदि जिले के अधिकारी समय रहते ठोस कदम उठाते तो यह स्थिति पैदा नहीं होती दूसरी मांग में तिकुनियां विद्युत उपकेंद्र से जुड़ी समस्या का मुद्दा उठाया गया। किसानों ने बताया कि यहां 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर वर्ष 2024 में ही लग जाना चाहिए था। इसके लिए 70 लाख रुपये भी समय से स्वीकृत हो चुके थे, लेकिन अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तीसरी समस्या के रूप में तिकुनियां स्वास्थ्य उपकेंद्र की बदहाल स्थिति पर रोष जताया गया। किसानों ने कहा कि उपकेंद्र के बाहर जलभराव और कूड़े के ढेर आम बात हो गई है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग उदासीन बना हुआ है किसानों ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का समाधान तय समय में नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## फरधान मंडल में निकाली गई तिरंगा यात्रा

### मुख्य अतिथि गंगाराम ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** दिनांक 13 8.2025 को विधानसभा 140 श्रीनगर के फरधान मंडल में मंडल अध्यक्ष रंजीत वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसके मुख्य अतिथि में गंगाराम एडवोकेट जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा रहे कार्यक्रम यात्रा का शुभारंभ कैमहरा चौराहे से बाबा तुरंत नाथ मंदिर भादुरा तक निकाली गई यात्रा में लगभग 350 कार्यकर्ताओं ने सहभागिता किया उसके यात्रा के उपरांत बाबा तुरंत नाथ मंदिर पर विभाजन विभीषिका कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसके संयोजक अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमर सिंह कनौजिया रहे कार्यक्रम में विशिष्ट अतीथ के रूप में शैलेश तिवारी जिला महामंत्री युवा मोर्चा उपस्थित रहे तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीएनएस का सफल अनावरण करते हुये एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 0574/2025 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुये एक नफर अभियुक्त श्यामू यादव पुत्र भोला यादव निवासी फत्तेपुर निर्मलनगर थाना कोतवाली सदर उम्र 35 वर्ष को चोरी गयी मोटरसाइकिल नम्बर [illegible]804 के तहसील कालोनी के पास स्थित जगेश्वर शिव मन्दिर के पास मोहल्ला नई बस्ती से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बरेली उर्स-ए-रजवी 2025

# बरेली में जायरीन के लिए रेलवे चलाएगा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली में 18 अगस्त से शुरू होने वाले तीन दिवसीय उर्स-ए-रजवी में देश-विदेश से लाखों जायरीन की आमद को देखते हुए इज्जतनगर रेल मंडल ने 18 से 20 अगस्त तक दो जोड़ी विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। रेलवे ने मंगलवार को इन ट्रेनों की पूरी समय सारिणी जारी कर दी। 05311 बरेली सिटी-लालकुआं विशेष ट्रेन दोपहर 3:50 बजे बरेली सिटी से रवाना होगी।

4:03 बजे इज्जतनगर, 4:23 बजे भोजीपुरा पहुंचकर शाम 6:00 बजे लालकुआं पहुंचेगी। 05312 लालकुआं-बरेली सिटी वापसी ट्रेन रात 8:15 बजे लालकुआं से चलेगी।

9:38 बजे भोजीपुरा, 9:55 बजे इज्जतनगर और 10:30 बजे बरेली सिटी पहुंचेगी।

06501 बरेली सिटी-पीलीभीत मेमू ट्रेन शाम 4:35 बजे बरेली सिटी से रवाना होगी।

4:50 बजे इज्जतनगर, और शाम 6:30 बजे पीलीभीत पहुंचेगी।

06502 पीलीभीत-बरेली सिटी वापसी ट्रेन शाम 6:45 बजे पीलीभीत से चलेगी।

7:55 बजे इज्जतनगर और 8:25 बजे बरेली सिटी पहुंचेगी।

02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी का संचालन बुधवार को परिवर्तित मार्ग से होगा और रास्ते में 20 मिनट रुककर चलेगी।

02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी सीवान, थावे, कप्तानगंज, गोरखपुर कैंट मार्ग से चलेगी।

12354 लालकुआं-हावड़ा एक्सप्रेस 23 अगस्त को लालकुआं से 70 मिनट देरी से रवाना होगी।

बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर जीआरपी व आरपीएफ थाने के पास स्थित फुट ओवरब्रिज की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। करीब 100 साल पुराने इस ब्रिज को जर्जर हालत के चलते फिलहाल बंद कर दिया गया है। यह ब्रिज प्लेटफार्म नंबर 1 से 5 तक यात्रियों को जोड़ता है और यहां स्वचालित सीढ़ियां भी लगी हैं।

## मोबाइल मैकेनिक की हुई मौत

**बरेली।** घर से दुकान जाते समय मोबाइल मैकेनिक की मोटरसाइकिल में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी मोबाइल मैकेनिक गम्भीर रूप से घायल गया, घायल को परिवार वाले जिला अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया 22 वर्षीय ज्ञान प्रकाश पुत्र स्वर्गीय बालक राम मोबाइल मैकेनिक था और गांव कुडला कोठी में अपनी दुकान चलाता था बुधवार की सुबह मोटरसाइकिल द्वारा घर से दुकान जा रहा था रास्ते में मिलक और कुडला कोठी के बीच में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें ज्ञान प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया परिवार वाले एंबुलेंस के द्वारा ज्ञान प्रकाश को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

# बिजनौर में गंगा बैराज का पुल अभी एक महीना रहेगा बंद

### पुल पर चौपहिया वाहनों का आवागमन ठप



**बिजनौर। (अवधनामा संवाददाता)** बिजनौर में गंगा बैराज का पुल अभी एक महीना तक यातायात के लिए खुलने वाला नहीं है। मंगलवार को एनएचएआई टीम की प्राथमिक जांच में पुल के तीन बेयरिंग खराब मिले हैं, जोकि जंग और कीचड़ से जाम हो गए। बेयरिंग के कंक्रीट से बने आधार डायाफ्राम में भी दरार है, इससे पुल हिल रहा है। इस मौजूदा स्थिति से अवगत कराने के लिए आईआईटी रुड़की के ब्रिज एक्सपर्ट को फोटो और वीडियो भेज दी गई है। उनके सुझाव के बाद ही बेयरिंग और मरम्मत का काम चालू होगा। मंगलवार को एनएचएआई के अधिकारियों की टीम क्रेन के जरिए गेट नंबर 20-21 के बीच पुल से नीचे उतरी। जिसने स्लैब के नीचे पिलर कैप पर खड़े होकर बेयरिंग आदि की स्थिति जानी और फोटो लिए। बेयरिंग किस तरीके से बदले जाएंगे, यह आईआईटी के ब्रिज एक्सपर्ट सुझाव देंगे। हालांकि उनके प्राथमिक जांच के फोटो और वीडियो भेज दिए गए हैं।फिलहाल महीने भर तक वाहनों के लिए पुल पूरी तरह से बंद रहेगा। हालांकि बाइक और पैदल चलने वालों के लिए कोई मनाही नहीं है। चौपहिया वाहन नहीं चलेंगे। डीएम साहिबा जसजीत कौर ने कहा एनएचएआई के चेयरमैन से बात की है, बुधवार को टीम के आने की संभावना है। जब तक पुल में आई कमी ठीक नहीं हो जाती, पुल से भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

# सगे भाई पर धारदार हथियार से हमला कर गला काटा



*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव सीरवासुचंद में एक भाई ने सगे भाई को धारदार हथियार से हमला कर गला काट दिया। बुधवार को दोपहर तीन बजे के करीब गांव सीरवासुचंद निवासी मोहिद अंसारी उम्र 35 वर्षीय के ऊपर अचानक उसके पागल भाई मोहम्मद अली ने धारदार हथियार से हमला कर गला काट दिया। पागल भाई के हमले करने के दौरान मोहिद अंसारी की चीख-पुकार मच गई और वह बुरी तरह से गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल मोहिद की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों द्वारा उसे पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया जहां से घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पागल भाई के हमले में घायल मोहिद अंसारी बहुत गरीब परिवार से आता है। सूचना मिलने पर समाजसेवी शेख मोहम्मद ज़ैद अपने भाई सभासद रिजवान हसन के साथ मौके पर पहुंचे लेकिन जब तक घायल मोहिद को प्राथमिक उपचार के बाद घायल को एंबुलेंस की मदद से बिजनौर के लिए रवाना हो चुका था। समाजसेवी शेख मोहम्मद ज़ैद अपनी टीम के साथ बिजनौर के लिए रवाना हो गए। ओर घायल मोहिद अंसारी के परिवार को शेख़ मोहम्मद ज़ैद द्वारा मदद का पूरा भरोसा दिलाया।

## भाकियू ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

# आंदोलन करना हमारा शौक नहीं मजबूरीः जिलाध्यक्ष

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** किसानों की समस्याओं को लेकर किसानों ने कलेक्ट्रेट कूच किया। भाकियू ने ट्रैक्टर मार्च निकलते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। मांगे पूरी न होने तक धरना जारी रखने का ऐलान किया। सुरक्षा की दृष्टि से जगह जगह बैरिकेटिंग कर भारी पुलिस बल तैनात रहा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर मार्च और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा कर रखी थी, इसकी सफलता के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा जोरों शोरों से तैयारियां की जा रही थी, जिले भर मे गांव गांव बैठकें कर किसानो ने जंग का ऐलान कर रखा था और और आखिरकार वह दिन आया जब जनपद को चारों ओर से किसानों के ट्रैक्टरों ने घेर लिया हजारों की तादाद में किसान ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट परिसर की ओर अपने अपने ट्रैक्टरों से कूच करने निकल पड़े। इस आंदोलन का बिगुल फूंकने वाले जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का कहना था कि आन्दोलन कोई शौक नही हमारी मजबूरी है। उन्होंने जिलाधिकारी से न्याय मिलने तथा समस्यायों के समाधान होने की उम्मीद मे 21 जुलाई एसडीएम बिजनौर को एक ज्ञापन सौंपा था। तीन सप्ताह का समय बीतने के बाद भी समस्याओ का समाधान होना तो दूर की बात है किसी भी बिंदु पर विचार तक भी नहीं हुआ। किसान अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए धक्के खाते घूम रहे हैं। अधिकारियों का रवैया भी ठीक नही है। अधिकारियों की शह पर ही उनके अधिनस्थ किसानो को खुलेआम लूट रहे हैं। जो आदमी पैसे नही दे सकते उनकी समस्याओं का समाधान कराने की बजाय उन्हें





अपमानित किया जाता है। दो दिन पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों और किसान नेताओं के बीच महात्मा विदुर सभागार कलेक्ट्रेट में वार्ता भी हुई थी, लेकिन किसानों

की समस्याओं का समाधान करने के लिए कोई भी सक्षम अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए। बैठक में मुख्य रूप से केवल एसडीएम सदर ही मौजूद थे, जिस कारण वार्ता विफल हो गई और किसान पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए सभा कक्ष से बाहर चले गए, उस दौरान जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने पुन ऐलान कर दिया था कि कहा कि 13 अगस्त को वर्षा हो, चाहे आंधी आये, अब आन्दोलन और भी वृहद तथा अनिश्चितकालीन होगा।

# पहलगाम आतंकी हमले में मददगार बता बरेली में एक महिला को 42 घंटे तक किया डिजिटल अरेस्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** साइबर अपराधियों ने शहर की एक बैंक कर्मी महिला को पहलगाम आतंकी हमले में मददगार बताकर 42 घंटे तक उसे डिजिटल अरेस्ट में रखा। कहा कि उसके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर आईएसआई ने सेटेलाइट फोन खरीदे। आतंकियों की फर्जी आईडी तैयार करने में मदद की। गिरफ्तारी से बचने के लिये उसने महिला से सोने, चांदी के जेवर, बैंक खातों में पड़े रुपये, एफडी निकालने को कहा, महिला ने करीब 70 लाख रुपये का इंतजाम किया। मानसिक दबाव और डर के माहौल में महिला घर में कैद रही। इसी दौरान महिला की बेटी ने इसकी सूचना एसएसपी अनुराग आर्य को दी। एसएसपी के निर्देश पर पहुंचे एसपी सिटी मानुष पारीक ने मोर्चा संभाला और महिला को डिजिटल मुक्त कराया।

प्रेमनगर के एकतानगर निवासी गुलशन कुमारी को सोमवार दोपहर एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आया। स्क्रीन पर डीआईजी की टोपी और दो स्टार वाली वर्दी पहने व्यक्ति दिखा, जिसने खुद को पुलिस अधिकारी बताया। उसने कहा कि वह पहलगाम पुलिस स्टेशन से बोल रहा है। उसने महिला को फर्जी सिम कार्ड केस में नाम आने और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोपों में फंसाने की धमकी दी। कहा कि पहलगाम में हुये आतंकी हमलों में तुम्हारा आधार कार्ड इस्तेमाल हुआ है। उसने मामला दबाने के लिए जेवर और रुपये देने की शर्त रखी।

ठगों ने महिला को धमकाते हुए कहा कि मामले की जानकारी किसी को न दे, वरना अंजाम बुरा होगा। 42 घंटे तक महिला घर में कैद रही। इस दौरान उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जिस पर ठगों ने उसे एंबुलेंस भेजने और एनआईए के अस्पताल में भर्ती कराने का झांसा दिया। इसकी वजह से महिला और घबरा गई। महिला के पति नहीं हैं। वह बैंक आफ बड़ौदा से रिटायर्ड हैं। गुरुवार को मामला एसएसपी अनुराग आर्य और डायल-112 तक पहुंचा। एसपी सिटी मानुष पारीक ने तुरंत टीम के साथ पहुंचकर गुलशन को ठगों के चंगुल से मुक्त कराया। एसपी सिटी ने बताया कि कॉल पर दिख रहा अधिकारी दरअसल साइबर ठग था, जिसे वे देखते ही पहचान गए। उसकी वर्दी पर दरोगा के दो स्टार थे, लेकिन कैप डीआईजी रैंक के आफिसर की लगा रखी थी। उन्होंने महिला को साइबर सुरक्षा और ठगी से बचाव के तरीके समझाए। रेस्क्यू के बाद गुलशन ने बरेली पुलिस, विशेषकर एसपी सिटी मानुष पारीक का आभार जताया। पुलिस ने अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

# तिरंगे के रंग में रंगमय हुआ बरेली

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर मंगलवार को बरेली पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग गया। सुबह से ही गलियों और मुख्य मार्गों पर तिरंगों की लहर और देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई देने लगी। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत निकली भव्य तिरंगा रैली में हजारों नागरिक, अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

खुली जीप में सवार डीएम अविनाश सिंह और सीडीओ देवयानी ने रैली का नेतृत्व किया। उनकी जीप तिरंगे के रंग के सैकड़ों गुब्बारों से सजी हुई थी। रैली में शामिल लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारों से पूरे शहर का माहौल उत्साह से भर दिया। 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में आयोजित हो रहा है। पहला चरण 2 से 8 अगस्त, दूसरा 9 से 12 अगस्त और तीसरा 13 से 15 अगस्त तक चलेगा। दूसरे चरण के अंतिम दिन इस रैली का आयोजन किया गया, जो विकास भवन परिसर से शुरू होकर गांधी उद्यान, चौकी चौराहा, थाना कोतवाली, प्रेमनगर होते हुए सीआई पार्क पर समाप्त हुई।

रैली में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर समेत कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। इस आयोजन का उद्देश्य देशवासियों में देश प्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करना था।

डीएम अविनाश सिंह ने सभी नागरिकों से 13 से 15 अगस्त तक अपने घर, कार्यालय, दुकान और प्रतिष्ठान पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के तहत यह अभियान जनभागीदारी से राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का प्रतीक बन गया है।

# 20 अगस्त से स्वतः कर निर्धारण के लिए लगेंगे कैंप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** व्यवसायिक क्षेत्रों के जीआईएस सर्वे बिलों के सम्बंध में स्वतः कर निर्धारण प्रपत्र उपलब्ध कराने के लिए 20 अगस्त से 22 अगस्त तक शहर के विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में निगम द्वारा दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक आठ कैंप लगाये जायेंगे। इन कैंपों में जो लोग स्वतः कर निर्धारण के प्रपत्र पर अपना विवरण भरकर देंगे, उन्हीं सही मानते हुए उनके आधार पर अगले दिन उन्हें बिल भेज दिए जायेंगे। हर रोज तीन स्थानों पर कैंप लगाये जायेंगे। कैंपों में निगम अधिकारियो के अलावा क्षेत्रीय पार्षद और व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा अनेक व्यापारी प्रतिनिधियों एवं पार्षदों से हुई वार्ता एवं विचार विमर्श के क्रम में नगरायुक्त के निर्देशानुसार करदाताओं की सुविधा हेतु प्रथम चरण में शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में कर स्वतः कर निर्धारण कैंप लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इन कैंपों में करदाताओं को स्वतः कर निर्धारण प्रपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे और जो करदाता स्वतः कर निर्धारण प्रपत्र पर अपनी सम्पत्ति का विवरण भरकर देगा, उसे सही मानते हुए अगले दिन उसी आधार पर करदाता को बिल भेज दिया जायेगा। इन कैंपों में क्षेत्र के व्यापार मण्डलों के प्रतिनिधि और क्षेत्रीय पार्षद भी मौजूद रहेंगे। स्वतः प्रपत्र में करदाता द्वारा दी गयी जानकारी की सत्यता की जांच बाद में करायी जायेगी। कर अधीक्षक ने बताया कि शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों में लगाये जाने वाले कैंपों के क्रम में 20 अगस्त को दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक जैन इण्टर कॉलेज में लगाया जायेगा। इस कैंप में वार्ड 58 के पंजाबी मार्किट, कक्कड़ गंज, फजल गंज, शहनशाही बाजार, नया बाजार, हीरा गंज, मोर गंज, शेख फारूख, नखासा बाजार, लोहा बाजार, दीनानाथ बाजार से सम्बंधित क्षेत्रों की सम्पत्तियों के स्वतः कर निर्धारण प्रपत्र भरे जायेंगे। 20 अगस्त को ही दूसरा कैंप जुबली पार्क में दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक लगेगा। इसमें वार्ड 23 के नेहरू मार्किट, प्रताप मार्किट, शहीद गंज, फजलू रहमान रोड़, महावीर बाजार तथा वार्ड 44 के लोहानी सराय व ढोली खाल से सम्बंधित प्रपत्र भरे जायेंगे। 20 अगस्त को ही तीसरा कैंप अमृत टॉकिज पर लगेगा। जिसमें वार्ड 40 के गुरूद्वारा रोड, पटेल नगर, सुभाष नगर, अम्बाला रोड तथा वार्ड 7 के जाटव नगर से संबंधित प्रपत्र भरे जायेंगे। कर अधीक्षक ने बताया कि 21 अगस्त को वार्ड 24 गुरुद्वारा रोड पर भाटिया टेण्ट हाउस के पास दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक लगाया जायेगा। इसमें गुरुद्वारा रोड के प्रपत्र भरे जायेंगे। इसी दिन दूसरा कैंप उसी समय दालमण्डी पुल मौहल्ला मुंशियान में लगेगा। इसमें वार्ड 47 के खालापार, हिरन मारान, दाल मण्डी पुल, बोमनजी रोड तथा वार्ड 59 के मटिया महल, मौहल्ला मीर कोट, मौहल्ला मिश्रान व अली महाजनान के करदाताओं को प्रपत्र उपलब्ध कराये जायेंगे। 21 अगस्त को ही तीसरा कैंप बॉम्बे पैलेस पर दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक लगेगा।

# कजली मेले के चौथे दिन आल्हा मंच पर बुंदेली कलाकारों ने दर्शकों का कराया मनोरंजन





कार्यालय संवाददाता

**महोबा।** उत्तर भारत के मशहूर कजली मेले के चैथे दिन बुधवार को आल्हा मंच पर दूर दराज से आए बुंदेली कलाकारों ने बुंदेली नृत्य और बुंदेली गीत संगीत के चलते मेला प्रेमियों का सारा दिन मनोरंजन कराया। इस मंच पर आल्हा गायन, राई नृत्य के अलावा तमाम बुंदेली कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसे देख कर दर्शक घंटों डटे रहे। मंच के नीचे जमीन पर बैठे दर्शक बुंदेली विधाओं का आनंद लेते दिखाई दिए।

कजली मेले में उरई के अलावा महोबा जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए महिला, पुरुष कलाकारों ने बुंदेली विधाएं प्रदर्शित कर दर्शकों का मनोरंजन कराया। आल्हा मंच पर दिन में 12 बजे के बाद सजी बुंदेली कलाकारों की महफिल ने समा बांध दिया। जिससे लोग सारा दिन जमीन पर ही बैठ कर बुंदेली नृत्य, बुंदेली कला और बुंदेली विधाओं का आनंद लेते रहे। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए बुंदेली गीतों को दर्शकों ने खूब सुना और आनंद लिया।

बुंदेली गीत और नृत्य के बाद आल्हा गायन शुरू हुआ। आल्हा गायकों द्वारा बड़े लड़ईया महोबे वाले, जिनसे हार गई तलवार। एक को मारे दुई मर जावे तीसरा खौफ खाए मर जाए। आल्हा गायन सुनकर दर्शकों की भुजाएं फड़कने लगी। आल्हा गायन सुनकर लोगों में जोश भर गया। आल्हा गायन ने एक बाद फिर आल्हा ऊदल की याद ताजा कर दी। आल्हा गायन सुनने के लिए आज भी लोग कजली मेले का इंतजार करते है और कई कई दिन तक महोबा में रुक कर आल्हा गायन और कजली मेले का आनंद लेते है।

**मेले मे महिला पुरुषों ने खूब की खरीदारी :** ऐतिहासिक कजली मेले मे चार दिन बाद भी भारी भीड़ जुटी। बड़े भूभाग में लगने वाला कजली मेंला आज भी मेला प्रेमियों से भरा रहा। पुरुषों के अलावा महिलाओं ने भी कजली मेले का आनंद लेने के साथ साथ जमकर खरीददारी की। जहां पुरुषों ने लाठी डंडे और अन्य सामान खरीदा, वही महिलाओं ने उलसा, बेलन, तबा, चिमटा व अन्य गृहस्थी का सामान खरीदा। युवतियों ने शौक श्रंगार का सामान की खरीदारी की।

# एमएलसी ने सदन में उठाया वीर भूमि महाविद्यालय में पद सृजन का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता



**महोबा।** मानसून सत्र के तीसरे दिन उच्च सदन में विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने जिला मुख्यालय महोबा में उच्च शिक्षा के बहुआयामी उद्देश्यों की पूर्ति के लिए वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय महोबा में पद सृजन के साथ अन्य उपयोगी विषयों के संचालन की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए महाविद्यालय में पद सृजन किए जाने का मुद्दा उठाया। एमएलसी ने कहा कि वर्षो से भूगोल, समाज शास्त्र सहित तमाम विषयों के पद सृजित न किए जाने से छात्र छात्राओं को अन्य दूसरे जिलों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है।

वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय महोबा में स्थापना काल से कला संकाय मे 07 विषयों, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर तथा वाणिज्य एवं कला संकाय में अर्थशास्त्र विषय में परास्नातक की कक्षाएं संचालित है जनहित एवं छात्र हित में इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर अन्य उपयोगी विषय भूगोल, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, संगीत, मनोविज्ञान, शिक्षा शास्त्र सहित तमाम आवश्यक पद सृजन के साथ तथा परास्नातक में हिंदी, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, शारीरिक शिक्षा, संस्कृत, भूगोल, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, संगीत, शिक्षा शास्त्र में पद सृजन के साथ कक्षाएं संचालित कराने तथा तृतीय श्रेणी में वरिष्ठ सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर व लेखा लिपिक के पद सृजन किया जाना नितांत आवश्यक है । एमएलसी ने जनहित में अविलंब उक्त विषयों पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जिला मुख्यालय के महाविद्यालय में उपरोक्त विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के पद सृजन के लिए अति शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने तथा सदन में वक्तव्य एवं चर्चा कराए जाने की मांग की।

# अधिक शराब पीने से युवक की हुई मौत



कार्यालय संवादादाता

**अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उसे जांच के बाद किया मृत घोषित**

महोबा। चरखारी कोतवाली क्षेत्र के कुरारा डांग गांव में एक ग्रामीण ने लिमिट से ज्यादा शराब पी ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ने के बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी ले गए, जहां पर चेकअप करने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घर में ग्रामीण की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम क लिए भेज दिया है।

कुरारा गांव निवासी जयप्रकाश 35 पुत्र बिहारी मंगलवार की रात को शराब पीकर घर लौटा था। घर पहुंचने के कुछ समय बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, वह बेहोश हो गया। परिजन और ग्रामीण उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद ग्रामीण को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे नीरज ने बताया कि मेरे चाचा नियमित रूप से शराब का सेवन करते थे। मंगलवार की रात को भी वह शराब पीकर आए थे। परिजनों का कहना है कि जयप्रकाश पूरी तरह स्वस्थ था, उसे कोई बीमारी नही थी, अचानक उसकी रात को मौत हो गई। जिससे परिजनों का बुरा हाल है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेन्तर की समीक्षा बैठक संपन्न हुई



अता उल्लाह खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई,

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से कम पाई गई प्रदेश में 30 स्थान प्राप्त हुआ , स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई ,आबकारी विभाग की बसूली कम पाई गई,परिवहन विभाग का बसूली ठीक पाई गई परिवहन विभाग बसूली में प्रदेश में 8वे स्थान पर रहा,खनन विभाग की बसूली कम पाई गई, जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी को प्रवर्तन कार्य मे सख्ती बरतने व तेजी लाने के निर्देश दिए, मंडी फरूखाबाद की बसूली कम पाई गई, विद्युत विभाग की बसूली अच्छी पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, स्टाम्प व निबंधन विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये, जिन विभागों की बसूली कम है वह बढ़ाये, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सी0एम0 डैशबोर्ड के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमे सुधार लायेंगे। जिलाधिकारी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सभी को नशीली दवाएं न लेने के लिये शपथ दिलाई गई।

# छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ दिलाई गई

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध जिला आबकारी अधिकारी जी. पी. गुप्ता, आबकारी निरीक्षक गौरव सिंह, सुधांशु चौधरी, रीता वर्मा व आबकारी स्टाफ द्वारा जनपद के आठ इंटर कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया गया एवं कार्यालय जिलाधिकारी फर्रुखाबाद में आबकारी कार्मिकों द्वारा शपथ लिया गया।

आज राष्ट्रीय जनता इंटर कॉलेज, बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन, महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पीडी महिला डिग्री कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, मिशन इंटर कॉलेज, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद, राजकीय इंटर कॉलेज आईटीआई ठंडी सड़क फर्रुखाबाद में शपथ दिलाई गई जिसमें आबकारी स्टाफ उपस्थित रहे।

# विद्युत खंभे का तार टूटकर छत पर गिरने से छह वर्षीय बालक की मौत

कार्यालय संवाददाता



**महोबा।** रक्षा बंधन पर्व में बहन अपने भाई को राखी बांधने और कजली मेला देखने कस्बा कबरई आई थी। मंगलवार की शाम को घर के बाहर लगे बिजली के खंभे का एक तार अचानक टूटकर छत पर गिर गया, जिससे बहन का छह वर्षीय पुत्र करंट की चपेट में आने से झुलस गया। परिजन उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई ले गए, जहां पर डाक्टरों ने बालक का परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिला बांदा के ग्राम जमालपुर निवासी गजराज की पत्नी वंदना अपने दो बच्चों के साथ रक्षाबंधन पर्व पर भाई जीतू यादव को राखी बांधने के लिए कस्बा कबरई के मोहल्ला रानी लक्ष्मीबाई नगर में स्थित अपने मायके आई थी, साथ ही कजली मेला देखने के लिए बहन अपने बच्चों के साथ भाई के घर पर रुक गई। रक्षाबंधन पर्व बहन और भांजों के आने पर भाई व परिजन काफी खुश नजर आ रहे थे, लेकिन मंगलवार की शाम को अचानक बिजली का तार टूट कर छत पर गिरने से गोलू बुरी तरह झुलस गया, बाद में उसकी मौत हो गई। जिससे त्योहार की खुशी मातम में बदल गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन बंद कराई और परिजनों द्वारा घायल बालक को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई ले जाया गया।

# जिला अस्पताल में नहीं लगानी पड़ेगी लाइन, घर बैठे ऑनलाइन खुद बना सकेंगे अपना पर्चा

अवधनामा संवाददाता

**बुधवार को ऑनलाइन जेनरेट हुआ जिला अस्पताल का पहला पर्चा, आभा आईडी से होगी सहूलियत**

**गोरखपुर।** जिला अस्पताल में मरीज दिखाने के लिए अब लाइन लगाने से मुक्ति मिल जाएगी। मरीज और उसके परिजन ओपीडी के लिए घर बैठे खुद ऑनलाइन पर्चा बना सकेंगे। इस सुविधा के तहत बुधवार को जिले का पहला पर्चा भी ऑनलाइन जेनरेट किया गया।

इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि जिनके पास पहले से आभा आईडी होगी उन्हें इस काम में और भी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय कुमार और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीके सुमन की मदद से इस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जब मरीज सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से संदर्भित हों तो उन्हें उस चिकित्सा इकाई से ही ऑनलाइन पर्चा बना कर दिया जाए ताकि उन्हें भी जिला अस्पताल में लाइन न लगानी पड़े।

सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि जिला अस्पताल का ऑनलाइन पर्चा मरीज खुद जेनरेट करवाने के बाद उसे कहीं से भी प्रिंट करवा कर अस्पताल में चिकित्सक के कक्ष में जाएंगे। इस व्यवस्था पर पूरे प्रदेश में काम चल रहा है। राज्य स्तर के सहयोग से गोरखपुर जिले में हम यह व्यवस्था शीघ्र लागू करने में सफल रहे हैं। शहर के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर डिजिटल प्रेसक्रिब्शन की व्यवस्था पहले से ही लागू कर दी गई है। वहां पर अब मरीज की सारी एंट्री, दवा और जांच आदि डिजिटल पर्चे पर लिखी जाती है। अब इन केंद्रों से जो मरीज संदर्भित होंगे उन्हें जिला अस्पताल के भी पर्चे ऑनलाइन जेनरेट कर दिए जाएंगे, जिससे संदर्भित मरीज को परेशानी न उठानी पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों के मरीजों के लिए यह व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे संदर्भित मरीज सीधे चिकित्सक के पास जा सकेगा।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व्यवस्था में आभा आईडी होने से और आसानी से रजिस्ट्रेशन हो रहा है। यह आईडी लोग अपने क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता की मदद से अपने आधार कार्ड के जरिये जेनरेट करवा सकते हैं। आभा आईडी होने से न केवल रजिस्ट्रेशन में आसानी होगी, बल्कि सभी प्रकार की रिपोर्ट व परामर्श आदि संरक्षित हो जाएंगे।

# फोटो के जरिए समाज को जीवंत बनाने का कार्य किया है फोटो जर्नलिस्ट मुकेश पांडेय ने : डॉ. राधा मोहन दास

**गोरखपुर में निष्पक्ष और संघर्षशील पत्रकारिता की मिसाल बने**

अवधनामा संवाददाता



विदाई समारोह में वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट मुकेश पांडेय को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट करते राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल और अन्य

**गोरखपुर।** मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के तत्वावधान में बुधवार को सिविल लाइन स्थित वैष्णवी लॉन में वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट एवं समिति के संस्थापक अध्यक्ष रहे मुकेश पांडेय के सम्मान में विदाई भोज का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सहारा प्रेस के वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट के रूप में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले मुकेश पांडेय आगामी 15 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इस अवसर पर पत्रकारिता जगत, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी।

राज्यसभा सदस्य एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि मुकेश पांडेय ने फोटो के जरिए समाज के अनेक पहलुओं को जीवंत बनाने का कार्य किया है। वह जुझारू, कर्मठ और निष्पक्ष पत्रकार होने के साथ ही एक संवेदनशील और सच्चे इंसान हैं। गोरखपुर में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने संघर्ष और ईमानदारी से पत्रकारिता की मिसाल कायम की।

मेयर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रो. अजय शुक्ला समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने मुकेश के योगदान को सराहा। वक्ताओं ने कहा कि उनका व्यक्तित्व उनके काम की तरह ही विशिष्ट रहा। सर पर टोपी, चश्मा और स्टाइलिश अंदाज में बाइक खड़ी करने की उनकी पहचान हमेशा अलग रही। उनकी तस्वीरें खबरों में जान डाल देती थीं और उन्होंने फोटोग्राफी को पत्रकारिता का एक सशक्त माध्यम बनाया। कार्यक्रम में मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति की ओर से मुकेश पांडेय का माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष रितेश मिश्रा, महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव सहित कई पत्रकारों और अतिथियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष अरविंद राय ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गजेंद्र त्रिपाठी, सचिव एस.पी. वत्स, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता, कार्यकारणी सदस्य जवाहर लाल निगम, दिलीप पटवा, जे.पी. दुबे, तफज्जुल हुसैन, राजू सैनी के अलावा पूर्व मंत्री कमलेश सिंह, विनय सिंह, राजीव पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार टीपी शाही, अरुण तिवारी, अभिनव चतुर्वेदी, संगम दुबे, नवनीत त्रिपाठी, रामगोपाल द्विवेदी, अखिलेश पांडेय, मोहर्रम अली, गुड्डू भाई, दुर्गेश त्रिपाठी, नीरज श्रीवास्तव, हरेंद्र दुबे, सुनील सिंह, रजनीश श्रीवास्तव, बृजेंद्र सिंह, राकेश त्रिपाठी, भानु प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। समिति के पदाधिकारियों ने मुकेश पांडेय के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ, सुखी जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनकी सेवाएं गोरखपुर पत्रकारिता के इतिहास में एक प्रेरक अध्याय के रूप में याद की जाएंगी।

# जिलाधिकारी ने बाढ प्रभावित क्षेत्र पहुंचकर राहत सामग्री वितरित की



जया उल्लाह खान संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा बाढ़ प्रभावित कायमगंज तहसील के कंपिल क्षेत्र के बहवलपुर पहुँचकर अहिवरन नगला व धीमन नगला गाँव के 400 बाढ़ प्रभावित परिवारों को निशुल्क बाढ़ राहत सामिग्री वितरित की व 750 पैकेट पका हुआ भोजन वितरित किया और बाढ़ पीड़ितों के लिये लगाये गये मेडिकल कैम्प का निरीक्षण किया गया।

इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा कंपिल काशीराम कालोनी पहुँचकर वहाँ रह रहे बाढ़ पीड़ितों को पका हुआ भोजन वितरित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी कायमगंज,तहसीलदार कायमगंज, अधिशासी अभियंता सिचाई, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, तहसीलदार कायमगंज, खंड विकास अधिकारी कायमगंज व तहसील के कर्मचारी मौजूद रहे।

## 79 वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर प्रातः 08 बजे होगा ध्वजारोहण

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया है कि जिला, तहसील, ब्लॉक, नगर निकायों मुख्यालयों में सरकारी और गैर सरकारी इमारतों पर 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 08 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं अन्य पारम्परिक कार्यक्रम पूर्व की भांति ही आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व पर प्रातः 6:00 बजे से पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम द्वारा रामधुन राष्ट्रीय गीत एवं देशभक्ति गीतों का प्रसारण किया जाएगा। क्रॉस कंट्री रेस भी आयोजित की जाएगी जो आहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम पर समाप्त होगी। प्रातः 7:00 बजे जनप्रतिनिधियों द्वारा महापुरूषों, कारगिल शहीदों की प्रतिमाओं एवं शहीद स्तम्भों पर माल्यार्पण किया जाएगा। सद्भावना यात्रा रामलीला मैदान से आरंभ होकर आईटीआई रोड पर संपन्न होगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पार्क, प्रदर्शनी स्थल एवं अन्य स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। पुलिस, पीएसी, एनसीसी, होमगार्ड और स्काउट के जवानों स्कूली छात्रों द्वारा नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज स्टेट बैंक चौराहा, समद रोड, सेंटर प्वाइंट, मैरिस रोड, केला नगर चौराहा, दोदपुर, थाना सिविल लाइन, लाल डिग्गी, डीएम आवास के सामने होते हुए वापस नौरंगी लाल इंटर कॉलेज पर मार्च पास्ट किया जाएगा। सेवा भवन नगर निगम में स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान एवं सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## 14 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे कलैक्ट्रेट में मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**अलीगढ़।** गत वर्ष की भांति अपनी मातृभूमि के उन परिवारों को नमन करते हुए जिन्हें भारत के विभाजन के दौर में अपने परिवारजन के प्राण न्यौछावर करने वाले ऐसे लोगों की स्मृति में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि 14 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस विस्थापित परिवार के सदस्यों के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस÷ के सबंध में अभिलेख प्रदर्शनी के लोकार्पण एवं विस्थापित परिवारों के साथ त्रासदी के दौरान प्राणोत्सर्ग करने वाले लोगों की याद में दो मिनट की मौन श्रद्धांजली दी जायेगी।

## खुले कुट्टू आटा व मूँगफली से बचें

**अलीगढ़।** जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अपील की गई है कि वे खुले में बिकने वाले कुट्टू के आटे एवं मूँगफली का सेवन करने से बचें। सहायक आयुक्त खाद्य दीनानाथ यादव ने बताया है कि बरसात के मौसम में अधिक आद्रता के कारण इन खाद्य पदार्थों में एफलाटॉक्सिन नामक हानिकारक विषाणु उत्पन्न हो सकता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से संवेदनशील व्यक्तियों में इसका सेवन फूड पॉइज़निंग का कारण बन सकता है, जिससे उल्टी, दस्त, पेट दर्द जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। विभाग ने जनता को सलाह दी है कि केवल सीलबंद, प्रमाणित व ताज़ा पैकिंग वाले खाद्य पदार्थ ही खरीदें एवं सुरक्षित रूप से पकाकर सेवन करें।

## टिलिया में कृमि एवं मापन दिवस मनाया गया

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय टिलिया में आज कृमि एवं मापन दिवस मनाया गया विद्यालय में समस्त स्टाफ के साथ सभी बच्चों ने दवाई खाकर पानी पिया एवं मशीन पर अपने वजन को नापा इस अवसर पर विद्यालय में प्रधानाध्यापक विनोद गंगवार एवं राहुल कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद थ आज प्राथमिक विद्यालय तिलिया में कृमि एवं मापन दिवस के अवसर पर सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई गई। प्रनाध्यापक विनोद गंगवार ने बच्चों को बताया कि यह दवाई वर्ष में एक बार सभी को खाना आवश्यक होती है क्योंकि सरकार का विशेष अभियान प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय कृमि एवं मुक्ति दिवस के रूप में विद्यालयों में मनाया जाता है।

# गोरखपुर में लक्ष्य से अधिक है उर्वरक की उपलब्धता

**गत खरीफ सीजन से अधिक हो चुका है यूरिया और डीएपी का वितरण**

**पर्याप्त उपलब्धता के साथ निरंतर बनी हुई है यूरिया की आवक**

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अन्नदाता किसानों के हितों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए हर बार की तरह इस बार भी खरीफ फसली सीजन में हर तरह के उर्वरकों की भरपूर उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। गोरखपुर में यूरिया हो, डीएपी या फिर एनपीके, सभी लक्ष्य से काफी अधिक उपलब्ध हैं। यूरिया और डीएपी का अबतक वितरण भी गत खरीफ सीजन से अधिक हो चुका है। इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में उर्वरक के रैकों की आवक भी निरंतर बनी हुई है।

गोरखपुर के जिला कृषि अधिकारी/अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) डीपी सिंह बताते हैं कि गोरखपुर में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त उपलब्धता है और भरपूर वितरण भी किया जा रहा है। इस खरीफ सीजन में किसानों द्वारा जिले में 172967 हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान और अन्य फसलों की बोआई की गई है। गन्ना तथा औद्यानिक फसलों की बोआई का क्षेत्रफल क्रमशः 2722 और 1404 हेक्टेयर है। खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग यूरिया खाद की होती है। गोरखपुर में इस खरीफ सत्र में यूरिया का कुल लक्ष्य 41280 मीट्रिक टन रखा गया था। इसके सापेक्ष यूरिया की अब तक कुल उपलब्धता लक्ष्य से अधिक 48440 मीट्रिक टन है। जिले में 39055 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है जबकि गत वर्ष अगस्त माह तक 33292 मीट्रिक टन का वितरण ही हुआ था। स्पष्ट है कि पिछले साल से अधिक वितरण किए जाने के साथ अभी भी 9385 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी के मुताबिक दो दिनों में 5018 मीट्रिक टन यूरिया उर्वरक की रैक जनपद को प्राप्त हो चुकी है। इसमें से 3976 मीट्रिक टन यूरिया सहकारिता क्षेत्र को और 1042 मीट्रिक टन यूरिया निजी क्षेत्र को प्राप्त हुई है। यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता के साथ आवक भी निरंतर बनी हुई है। इफको की 1336 मीट्रिक टन और इंडोरामा की 950 मीट्रिक टन की रैक भी आ रही है।

सिर्फ यूरिया ही नहीं, जिले में अन्य उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। मसलन, गोरखपुर में डीएपी (दाई अमोनियम फॉस्फेट) का खरीफ सत्र में लक्ष्य 4974 मीट्रिक टन रहा जबकि इसकी उपलब्धता 12005 मीट्रिक टन रही। डीएपी का वितरण लक्ष्य से अधिक, 5015 मीट्रिक टन हुआ है। जबकि गत वर्ष अगस्त तक का वितरण 3950 मीट्रिक टन था। इसी प्रकार एनपीके की उपलब्धता लक्ष्य 2700 मीट्रिक टन के सापेक्ष 6702 मीट्रिक टन है। अब तक 1706 मीट्रिक टन एनपीके का वितरण हुआ है जबकि वर्तमान में 4996 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) भी लक्ष्य 4745 मीट्रिक टन से करीब तीन गुना अधिक, 14031 मीट्रिक टन की मात्रा में उपलब्ध हुई। म्यूरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) का लक्ष्य 760 मीट्रिक टन रहा जबकि इसकी उपलब्धता 2779 मीट्रिक टन रही।

खाद वितरण में किसी भी तरह की मनमानी, अधिक मूल्य लेने और गुणवत्ता से जुड़ी शिकायत पर प्रशासन की तरफ से खाद विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए उर्वरक निरीक्षकों ने गोरखपुर में कई दुकानों पर छापा मार 65 नमूने संग्रहित किए हैं। अनियमित रूप से उर्वरक व्यवसाय किए जाने के कारण 25 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित करते हुए 7 लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।

**उर्वरकों के समुचित वितरण की हो रही निगरानी**

उर्वरकों का वितरण समुचित रूप से हो, इसके लिए कृषि और सहकारिता विभाग के अफसरों/कार्मिकों के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा तहसील स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों से निगरानी कराई जा रही है। शासन द्वारा सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों (सहकारी व निजी) को पीओएस मशीन से ही बिक्री के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसानों को समुचित मात्रा में मानक गुणवत्ता के उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध हों।

## जिला अस्पताल की एक माह से बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन

**महोबा।** जिला अस्पताल में लाखों रुपए की सीटी स्कैन मशीनें पिछले एक माह से बंद पड़ी हैं। लगातार बारिश के कारण सीटी स्कैन कक्ष में पानी भर जाने से सीटी स्कैन का कार्य प्रभावित हो रहा है। पानी भरने से मशीनों को खतरा बढ गया है। बारिश में जलभराव रोकने और मशीनों के विद्युत फिटिंग जमीन से हटाकर नए सिरे से किए जाने की जरूरत है।

अस्पताल में रोजाना करीब 30 मरीज सीटी स्कैन के लिए आते हैं। सेवा बंद होने से मरीजों को निजी जांच केंद्रों में जाना पड़ रहा है। इससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। पहले यह सेवा सरकारी अस्पताल में मुफ्त मिलती थी। संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉक्टर अभय प्रताप सिंह ने सीटी स्कैन कक्ष का निरीक्षण किया था। उन्होंने जल्द सेवा बहाल करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक सीटी स्कैन की सुविधा मरीजों को नही मिल पा रही है। इससे लोगों मे आक्रोश है।

# स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ पर विविध कार्यक्रमों की धूम, हर घर तिरंगा अभियान भी अंतिम चरण में

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वतंत्रता दिवस 2025 की 78 वीं वर्षगांठ पर अयोध्या जनपद में भव्य और विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 6 बजे ग्राम स्वावलंबी विद्यालय खादी आश्रम में कताई एवं सर्वधर्म प्रार्थना से होगी।इसके बाद 6ः30 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम डाभासेमर में क्रॉस कंट्री रेस आयोजित की जाएगी। 8 बजे समस्त सरकारी, गैर-सरकारी भवनों, विद्यालयों और पंचायत भवनों में ध्वजारोहण किया जाएगा, जहां राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों को याद किया जाएगा।

8ः30 बजे नगर निगम की देखरेख में शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण।



9 बजे मलिन बस्तियों और कुष्ठ आश्रमों में स्वच्छता अभियान।

10 बजे अस्पतालों और आश्रमों में फल वितरण व टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण।

11 बजे जिला जेल में बंदियों को मिष्ठान व फल वितरण।

कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों द्वारा निबंध, कविता और लाइव प्रस्तुति, विषयः स्वतंत्रता और विकसित भारत की प्रगति यात्रा। कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए काकोरी कांड पर निबंध, पेंटिंग और कविता प्रतियोगिता।हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा चरण जारी

2 अगस्त से शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान-2025 अब अपने तीसरे और अंतिम चरण में है, जो 13 से 15 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान सभी सरकारी भवनों, स्कूलों, होटलों, पुलों, बांधों आदि पर ध्वजारोहण और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी से झंडा संहिता का पालन करने का आह्वान किया है–जैसे झंडा सदैव केसरिया रंग ऊपर हो, सूर्योदय के बाद फहराया जाए और सूर्यास्त के बाद सम्मानपूर्वक उतारा जाए।स्वतंत्रता दिवस पर सरकारी कार्यालयों में तिरंगा लाइटिंग और नगर निगम द्वारा पार्कों व चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, साथ ही स्वच्छता अभियान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

## जारही में निकली देशभक्ति झांकी, ब्रह्मास्त्र मिसाइल बनी आकर्षण का केंद्र



**अयोध्या।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कंपोजिट विद्यालय जारही के बच्चों द्वारा निकाली गई देशभक्ति झांकी ने लोगों का दिल जीत लिया। इस झांकी की खास बात रही बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'ब्रह्मास्त्र मिसाइल', जो न केवल बच्चों की रचनात्मकता का प्रतीक बनी, बल्कि देश की सैन्य शक्ति और वैज्ञानिक प्रगति को भी सजीव रूप में दर्शाया।

झांकी के माध्यम से बच्चों ने भारतीय सेना की ताकत, अंतरिक्ष विज्ञान, और आत्मनिर्भर भारत की थीम को प्रस्तुत कर देशभक्ति की भावना को नए रूप में जीवंत कर दिया। गांव की गलियों से गुजरती तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र को देशप्रेम के रंग में रंग दिया।

इस तिरंगा यात्रा का नेतृत्व खंड विकास अधिकारी (BDO) विकास कुमार मिश्रा, प्रधान अखिलेश सिंह सोनू और प्रधानाध्यापक अर्चना चतुर्वेदी ने किया। यात्रा में विद्यालय के शिक्षक सारिका राय, दीप कुमार, शर्मीला, राजेश कुमार, किरण यादव समेत अन्य स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई।तिरंगा यात्रा में गांव के सम्मानित नागरिकों राम बहाल चौहान, राम कुमार चौहान, सुभाष शुक्ला (प्रधान), शिक्षक अनिल पाण्डेय, अनुज सिंह और ग्रामीणों में राजू सैनी, बीरबल चौहान, अजीत तिवारी, जिम्मी खां, उमेश सिंह, अंशू यादव, भरत गुप्ता, विपिन सिंह, रिंकू सिंह, अरविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## बीकापुर सीएचसी पर रात में सीएमओ का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में लापरवाही पर जताई नाराज़गी

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर -अयोध्या।** मुख्य चिकित्साधिकारी सुशील बनियान ने मंगलवार रात करीब 8 बजे बीकापुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण किया। एक घंटे तक चले निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की इमरजेंसी सेवा, प्रसूता वार्ड, दवा स्टॉक, और विभिन्न योजनाओं से संबंधित अभिलेखों की गहन पड़ताल की।

सीएमओ ने इमरजेंसी और भर्ती वार्ड में मरीजों की आभा आईडी और आधार कार्ड की जानकारी दर्ज न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों और स्टाफ के साथ बैठक कर फीडबैक भी लिया।

निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी दवाओं के रजिस्टर की अनुपस्थिति और अन्य कमियों पर सीएमओ ने मुख्य फार्मासिस्ट को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक



सप्ताह के भीतर सभी अभिलेख दुरुस्त कर लिए जाएं, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

सीएमओ ने प्रसूता वार्ड का निरीक्षण किया और किलकारी मुहिम के तहत भर्ती महिलाओं और उनके तीमारदारों से बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वार्ड में सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। सीएमओ ने बीते दिनों में सीएचसी बीकापुर में सीजर ऑपरेशनों की संख्या में वृद्धि पर प्रसन्नता जताते हुए अधीक्षक डॉ. अंशुमन यादव की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्तर पर अधिक से अधिक सीजर की सुविधा मिलने से गरीब जनता को निजी अस्पतालों में आर्थिक शोषण से राहत मिल रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने इमरजेंसी सेवा में लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी और कहा कि मरीजों व तीमारदारों से मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए।निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. एस.के. मौर्य, डॉ. धर्मेंद्र रंजन, डॉ. अनुराग गुप्ता, वीसीपीएम दीपक तिवारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## विकासखंड मया में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, बारिश में भी झलका देशभक्ति का जुनून

*अवधनामा संवाददाता*

**मया बाजार -अयोध्या।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से विकासखंड मया में बुधवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर आयोजित इस यात्रा में आज़ादी के अमृत महोत्सव की भावना पूरे जोश के साथ देखने को मिली।यह यात्रा विकास खण्ड मया परिसर से निकाली गई, जिसका नेतृत्व खंड विकास अधिकारी विकास कुमार मिश्रा ने किया। रिमझिम बारिश के बीच भी प्रतिभागियों का उत्साह कम नहीं हुआ और सभी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे नारों से देशभक्ति की अलख जगाई। तिरंगा यात्रा में ब्लॉक के अधिकारी-कर्मचारी, बाल विकास पुष्टाहार विभाग की महिला कार्यकर्ता, ग्रामीण नागरिक और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान ब्लॉक परिसर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा के दौरान देशभक्ति नारो ने पूरे वातावरण को ओजपूर्ण बना दिया। प्रतिभागियों के चेहरों पर राष्ट्रप्रेम की भावना स्पष्ट झलक रही थी। महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्होंने पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, उत्साह और संगठन क्षमता का परिचय दिया।

इस अवसर पर अमित सिंह (I.S.B), सुनील कुमार (एडीओ पंचायत) सहित अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कर्मचारियों में राजाराम राजभर, संतोष मौर्य, एकता पाण्डेय, हुमैरा बेगम, दीपमाला सिंह, ज्योति रानी, शक्ति सिंह, रेनू वर्मा, प्रवीण सिंह, अनिल कुमार (स्थापना सहायक), रामचंद्र मौर्य सहित कई लोग शामिल हुए।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने निकाला ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या द्वारा जनपद की तहसीलों में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर समस्या समाधान करने की मांग किया गया।सदर तहसील के आचारी का सगरा से पावर स्टेशन दर्शन नगर तक भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर नायब तहसीलदार स्वप्निल वर्मा को महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन सौपा गया, सुबह से ही रह रह कर बरसात होने के बावजूद भी बड़े पैमाने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी द्वारा ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाला गया और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तानाशाही व नाजायज हस्तक्षेप का विरोध किया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित



करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने ष्टश्चञ्च व स्नञ्च का विरोध करते हुए कहां की यदि स्नञ्च लागू हो जाएगा तो भारत का दूध का किसान बर्बाद हो जाएगा, यदि जीएम सींडो का आयात होगा तो किसान पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। घनश्याम वर्मा ने ष्ट2 +50 के आधार पर सभी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य गारंटी कानून बनाने की मांग किया, और कहां की बिजली का निजीकरण देश व देश की जनता के लिए अच्छा नहीं है। घनश्याम वर्मा ने कहा कि किसान का ट्रैक्टर अन्य वाहनों की अपेक्षा बहुत कम चलता है खेतों की जुताई बुवाई करने के बाद खड़ा ही रहता है सरकार और एनजीटी द्वारा 10 साल के पुराने ट्रैक्टरों को चलन से बाहर करना बिल्कुल उचित नहीं है।

जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य,जिला उपाध्यक्ष भागीरथी वर्मा, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास वर्मा द्वारा जनपद अयोध्या सहित पूरे प्रदेश में यूरिया की किल्लत की समस्या उठाते हुए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने की मांग किया और कहा कि यदि सरकार किसानों का विकास चाहती है तो समय-समय पर समग्र ऋणमाफी योजना लागू करना चाहिए।ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में अभय राज ब्रह्मचारी, राम अवध किसान, विवेक पटेल, बजरंगी मौर्य,जितेंद्र कुमार, रामबचन भारती, रोहित वर्मा, सत्रोहन यादव, अरुण वर्मा, नरसिंह वर्मा, उर्मिला निषाद सहित कई दर्जन किसानों ने भाग लिया।रुदौली तहसील में शंकरपाल पांडे ,रवि शंकर पांडे ,भोला सिंह टाइगर ,रामू चंद विश्वकर्मा, संजय रावत, राजकुमार यादव, विजय कुमार यादव। मिल्कीपुर तहसील में राजेश मिश्रा, बाबूराम तिवारी, वेद प्रकाश पांडे, राजदेव यादव ,बीकापुर तहसील में संतोष वर्मा ,गब्बर गोस्वामी। सोहावल तहसील में सूर्यनाथ वर्मा, प्रेम शंकर वर्मा, डॉ0 क्र स सरोज, मंसाराम वर्मा, जगदंबा वर्मा आदि लोगों ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

## ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आत्मनिर्भर होने का परिचय दियाः रामबाबू द्विवेदी

**रामनगर बाराबंकी।** विधानसभा क्षेत्र रामनगर के अंतर्गत भाजपा मंडल महादेवा में आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी, रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी, नगर पंचायत रामनगर अध्यक्ष रामशरण पाठक ,भाजपा नेत्री अलका मिश्रा, की अगुआई में भाजपा कार्यालय निकट पुलिस चौकी से वंदे मातरम ,भारत माता की जय, जय हिंद के गगन भेदी नारों के साथ यात्रा महादेवा अंदर बाजार होते हुए लोधौरा चौराहा, एचपी पेट्रोल पंप से होकर के यात्रा निकालकर पुनः भाजपा कार्यालय पर समाप्त हुई। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत का गौरव देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी बढा है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आत्मनिर्भर होने का परिचय दिया है इस देश की आन बान और शान तिरंगा है ,जिसको बनाए रखने के लिए देश के 150 करोड लोग मर मिटने के लिए तत्पर हैं।

## नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर नशे से दूर रहने की दिलाई गई शपथ

**बाराबंकी।** नशामुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगाँठ पर बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान (बिरजू संस्थान) द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं ने तिरंगा रैली निकाली और देशभक्ति नारो के साथ नशामुक्ति संदेशों से ग्रामीणों को जागरूक किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने तिरंगा लहराकर तिरंगा रैली का शुभारंभ किया। बीईओ ने कहा कि छात्रों में राष्ट्रीय भावना जागृत रहे इसलिए यह तिरंगा रैली बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि छात्र नशे से दूर रहकर राष्ट्र भक्ति को आत्मसात करें। संकुल प्रभारी ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया। रैली ग्राम छंदवल, ककरहा की गलियों में जब पहुंची तो घरों से महिलाएं बच्चे निकलकर नारे लगाने लगे और छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। रैली के समापन पर गोष्ठी हुई। संस्थान के अध्यक्ष व स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने नशे के दुष्प्रभाव बताए और छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई। छात्रों को अपने अभिभावकों नशा धूम्रपान से दूर रहने के लिए प्रतिज्ञा पत्र पर हस्ताक्षर कर स्कूल में जमा करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगाँठ की बधाई दी और मंत्रालय द्वारा दिये गए निर्देशों को बताया।

## भाजपा चुनाव आयोग की मिली भगत से वोट चोरी कर रही हैः मोहम्मद मोहसिन

### आज कांग्रेस कार्यकर्ता का एक विशाल वोट चोर गद्दी छोड़ कैण्डल मार्च

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के आवाहन पर आज सांसद आवास पर, विपक्ष नेता सांसद राहुल गांधी ने जो 7 अगस्त को जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी वह प्रोजेक्टर के माध्यम से जनपद के कोने कोने से आये हुये कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजनमानस को दिखाया गया। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने कहा कि, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची में हेराफेरी को गम्भीरता से लिया है। राहुल गांधी ने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह स्पष्ट किया है कि जहां कर्नाटक की एक विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त साक्ष्यों के माध्यम से मतदाता सूची में भारी अनियमिततायें सामने आई हैं, उससे यह प्रतीत होता है कि, पैमाने और सटीकता से चुनावी धांधली चुनाव आयोग नाक के नीचे कर रही है। मो0 मोहसिन ने कहा कि, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में



बैंगलोर में एक विशाल विरोध रैली आयोजित की गई थी जिसमें कांग्रेस पार्टी ने यह स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग की मिली भगत से धांधली की जा रही है जो कि, स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनावों को कमजोर कर रही है जिससे देश में असंवैधानिक रूप से लोकतन्त्र की हत्या हो रही है। उन्होने कहा कि, इण्डिया गठबन्धन की पार्टियां इस मुद्दे को सदन के अन्दर और बाहर उठा रही है और इस खुलेआम हो रही वोट की चोरी का पर्दाफास कर रही है। 11 अगस्त को सभी इण्डिया गठबन्धन के सांसद चुनाव आयोग के पास इसका जवाब मांगने के लिये मार्च करते हुये जा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन सभी को हिरासत में ले लिया। लोकतन्त्र में आम जनमानस की आवाज उठाना व अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ना वर्तमान सरकार की हिटलरशाही के चलते रोका व दबाया जा रहा है। कांग्रेस जिला प्रवक्ता केसी श्रीवास्तव ने बताया कि, 14 अगस्त को एक विशाल वोट चोर गद्दी छोड़ कैण्डल मार्च शाम 8 बजे जनपद बाराबंकी के मुख्यालय पे होना सुनिश्चित हुआ है जिसमें सांसद, विधायक पूर्व सांसद, पीसीसी एवं डीसीसी पदाधिकारियों ब्लाक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष तथा सभी फ्रण्टल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। तथा 22 अगस्त से 7 सितम्बर तक विशाल वोट चोर गद्दी छोड़ राजधानी लखनऊ में एक विशाल जनसमूह के साथ जनपद बाराबंकी से कांग्रेसीगण अपनी तैय्यारियां शुरू कर दी है। 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान जो कि, 5 करोंड़ हस्ताक्षर एकत्रित करने के लिये घर-घर और सार्वजनिक जनसम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। इस मौके पर बाराबंकी प्रभारी दिनेश सिंह, युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ज्ञानेश शुक्ला, आदर्श पटेल, शिव बहादुर जिला पंचायत सदस्य, अजीत वर्मा, राम हरख रावत, आलोक वर्मा समस्त जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण समस्त फ्रण्टल विभाग वा प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं इत्यादि कांग्रेसजन मौजूद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आत्मनिर्भर होने का परिचय दियाः रामबाबू द्विवेदी

**किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई**

**फोटो 03**

**(अवधनामा संवाददाता)**

**रामनगर बाराबंकी।** विधानसभा क्षेत्र रामनगर के अंतर्गत भाजपा मंडल महादेवा में आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी, रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी, नगर पंचायत रामनगर अध्यक्ष रामशरण पाठक ,भाजपा नेत्री अलका मिश्रा, की अगुआई में भाजपा कार्यालय निकट पुलिस चौकी से वंदे मातरम ,भारत माता की जय, जय हिंद के गगन भेदी नारों के साथ यात्रा महादेवा अंदर बाजार होते हुए लोधौरा चौराहा, एचपी पेट्रोल पंप से होकर के यात्रा निकालकर पुनः भाजपा कार्यालय पर समाप्त हुई। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत का गौरव देश में ही नहीं अपितु विदेशों में भी बढा है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के आत्मनिर्भर होने का परिचय दिया है इस देश की आन बान और शान तिरंगा है ,जिसको बनाए रखने के लिए देश के 150 करोड लोग मर मिटने के लिए तत्पर हैं। इस अवसर पर मंडल प्रभारी शिव गोविंद अवस्थी, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष कमलेश अवस्थी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक शुक्ला ,पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपू अवस्थी ,वरिष्ठ भाजपा नेता महेश तिवारी, मंडल महामंत्री रंजीत कौशल, कुलदीप सिंह,श्रवन शुक्ला कमलेश पाण्डे, मोनू भास्कर, अजय गुप्ता मनोज मिश्रा, रामू मिश्रा, नागेंद्र सिंह, गिरीश शर्मा,रविंद्र नाथ त्रिपाठी, शीतला प्रसाद वाजपेई,पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तेज प्रताप सिंह ,अंकित सिंह ,मोनू सिंह ,विशाल सिंह ,दीपक अवस्थी अमित अवस्थी प्रदुमन बाजपेई, लालता तिवारी,संजीव वर्मा, प्रतिमा मिश्रा, किरन मिश्रा, पूजा सिंह, नीलम मिश्रा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरिक्षक

# कई किसानों ने तय सीमा से कई गुना अधिक खरीदी

### मानक से अधिक बिक्री करने वाले केंद्र भी जांच के घेरे में

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जिले में उर्वरक उपलब्धता व वितरण की समीक्षा बैठक में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। भारत सरकार के आईएफएमएस पोर्टल के मुताबिक, जून माह में 186 और जुलाई माह में 261 किसानों ने कई बार पॉश मशीन में अंगूठा लगाकर 1 एमटी (22 बोरी) से अधिक उर्वरक खरीदा।

इतना ही नहीं, जून में 32 और जुलाई में 43 किसानों ने 1.5 एमटी (33 बोरी) से अधिक उर्वरक की खरीद की है। प्रशासन ने इन सभी की सूची तैयार कर संबंधित तहसीलों से जांच शुरू करा दी है। जांच में यह देखा जाएगा कि खरीदी गई मात्रा के अनुपात में किसानों के पास कृषि जोत का रकबा है या नहीं, और क्या इसका मकसद अवैध भंडारण या बिक्री तो नहीं था। आवश्यकता से अधिक उर्वरक खरीदने वाले संदिग्ध किसानों को चिह्नित कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जिन बिक्री केंद्रों ने मानक से अधिक उर्वरक बेचा है, वे भी जांच के दायरे में हैं और दोषी पाए जाने पर उन पर भी कार्रवाई होगी।

# भव्य तिरंगा महोत्सव में लगे देशभक्ति का नारा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के बालाजी में बुधवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भव्य



तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विगत कई वर्षों से देश और देश की आजादी के अमर सपूतो को नमन करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया। इसका मूल उद्देश्य है कि हम समझें कि देश हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है। इसका सम्मान करना हम सबका दायित्व है। इस तिरंगा महोत्सव को भी इसी ध्येय से आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में सभी हितधारकों ने महोत्सव में प्रतिभाग किया, इसके लिए सबको धन्यवाद देता हूं। आगे कहा कि इस महोत्सव में देश के अमर सपूतों और तिरंगा पर आधारित तिरंगा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महाराजगंज/आनंदनगर, राजकीय हाई स्कूल सेमरा चन्द्रौली, दिग्विजयनाथ बालिका इंटर कॉलेज, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सहित माध्यमिक और बेसिक के छात्राओं छात्राओं ने अपनी देश भक्ति से ओतप्रोत प्रदर्शन से सभी की तालियां बटोरी। इसी प्रकार लोक गायक दिग्विजय मौर्या और गायक कुमार सुजीत ने भी अपनी प्रस्तुतियों से शमा बांध दिया। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज तिरंगा महोत्सव का आयोजन बालाजी लॉन में किया गया। महोत्सव में रक्तदान शिविर, तिरंगा गैलरी, विभिन्न विभागों के स्टॉल और तिरंगा सेल्फी प्वाइंट का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली का मुख्य आकर्षण करीब 08 विद्यालयों द्वारा लगभग 500 मीटर तिरंगा झंडे के साथ पैदल मार्च रहा। इस दौरान मुख्य मार्ग तिरंगामय हो गया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जयसवाल द्वारा किया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली रैली




*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा रैली निकाल कर जन जन को जागरूक किया गया। उक्त रैली में जनता की बड़ी भागीदारी देखने को मिला। चाहे धानी मंडल की रैली हो या बृजमनगंज की रैली व भारी बारिश के बावजूद कोल्हुई मंडल की रैली हर जगह जन सैलाब दिखाई पड़ रहा था। रैली का आयोजन पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह के नेतृत्व में किया गया जो भाजपा कार्यालय से चल कर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। रैली में पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने जनता को जागरूक करते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना से ओत-प्रोत होकर हर घर तिरंगा अभियान में सम्मिलित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहले केवल सरकारी भवन पर पन्द्रह अगस्त के दिन झण्डा रोहण होता था लेकिन भाजपा सरकार ने कानून में संशोधन कर हर देश वासी को अपने घर पर झण्डा फहराने का अधिकार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अब जन जन को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। रैली में पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह के साथ पूर्व विधायक शिवेंद्र चौधरी, पूर्व जिला ध्यक्ष अरुण शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष मधुर सिंह, नगरपंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, राहुल सिंह, मंडल महामंत्री ओम प्रकाश त्रिपाठी, रमेश सिंह, दिनेश रौनियार,विपिन त्रिपाठी,चंदू सिंह ,सोनू मद्धेशिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# सहायता प्राप्त मदरसा शिक्षकों से हो रही अवैध वसूली को लेकर गांधी भवन में हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शहर स्थित गांधी भवन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व कर्मचारी शिक्षक महासंघ के समर्थन से आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया बाराबंकी यूनिट की बैठक में मदरसा शिक्षको ने नए सिरे से शुरू हुए जांच के नाम पर भ्रस्टाचार उत्पीड़न का अपना दर्द बयान किया कहा विभाग में व्याप मनमानी अब चरम पर है। भाजपा सरकार का खौफ दिखा कर डराया जा रहा है। वक्ताओं ने बताया कि समय स्व वेतन न मिलना जी.पी.एफ.वार्षिक वेतन वृद्धि के मसलो पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने कासिम अंसारी ने शिक्षकों कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कहा जायज़ मांगो और बेजा उत्पीड़न और डरा कर वसूली के खिलाफ हम सब को एक होने सही वक्त है। हिदायत देते हुए कहा हमेशा की तरह वक्त से स्कूल पहुच कर ईमानदारी से बच्चो को शिक्षित करो। सरकार का



खौफ दिखा कर परेशान करने वाले अधिकारी कभी कामयाब नही होंगे। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष व कर्मचारी शिक्षक महासंघ बाराबंकी के संरक्षक मंडल के सदस्य आर.पी.सिंह विशेन ने मुख्य अतिथि के रूप प्रतिभाग करते हुए कहा कि मदरसा शिक्षक साथी के साथ अन्याय को किसी हैं में स्वीकार नही किया जा सकता।परिषद व महासंघ आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन यह सब मिलकर लड़ने का वादा किया। शिक्षकों से कहा कि एकता ही उसकी जीत का प्रतिबिंब है। इसलिए हम सब को कर्मचारियों के सम्मान और उनकी समस्याओं के निदान के लिए एकजुट रहना नितांत आवश्यक है। दूसरी ओर महासंघ के संरक्षक मंडल के सदस्य एवं सहायक वन कर्मचारी संघ के मंत्री अवनीश द्विवेदी ने अपने संबोधन में उपस्थित करचरियो को आश्वासन दिया कि कर्मचारी सम्मान और समस्याओं के निदान के हर संघर्ष में हम सदैव आपके साथ हैं उन्होंने भी संगठन की महत्ता पर बल दिया। वही विकास भवन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मुस्तफा खान ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सबकी ज़िम्मेदारी है कि आपस मे समन्वय बनाकर कर्मचारी हितों और उनके सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहते हुए उनकी समस्याओं के निदान के लिए संघर्षरत रहेंगे।

# खाद की किल्लत को लेकर सपा नेता ने ज्वाइंट डायरेक्टर को दिया ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपद में किसानों को यूरिया, डीएपी, पोटाश आदि खादों की किल्लत एवं कालाबाजारी को लेकर बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेता कमाल अहमद खान ने कृषि विभाग के ज्वाइन डायरेक्टर आशुतोष कुमार मिश्रा को मिलकर ज्ञापन दिया।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि सिद्धार्थ नगर जनपद पिछड़े जनपद की श्रेणी में आता है। यहां किसानों को समय से एवं उचित रेट पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसके कारण किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही समय से खाद न मिलने के कारण फसलों का नष्ट होना तय है।

जनपद की सीमा नेपाल बार्डर से सटे होने के कारण यहां खाद की तस्करी भी खुलेआम हो रही है। जहां किसानों को समय से खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, वहीं तस्कर खाद को बॉर्डर पार करके मालामाल हो रहे हैं। इससे किसानों को समय से खाद की पूर्ति नहीं हो पा रही है। यह किसानों के लिए बड़ी संकट का कारण बना हुआ है। अतः आपसे गुजारिश है कि जनपद में खाद की भीषण समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी को निर्देशित करें कि किसानों को समय से एवं उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराए। ताकि किसानों को अपनी फसलों में डालने के लिए समय से खाद उपलब्ध हो सके । जिससे किसानों को इसका लाभ मिले।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई आंगनबाड़ी केन्द्रों के चिन्हांकन के सम्बध में बैठक

**सम्भव अभियान अंतर्गत चिन्हित किये जायेंगे सौ सर्वाधिक स्टंटिग बच्चों वाले सौ आंगनबाड़ी केन्द्र**

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सम्भव अभियान 5.0 के अन्तर्गत 100 सर्वाधिक स्टंटिग बच्चों वाले 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों के चिन्हांकन के सम्बध में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्देश दिया सीडीपीओ बच्चों की सूची व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से नोडल अधिकारी को उपलब्ध करा दे। सभी नोडल अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों का विन्दुवार निरीक्षण करे। नोडल



अधिकारी के साथ सीडीपीओ अथवा सुपरवाइजर अवश्य जायें। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सैम/मैम रजिस्टर से अभिभावको से वार्ता कर बीएचएनडी दिवस में बच्चों को लाकर उनका वजन, नाप करायेगे तथा उन्हें आवश्यक दवाये दी जायेगी। नोडल अधिकारी निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराये। एएनसी पंजीकरण/चेकअप 75 प्रतिशत होना चाहिए। धात्री महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण करायेगे। बच्चों की संख्या का आंगनबाड़ी केन्द्र से मिलान कराये। सैम/मैम बच्चों का डाटा पोषण ट्रैकर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा फीड कराया जाये तथा गर्भवती महिलाओं का फीडिंग ई कवच पोर्टल पर करायें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, समस्त नोडल अधिकारी, समस्त सीडीपीओ, एमओआईसी, खण्ड विकास अधिकारी, अधि0 अधि0 नगर पालिका/नगर पंचायत व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने लापरवाह अधिकारियों का वेतन रोकने के दिये निर्देश

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित राजस्व से संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करने एवं उनकी रैंकिंग में सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित कार्यों की रैंकिंग शासन स्तर पर सीधे निगरानी में रहती है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें और विभागीय कार्यों की सतत निगरानी करते हुए आवश्यक फीडिंग पोर्टल पर अपलोड करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त लंबित एवं डिफॉल्टर श्रेणी में चिन्हित शिकायतों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

# भजनों और नृत्य-नाटिका से जीवंत हुआ जन्मोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, तेतरी बाजार के बालिका परिसर में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

साधना अग्रहरि एवं सहेलियों ने उड़त गुलाल, वजत करताल, प्रकट भए देखो नंदलाल गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सुप्रिया एवं सहेलियों ने ÷नटखट कान्हा आये द्वार, लेकर अपनी बांसुरी÷ गीत प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया।

यशोदा के लाल, बंसी वाले, मोहन मुरारी, माखन चुराए, मुरली बजाए÷ और आज ब्रज में बाजे बधैया, नंद के घर जन्मे कन्हैया जैसे पारंपरिक भजनों ने माहौल को भक्ति-रस से भर दिया। कृष्ण का अवतरण हो चुका है, कारागार के अंधकार में गीत पर आधारित नृत्य-नाटिका ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊँचाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती उमा सिंह समेत सभी आचार्य-आचार्या, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों की उपस्थिति ने इसे विशेष बना दिया। पूरा विद्यालय परिसर कृष्णमय हो उठा।

# दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ आयोजित हुई बैठक

**पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ एक बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें योजनाओं से संबंधित तमाम जानकारी दिव्यांग बच्चों व अभिभावकों को दी गई।

दिव्यांग छात्र छात्राओं के अभिभावकों के साथ परामर्श एक पल अभियान के इस बैठक में विशेष शिक्षकों ने सरकारी योजनाओं के संबंध में बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। इस मौके पर विशेष शिक्षक गणेश गौड़ ने बताया कि दिव्यांग पेंशन, रोजगार से संबंधित प्रशिक्षण, शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना आदि के विषय में यह बैठक आयोजित की गई है। सभी विशेष शिक्षक प्रत्येक दिव्यांग बच्चों पर कार्य कर रहे हैं। जिससे उनका सीधा लाभ मिल सके। 18 वर्ष से ऊपर के दिव्यांग युवाओं को जोड़कर एक समूह का गठन किया जाना है प्रत्येक समूह में पांच दिव्यांग युवा शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि स्वरोजगार से संबंधित जानकारी देकर दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाना है।



### 19 अगस्त को आयोजित होगा दिव्यांगता चिकित्सा कैंप

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आगामी 19 अगस्त को ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में दिव्यांगता चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें दिव्यांग बच्चों की जांच कर प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विशेष शिक्षक गणेश गौड़ ने बताया कि कैंप का आयोजन परिसर में दिन में 10 बजे आयोजित होगा। दिव्यांग बच्चों के अभिभावक कैंप से पूर्व आधार कार्ड व फ़ोटो के साथ संपर्क करें।

## पुलिस द्वारा अवैध रूप से बन्दी बनाने के वांछित को किया गया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता गोंडा।** थाना को0 देहात पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-252/25, धारा 191(2),127(2),308(5),351(3),115(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रजत सिंह पुत्र मनहरण सिंह नि0 विशुनपुर बैरिया थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को अन्दूपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

दिनांक 03.06.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 02.06.2025 को अभियुक्तगण 1. शिवकुमार चौबे 2. खुशीराम वर्मा व 3. नीरज सिंह उर्फ नील ठाकुर द्वारा पैसों के लेनदेन को लेकर मुकेश पुत्र लोद्धर नि0 ग्राम टिकरिया थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को जनपद वाराणसी से अपहरण कर गोण्डा लाकर एक होटल में बंधक बनाकर मारा पीटा गया और 07 लाख फिरौती की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा का पंचायत भवन

**ग्रामीणों के लिए पंचायत भवन सेमरा मुस्तहकम में नही है ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा**





> मामले की जानकारी नहीं थी जल्द पंचायत भवन का निरीक्षण करवा कर उसको संचालित करवाया जाएगा।
>
> **अमित सिंह, बीडीओ, खेसरहा**

> मामले की जानकारी नहीं थी जल्द ही अधिकारियों से जांच करवाया जाएगा। यदि उसमें संबंधित कर्मचारी उपस्थित नहीं रहते हैं, या उसमें मौजूद उपकरण नहीं है, तो कार्यवाही होगी।
>
> **बलराम सिंह, सीडीओ, सिद्धार्थनगर**

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के लाभ के साथ गांव के विकास की योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से सीधे एक छत के नीचे संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से सरकार गांवो में पंचायत भवन का निर्माण करवा रही है। वहीं ग्रामीणों को वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन आदि कागजातों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। जब कि सरकार की तरफ से पंचायत भवन में कंप्यूटर मॉनिटर लगाया गया है, ताकि लोगों को किसी प्रकार का ऑनलाइन आवेदन करना हो तो बाहर न जाना पड़े।

लेकिन खेसरहा क्षेत्र के सेमरा मुस्तहकम गांव में लाखों रुपया खर्च करने के बावजूद भी पंचायत भवन का कार्य अधूरा पड़ा है। पंचायत भवन निर्माण के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान हो गया है। लेकिन जिस मद के लिए पैसे निकाले गए है। वह कार्य भी धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। पंचायत भवन में विद्युतीकरण, फर्नीचर, बाउंड्रीवॉल एवं कंप्यूटर आदि के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान हो गया है। लेकिन न तो पंचायत भवन में विद्युतीकरण का काम दिख रहा है। न तो कंप्यूटर , फर्नीचर आदि मौजूद नजर आ रहे हैं।

सेमरा मुस्तहकम की आबादी लगभग दो हजार के करीब है। गांव में हर साल चार पांच बेटियों की शादी पड़ती है । बेटियों की शादी में आए हुए बारातियों को ठहरने के लिए काफी परेशानी होती है । सर्व शिक्षा अभियान के चलते स्कूलों की चाभी मिलने में काफी दिक्कत होती है। जिसमे सचिवालय या पंचातय भवन ही बारातियों के ठहरने का एक मात्र विकल्प दिखता है। मगर अधूरे पंचायत भवन ग्रामीणों के सपनों पर पानी फेर रहा है। सरकार की मंशा थी गांव में ग्रामीणों को किसी अभिलेष के लिए गांव से दूर ब्लॉकों के चक्कर न लगाने पड़े। अगर किसी को अभिलेष की जरूरत पड़े तो वह पंचायत भवन में बैठे अधिकारियों से प्राप्त कर सकता है। मगर अधूरा पंचायत भवन सरकार की मंशा के उल्टा साबित हो रहा है।

खेसरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा मुस्तहकम में पंचायत भवन बनें लगभग तीन वर्ष से अधिक हो गया। लेकिन पंचायत भवन अभी तक पूर्ण रुप से व्यवस्थित नहीं हो सका। यही कारण है कि ग्रामीणो को पंचायत भवन से कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने कारण ग्रामीणों को पंचायत भवन से कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। अलबत्ता पंचायत भवन के नाम पर निकले धन से जिम्मेदार मलाई काट रहे हैं। लेकिन जिम्मेदार इससे बेपरवाह है । पंचायत भवन में अभी तक बिजली की व्यवस्था नहीं है। भवन के चारों तरफ से कनेक्शन नहीं दिखाई दे रहा है। जबकि बिजली बिल के नाम पर ग्राम सभा से पैसा निकासी किया जाता है। जब कि वर्तमान में पंचायत भवन में कंप्यूटर एवं फर्नीचर मौजूद नहीं है। वहीं उच्च अधिकारियों के कई बार निर्देश के बावजूद भी अभी तक पंचायत भवन की बाउंड्रीवॉल का काम नहीं पूरा हुआ है।

# बाबा बरूआदास कालेज से हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रव्यापी ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान के अंतर्गत, बाबा बरुआ दास पीजी कॉलेज, परुइया आश्रम, अंबेडकर नगर में मंगलवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनमानस में राष्ट्रीय भावना का संचार करना, राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को प्रगाढ़ करना और स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों के त्याग एवं बलिदान को स्मरण करना था।

कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर परेश कुमार पाण्डेय और उप-प्राचार्य प्रोफेसर पवन कुमार गुप्त ने राष्ट्रध्वज को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. कुलदीप सिंह और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

इस यात्रा में महाविद्यालय के



समस्त छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सभी प्राध्यापक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए सभी प्रतिभागी भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ कॉलेज परिसर से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी तिरंगा लहराकर और देशभक्ति के नारे लगाकर यात्रा का भव्य स्वागत किया। संपूर्ण वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया।

प्राचार्य प्रोफेसर परेश कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा, यह तिरंगा यात्रा केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता का सशक्त संदेश है। यह हमें उन लाखों वीरों की याद दिलाती है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

उप-प्राचार्य प्रोफेसर पवन कुमार गुप्त ने कहा, तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम अपने गौरवशाली इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। हमारा यह प्रयास हर घर में तिरंगे के माध्यम से राष्ट्र के प्रति सम्मान और प्रेम को स्थापित करेगा। सुधीर कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से सभी नागरिकों से यह अपील की गई कि वे 13 से 15 अगस्त के बीच अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रीय पर्व को सफल बनाएं। यह तिरंगा यात्रा न केवल देशप्रेम की भावना को सुदृढ़ करती है, बल्कि यह भावी पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ती है।

# कस्बे की दोनों अंजुमनों ने निकाला चेहलुम की आठवीं का मातमी जुलूस

**दो घंटे तक नौहा-मातम का सिलसिला चलता रहा**

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार को कस्बा हल्लौर में चेहलुम की आठवीं पर कस्बे की दोनों अंजुमनों ने अलम के साथ मातमी जुलूस निकला। जिसमें नंगे पैर बड़ी तादात में अकीदतमंदों ने शिरकत की। हाथों में मौला अब्बास का अलम और जुबान पर हज़रत अब्बास अलमदार से मंसूब नौहा, जिसे सुनकर हर अजादार की आंखें छलक पड़ी।

अरबी महीने की 18 सफर पर सुबह करीब दस बजे कस्बे की दो कदीमी अंजुमनों में क्रमश॒ अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 व अंजुमन फरोग मातम रजि0 के बैनर तले अलम के साथ मातमी जुलूस दरगाह हजरत अब्बास से बरामद हुआ। करबला के शहीदों व हजरत अब्बास से मंसूब नौहा पढ़ते लोग पूरे दिन कस्बे के



विभिन्न रास्तो से गुजरते मातम करते रहे। जुलूस कस्बे के सभी प्रमुख मार्गो से होता हुआ अपराह्न चार बजे मुख्य मार्ग यानी डुमरियागंज-बस्ती मार्ग पर पहुंचा। आगे-आगे छोटे-बड़े हुसैनी शैदाईयों के हाथों में हजरत अब्बास का अलम और पीछे सड़क पर दो लाइनों में मातम करते मातमदार। नौहा खां हजरत अब्बास से मंसूब नौहे पढ़ रहे थे तो मातमदार मातम कर रहे थे। करीब दो घंटे तक यहां नौहा-मातम का सिलसिला चलता रहा। इसके बाद जुलूस वापस कस्बे में गया जहां अन्य हिस्से में नौहा-मातम करता हुआ शाम को हज़रत अब्बास की दरगाह में पहुंचा। जहाँ कदीमी मजलिस बरपा हुई। जिसको पढ़ते हुए जाकिरे अहलेबैत शजर हैदर जैगम ने हजरत अब्बास के फजायल व मसायब अपने मखसूस अंदाज में बयान किये। बुधवार को शिया मुसलमानों द्वारा मनाये जाने वाला चेहलुम की आठवीं पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रशासन मुस्तैद दिखाई दिया।

## राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित होंगे डॉ सुरेशलाल श्रीवास्तव



**आलापुर अम्बेडकरनगर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नई दिल्ली के एन डी एम सी कन्वेंशन सेन्टर में वाईएसएस फाउंडेशन द्वारा आयोजित हो रहे सम्मान समारोह में राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया जायेगा।वाई एस एस फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं निदेशक कमल चौधरी और रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर, कम्युनिटी लीडर सी के सक्सेना की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव को यह पुरस्कार उनके शिक्षा एवं साहित्य सेवा तथा स्तम्भकारिता सन्दर्भ में प्रदान किया जा रहा है।ध्यातव्य हो कि अभी हाल में भोपाल में आयोजित हुए नव उदय पब्लिकेशन के सम्मान समारोह में इन्हें साहित्य सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने के अर्थ में कवि श्री माखन लाल चतुर्वेदी नव उदय सम्मान 2025से नवाज़ा गया।श्रीवास्तव की इन उपलब्धियों पर शिक्षा एवं साहित्य से जुड़े बहुत से लोगों ने बधाईयां दी हैं।

## मोटर दुर्घटना क्लेम पेटिशनो का हो अधिक से अधिक निस्तारण : अरविन्द राय



**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार बुधवार को अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान अरविन्द राय (पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ) द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशनों को निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया और बीमा कम्पनी एवं मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों से सम्बन्धित अधिवक्तागणों से अधिक से अधिक पत्रावलियों को निस्तारित कराए जाने का प्रयास करने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र नाथ, असगर अली, सम्पूर्णानन्द बक्शी, मिथलेश कुमार मिश्र,राम प्रकाश धर द्विवेदी, शैलेष कुमार व अन्य विद्वान अधिवक्तागण के साथ-साथ कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कर्मचारीगण एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## इस वर्ष भी जन्माष्टमी पर्व पर 16 अगस्त को मुबारकपुर में होगा कार्यक्रम

**टांडा अम्बेडकरनगर।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी आगामी 16 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व नगर के मोहल्ला मुबारकपुर स्थित पंडित हरिश्चंद्र मिश्र के आवास पर विधि विधान द्वारा रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन कर मनाया जायेगा जिस कार्यक्रम के सम्बन्ध में श्री मिश्र ने बताया की यह एक ऐसा पर्व है जो लगातार 1955 से मनाया जाता है जिस पर्व का इस बार सत्तर वर्ष पूरा हो जाएगा इस अवसर पर आस पास के श्रद्धालुओं सहित मोहल्ला वी नगर क्षेत्र के लोग भी आकर भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिवस पर प्रसाद भी ग्रहण करते है।

# वोट चोरी मामले पर चुनाव आयोग माफ़ी मांगे : डॉ विजय शंकर

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** लोकसभा में नेता विपक्ष जननायक राहुल गांधी जी के साथ चुनाव आयोग से मिलने जा रहे इंडिया गठबंधन के सांसदों की मोदी सरकार द्वारा गिरफ्तारी बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है जिसकी जितनी भी निंदा की जाय कम है। पीसीसी सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार का यह कदम संविधान, जनतंत्र और लोकतंत्र के लिए घातक कदम है। चाहे सांसदों का चुनाव आयोग मार्च हो या किसानों का दिल्ली चलो आंदोलन मोदी सरकार का लोकतंत्र विरोधी दमनकारी चेहरा सामने आया है।

पीसीसी सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि आज लोकसभा में नेता विपक्ष श्री राहुल गांधी जी के साथ इंडिया गठबंधन के कद्दावर साथी उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी, कांग्रेस सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी जी,सपा सांसद श्रीमती डिम्पल यादव जी, टीएमसी सांसद सयानी घोष,आप सांसद संजय सिंह जी, सांसद श्री संजय राऊत जी सहित तीन सौ सांसद संसद भवन से चुनाव आयोग जा रहे थे जिनको चुनाव आयोग तक पहुंचने से पहले ही मोदी सरकार की पुलिस ने हिरासत में ले लिया और गिरफ्तार कर संसद मार्ग थाने पर ले गयी इस दौरान एक सांसद मिताली घोष बेहोश हो गई जिनको राहुल गांधी जी, प्रियंका गांधी जी और सयानी घोष ने कार से अस्पताल भिजवाया।

उप्र कांग्रेस सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि गत 7 अगस्त को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत इलेक्शन कमीशन द्वारा उपलब्ध कराई गई वोटर लिस्ट का ही गहन परीक्षण करने के उपरांत जो चौंकाने वाला सच सामने आया उसी का खुलासा जननायक श्री राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय इन्दिरा भवन में बहुत ही जबरदस्त तरीके से एक एक तथ्य सामने रखते हुए चुनाव आयोग और भाजपा की वोट चोरी की मिलीभगत को 146 करोड़



देशवासियों के सामने रखा जिससे संविधान विरोधियों की कलई जनता के सामने खुल गई है।

डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि श्री राहुल गांधी जी ने फर्जी वोटर,फर्जी पता,फर्जी फोटो,फार्म नं छः के दुरुपयोग,एक ही व्यक्ति द्वारा बहुत बार वोट डालने जैसे पांच तरीके चिन्हित कर भाजपा और चुनाव आयोग की वोट चोरी को सामने रखा जिसको देश की मीडिया ने भी बहुत गंभीर रूप से लेते हुए फैक्ट चेक किया और सही पाया।

पीसीसी सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि कागज भी तुम्हारा है कारनामा भी तुम्हारा है फिर हलफनामा श्री राहुल गांधी जी क्यों दें वोटरलिस्ट तो चुनाव आयोग ने दी थी डिजिटल इंडिया के दौर में चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक डाटा देने से इंकार कर दिया कुछ तो नहीं सबकुछ गड़बड़झाला है।

डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कि आज सदन में कांग्रेस के क्रांतिकारी लोकप्रिय और यशस्वी अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी मणिपुर पर बोलने खड़े हुए तो भाजपा अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी ने कहा नथिंग विल गो आन रिकॉर्ड यह सीधे तौर पर संसदीय, संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बुलडोजर चलाना है और इसी बात को लेकर ही उपराष्ट्रपति गहरे सदमे में चले गए और इस्तीफा दे दिया आज कल वह कैसे हैं कहां हैं किसी को भी पता नहीं है यह देश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। पीसीसी सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने कहा कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, महासचिव और उप्र प्रभारी श्री अविनाश पांडे जी तथा उप्र कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय जी की अगुवाई में कांग्रेस हर जिले हर ब्लाक में प्रोजेक्टर लगाकर आम जनता को भाजपा और चुनाव आयोग द्वारा की जा रही जनमत चोरी की असलियत बतायेगी.वोट चोरी के दम पर बनी सरकार कभी भी जनता की हितैषी नहीं हो सकती है यह पूरे देश ने किसान आंदोलन, अनियोजित लॉक-डाउन, नोटबंदी और विध्वंसकारी जीएसटी में देख लिया है।

उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी, पीसीसी सदस्य डा नंदलाल चौधरी,राजपति सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम जन्म दूबे,जय प्रकाश तिवारी, चिंताहरण पांडेय, रजनीश पांडेय , महेंद्र सिंह, आशुतोष मिश्रा ने राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चुनाव आयोग जा रहे इंडिया गठबंधन के सांसदों की मोदी सरकार द्वारा गिरफ्तारी की घोर निन्दा की है।

## बीआरजेएम हॉस्पिटल हल्लौर ने लगाया फ्री मेडिकल कैम्प





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज।** चेहलुम के मौके पर क़स्बा हल्लौर में शोहदा ए कर्बला की याद में बीआरजेएम हॉस्पिटल हल्लौर की जानिब से फ्री मेडिकल कैम्प में डा0 एस कुमार, डा0 एस अंसारी, महिला डा0 टी श्रीवास्तव तथा कोमल तिवारी, रूखसार,मीतू, भरद्वाज आदि मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

इस दौरान लगभग 60 मरीजों को परामर्श के साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

## जवाबदेही चुनाव आयोग की

जवाबदेही चुनाव आयोग की है। यदि 'वोट चोरी' के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं और उस मुद्दे पर करीब 300 सांसद सड़क पर हैं, तो यह कोई सामान्य परिस्थिति नहीं है। चुनाव आयोग कन्नी नहीं काट सकता और न ही विपक्षी नेता के हलफनामे का इंतजार कर सकता। संविधान ने निष्पक्ष और तटस्थ निर्वाचन का दायित्व चुनाव आयोग को सौंपा है, लिहाजा सम्यकु जवाबदेही भी उसी की है। आयोग को 'वोट चोरी' पर खुद स्पष्टीकरण देना चाहिए। औसत नागरिक न्यायपालिका, संसद और चुनाव आयोग के प्रति श्रद्धा और सम्मान के भाव रखता है। वे भाव खंडित नहीं होने चाहिए। हालांकि आयोग ने शनिवार को सर्वोच्च अदालत में हलफनामा देकर आश्वस्त किया है कि जो 65 लाख सवालिया मतदाता बिहार की मतदाता-सूची से बाहर किए गए हैं, उनके पक्ष सुने जा सकते हैं। अभी तक सूची में दर्ज योग्य और पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे, तो उन्हें बाकायदा नोटिस जारी किए जाएंगे, उनके स्पष्टीकरण सुने जाएंगे, तब आयोग निर्णय लेगा कि वे पात्र मतदाता हैं अथवा नहीं। बिहार के संदर्भ में यह प्रक्रिया एक सितंबर तक जारी रहेगी। सर्वोच्च अदालत में मंगलवार और बुधवार को इस मामले पर सुनवाई तय की गई थी। उसके बाद ही कोई फैसला सामने आएगा, लेकिन चुनाव आयोग की फजीहत नहीं होनी चाहिए। जिस तरह के विशेषण, रूपक और उपमाएं आयोग के लिए मीडिया में इस्तेमाल की जा रही हैं, वे अशोभनीय और अमर्यादित हैं। यह अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। चुनाव आयोग पर 'भाजपाई' होने के जो आरोप चस्पां किए जा रहे हैं, आयोग उन पर न तो खामोश रहे और न ही आरोपों का खंडन करे। उसे आरोपित मामलों में कार्रवाई करनी चाहिए और देश के सामने सार्वजनिक करना चाहिए कि 'वोट चोरी' के आरोप कितने तथ्यात्मक हैं और कितने पूर्वाग्रही हैं? विपक्ष ने आरोप लगाए हैं कि एक ही पते पर 80,100 या उससे अधिक मतदाता बनाए गए हैं। ऐसी खबरें देश के कई राज्यों से आ रही हैं। आयोग को स्पष्टीकरण देना चाहिए, लेकिन इसकी सामाजिक और कामकाजी पृष्ठभूमि भी जाननी चाहिए। वैसे हम बता दें कि देश में 45 करोड़ से अधिक लोग प्रवासी हैं। उन्हें पुराने घर का पता छोड़ कर नए ठिकाने का पता जोडना पड़ता है।

यह प्रक्रिया असंगठित क्षेत्र के कामगारों और मजदूरों के लिए बहुत कठिन है। मतदाताओं के नाम कटने और जोडने की गतिविधियां और समीक्षाएं होती रही हैं। भारत में 95 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। महानगरों में 30 लाख से अधिक लोग ऐसे हैं, जिनके पास एक निश्चित पता नहीं है। वोटर आई कार्ड पाने के लिए वे उस व्यक्ति पर निर्भर रहते हैं, जो उन्हें 'घर का पता' इस्तेमाल करने की अनुमति देता है। देश में निर्माण-स्थल पर काम करने वाले करीब 1 करोड़ मजदूर उसी स्थल पर रहते हैं अथवा आसपास रहते हैं या ठेकेदार के किसी पते पर रहने को विवश हैं। क्या उन्हें मताधिकार प्राप्त नहीं है? ऐसे लोगों का स्थायी या पुश्तैनी पता कैसे हो सकता है? हमारा दावा यह नहीं है कि एक ही पते पर कई मतदाताओं के कार्ड बनाने की प्रक्रिया में धांधलेबाजी नहीं है। राजनीतिक दल अपना वोट बैंक पुख्ता करने के लिए ऐसा करते रहे हैं, लेकिन समग्रता में यह मामला बेहद संवेदनशील है। चुनाव आयोग को भी समझना चाहिए। हमारा मानना है कि इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। फर्जी वोट या मतदान के दिन बूथ छापने या लूटने की घटनाएं होती रही हैं। बहरहाल अब मतदान ईवीएम से होता है। कई विपक्षी दलों को उस पर भी आपत्ति है। मौजूदा हालात में 'वोट चोरी' नहीं होनी चाहिए और इस पर जवाबदेही आयोग की है। गौरतलब यह है कि जिनका मताधिकार छीन लिया जाएगा, उनके लिए लोकतंत्र के मायने 'शून्य' हैं। सदनों में उनके जन-प्रतिनिधि नहीं होंगे, तो यह कैसा लोकतंत्र होगा! मतदाता-सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करना चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार है। आयोग की छवि पर कोई कलंक न आए, लिहाजा चुनाव आयोग को जवाबदेही देनी है। पहले भी ऐसा होता रहा है, जब भाजपा विपक्ष में थी। तब सत्ता में होने के बावजूद कांग्रेस पराजित हुई है और विपक्षी गठबंधन जीते हैं। अब भी आयोग की छवि पर कलंक न आए, लिहाजा आयोग को जवाबदेही देनी है।

## बदलता परिदृश्य और जनजातीय समाज



डॉ रामेश्वर मिश्र

आज समाज और राष्ट्र का स्वरूप बदलता जा रहा है जिसमें तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था और समाज का पूर्ण विकास हो रहा है। हर नागरिक अपने आप को आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा और सरकार देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कार्य कर रही है। उद्यमिता और रोजगार के लिए कौशल की गुणवत्ता को बढ़ाने के प्रधानमंत्री स्किल विकास योजना का कार्यान्वयन किया गया। ऐसे समय में हमारा ध्यान राष्ट्र रूपी माला की कड़ी कहे जाने वाले जनजातीय समाज की ओर जाता है। आज पूरा वैश्विक समाज विश्व आदिवासी दिवस मना रहा है, ऐसे समय में हम अपने जनजातीय समाज के लिए कितने प्रेरक और प्रयासरत हैं तथा कैसे जनजातीय संरचनात्मक ढांचे को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। जनजातियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में कई प्रमुख समस्याएं हैं, जनजातीय विकास एवं उनके विस्थापन के फलस्वरूप जनजातियों की युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से दूर होती जा रही है परिणामस्वरूप जनजातीय समाज के मध्य अपनी पहचान का संकट उत्पन्न हो रहा है। महाराष्ट्र की वारली जनजाति द्वारा जटिल भित्ति चित्रकलाओं में निहित सांस्कृतिक विरासत को जनजातीय युवाओं द्वारा अनदेखी की जा रही जो एक नयी गंभीर सांस्कृतिक चिंता का विषय है। इसी प्रकार जनजातीय वाद्य कलाओं, लोकल संगीत परंपरा, पारंपरिक चित्र विन्यास, आयुर्वेदिक ज्ञान प्रणाली के ज्ञान को संरक्षित करना एक महत्वपूर्ण समस्या के रूप में देखा जा सकता है। जनजातीय समाज से जुड़े तथ्यों का अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि भारत में कुल जनसंख्या में जनजातीय जनसंख्या की हिस्सेदारी 9 प्रतिशत है, सन् 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली जनजातियों की जनसंख्या 11.3 फीसदी तथा 2.8 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या शहरों में निवास करती है। जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और बदलते समाज और राष्ट्र का हिस्सा बनाने में शिक्षा एवं भाषा की समस्या को भी प्रमुखता से देखा जा सकता है। सन् 1961 की जनगणना के अनुसार जनजातीय साक्षरता दर 8.5 प्रतिशत थी जिसमें पुरुष साक्षरता दर 13 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता दर 3 प्रतिशत थी, इसी प्रकार से जब हम सन 2011 की जनगणना पर प्रकाश डालते हैं तो जनजाति साक्षरता दर 63.1 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, जिसमें पुरुष साक्षरता दर कुल जनजातीय जनसंख्या का 71 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता दर का 54 प्रतिशत थी। जनजाति क्षेत्रों में विकास एवं शिक्षा के विस्तार के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना 1997- 1998 में प्रारंभ की गई थी, इस समय देश में कुल एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों की स्वीकृति संख्या 722 है जिसमें से कार्यरत स्कूलों की संख्या 479 है। इन एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में कुल 138336 छात्रों को शिक्षा दी जा रही है जिसमें से पुरुष छात्रों की संख्या 68199 तथा महिला छात्रों की संख्या 70137 है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से जनजातीय युवाओं को साक्षर बनाकर मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। सरकार आज अति पिछड़े जनजाति समाज को चिन्हित कर रही है, देश के 17 राज्यों और एक संघ राज्य क्षेत्र अंडमान निकोबार में कृषि हेतु पूर्व तकनीक का इस्तेमाल, कम साक्षरता दर, घट रही आबादी के आधार पर 75 आदिम जनजाति समूहों की पहचान पर्टिकुलरली वेनरेबल ट्राइबल ग्रुप (पीवीटीजी) में की गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**आज के ऐसे दौर में जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं घोर संरक्षणवाद का सहारा ले रही हैं, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को स्वदेशी के संकल्प से ही संरक्षण देना होगा। ये कदम मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में अपरिहार्य हैं क्योंकि दुनिया के तमाम देश अपने-अपने आर्थिक हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर अन्यायपूर्ण ढंग से लगाया गया 25 फीसदी का टैरिफ इस कड़ी का ही विस्तार है। ऐसे वक्त में जब भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो हमें घरेलू अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य सुधारने को अपनी प्राथमिकता बनाना ही होगा।**

# ट्रंप की धमकियों के बीच स्वदेशी का कारगर विकल्प



डॉ. ओपी त्रिपाठी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत को टैरिफ की धमकी देने का सिलसिला बरक़रार है। ट्रंप पहले ही भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं। साथ ही ट्रंप इस बात से भी खुश नहीं हैं कि भारत, रूस से तेल खरीद रहा है। ट्रंप ने भारत को रूस से तेल न खरीदने की धमकी भी दी है, लेकिन भारत ने साफ कर दिया है कि उनके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि है और रूस से कम कीमत में तेल खरीदना भारत के लिए फायदेमंद है। ऐसे में ट्रंप ने गुस्से में इस बात का ऐलान कर दिया है कि रूस से तेल खरीदना जारी रखने की वजह से वह, भारत पर लगाए टैरिफ में इजाफा करेंगे। भारत की तरफ से भी अमेरिका को करारा जवाब दिया गया है और यह साफ कर दिया गया है कि भारतीय सरकार की तरफ से राष्ट्र हित और देश की अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए हर ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे।

ट्रंप की टैरिफ दादागीरी और तमाम देशों के आर्थिक संरक्षणवाद से भारत के लिए उभरी आर्थिक चुनौतियों के बीच स्वदेशी का मंत्र ही एक कारगर विकल्प सिद्ध हो सकता है। वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि संकल्प लें कि हम अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट के दौरान जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला डगमगाई थी, तब भी प्रधानमंत्री ने देश में स्वदेशी आंदोलन का आह्वान किया था। निस्संदेह, इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन इस दिशा में काफी कुछ किया जाना बाकी है।

बीती 2 अगस्त को पीएम मोदी ने वाराणसी में अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि 'हम उन चीजों को खरीदेंगें, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है। और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है, हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रॉडक्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया समान आएगा, मैं नए सामान की बात कर रहा हूं, वो स्वदेशी ही होगा। ये ज़िम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी। आज के ऐसे दौर में जब दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं घोर संरक्षणवाद का सहारा ले रही हैं, भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को स्वदेशी के संकल्प से ही संरक्षण देना होगा। ये कदम मौजूदा आर्थिक परिदृश्य में अपरिहार्य हैं क्योंकि दुनिया के तमाम देश अपने-अपने आर्थिक हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर अन्यायपूर्ण ढंग से लगाया गया 25 फीसदी का टैरिफ इस कड़ी का ही विस्तार है।



ऐसे वक्त में जब भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो हमें घरेलू अर्थव्यवस्था का स्वास्थ्य सुधारने को अपनी प्राथमिकता बनाना ही होगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा। विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि हमारे त्योहारों का सामान भी चीन से बनकर आ रहा है।

ट्रंप का भारत के खिलाफ 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का पैंतरा खुद उनके लिए ही उल्टा पड़ने वाला है! ट्रंप जिस एफ-35 फाइटर जेट की जबरन खरीद के लिए टैरिफ के माध्यम से भारत पर दबाव बना रहे थे, उसके बारे में भारत ने अमेरिकी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि उसकी फाइटर जेट खरीदने में दिलचस्पी नहीं है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। दूसरी ओर एसबीआई रिसर्च में यह भी साफ तौर पर सामने आया है कि ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का नुकसान भारत से ज्यादा अमेरिका और उसके नागरिकों को ही होने वाला है। रिपोर्ट के अनुमान के अनुसार भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला अमेरिका के लिए महंगा साबित होगा। टैरिफ के कारण हर अमेरिकी उपभोक्ता को सालाना औसतन 2,400 डॉलर (करीब दो लाख रुपए) का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है। अमेरिका में कम आय वाले परिवारों पर इसका असर तीन गुना तक हो सकता है। रिसर्च यह भी बताता है कि ट्रंप टैरिफ से डॉलर कमजोर हो सकता है। इसके अलावा अमेरिका की जीडीपी में भारत से कहीं ज्यादा गिरावट का अनुमान है।

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का झूठ बार-बार दोहराने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के झूठों की फेहरिस्त लंबी होती चली जा रही है। इसी दिशा में अब ट्रंप ने भारतीय इकोनॉमी को ही डेड बता दिया है, जबकि वास्तविकता यह है कि भारत की विकास दर दुनियाभर में सबसे तेज हैं। यहां तक कि अमेरिकी रेटिंग एजेंसियों खुद भारत की तेज बढ़ती इकोनॉमी का लोहा मान रही हैं। लेकिन झूठ पर झूठ बोले जा रहे ट्रंप को टैरिफ के सिवाय कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा है। इसमें दो राय नहीं कि स्वदेशी का संकल्प देश की वर्तमान जरूरत है, लेकिन देश के उद्यमियों को भी सुनिश्चित करना होगा कि स्वदेशी वस्तुओं का विकल्प गुणवत्तापूर्ण हो। आज के उपभोक्तावादी युग में लोग गुणवत्ता से समझौता करने को तैयार नहीं होते। उद्यमियों को सोचना होगा कि कैसे चीन के उद्यमी कम लागत में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। सरकार को भी उद्योग व व्यापार जगत पर नौकरशाही के शिकंजे को कम करना होगा। उत्पादन क्षेत्र को हमें उस स्तर तक ले जाने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा, जहां गुणवत्तापूर्ण सस्ते उत्पाद तैयार किए जा सकें। जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें।

प्रधानमंत्री ने वाराणसी में अपने संबोधन में कहा कि 'मैं आज व्यापार जगत के भाई-बहनों से विशेष आग्रह करना चाहता हूं, मैं मेरे दुकानदार भाई-बहनों से आग्रह करना चाहता हूं जब दुनिया इस प्रकार से अस्थिरता के माहौल से गुजर रही है, तब हम भी चाहे व्यापार हो, छोटी दुकान हो, कारोबार करते हों, अब हम हमारे यहां से सिर्फ और सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। ये स्वदेशी माल बेचने का संकल्प भी देश की सच्ची सेवा होगी। आने वाले त्योहारों के महीने में, दिवाली आएगी, बाद शादियों का समय आएगा, हर पल अब स्वदेशी ही खरीदेंगे।'

हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को अपनी युवा आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लिये इस दिशा में बड़ी पहल करनी होगी।

# पहाड़ों पर विकास या विनाश

**उत्तराखंड में ही जिस 50,000 वर्ग हेक्टेयर जंगल नष्ट कर वहां पक्की इमारतें बना दी गई हैं। उत्तरकाशी के प्रलय में धराली में आई आपदा ने देश-दुनिया को गहरे तक आहत किया है। मलबे और बाढ़ के पानी के सैलाब ने जिस तरह घरों, होटलों व बगीचों तथा खेत-खलिहानों को तबाह किया, उसने आम लोगों को भयभीत किया। पहाड़ की भौगोलिक जटिलताओं व बचाव के संसाधन पहुंचाने में देरी से राहत कार्य बाधित हुआ है।**



प्रेम शर्मा

पहाड़ों पर जिस तरह से बिना सोचे समझे प्राकृति से खिड़वाड़ किया जा रहा है उसका साक्षात प्रमाण धराली है। लगातार विकास के नाम पर जिस तरह से अनदेखी कर इस देवभूमि को विनाश की तरफ धकेला जा रहा है। वह इस बॉत का संकेत है कि अपनी क्षणिक सुख की प्राप्ति और धनप्राप्ति के लिए हम अपने ही विनाश की तैयारी कर रहे है। देव भूमि में अब दर्शन और साधना की जगह मौजमस्ती का महौल बनता जा रहा है।गत 5 अगस्त 25 को उत्तरकाशी के जिस धराली गांव में बादल फटने और फिर तीव्र वेग के जल-प्रलय की आपदा आई थी। ऐसी आपदाएं 1864, 2013 और 2014 में भी आ चुकी हैं। अब सवाल यह कि आखिर पहाड़ इतने खौफनाक और खतरनाक क्यों होते जा रहे हैं ? क्या पहाड़ में आवास दूभर हो गया है ? लगातार भू-स्खलन और बाढ़ की घटनाएं क्यों बढ़ती जा रही हैं ? क्या हिमालय पर्वत के हिस्से भी दरकने और बड़े-बड़े पत्थरों के रूप में गिरने लगे हैं ? इन घटनाओं और आपदाओं में बारिश और बादल फटने की घटनाएं 'कुदरत का कहर' मानी जा सकती हैं। इसके अलावा घर, दुकान, मंदिर, इमारतें, होटल आदि का जमींदोज होना, नतीजतन मौत के आंकड़े बढ़ते रहने की आपदाएं 'मानव-निर्मित' हैं। यह हमारा नहीं, मौसम और भूगर्भ वैज्ञानिकों का विश्लेषण है। विकास के नाम पर पहाड़ खोदे जा रहे हैं। पहाड़ों को चीरकर सुरंगें बनाई जा रही हैं। रेल की पटरी बिछाई जा रही है। यही नही नदी-नालों के किनारे अथवा उन्हीं के भीतर होटल, रिजॉर्ट की बहुमंजिला इमारतें खड़ी की जा रही हैं। उत्तराखंड में ही जिस 50,000 वर्ग हेक्टेयर जंगल नष्ट कर वहां पक्की इमारतें बना दी गई हैं।






उत्तरकाशी के प्रलय में धराली में आई आपदा ने देश-दुनिया को गहरे तक आहत किया है। मलबे और बाढ़ के पानी के सैलाब ने जिस तरह घरों, होटलों व बगीचों तथा खेत-खलिहानों को तबाह किया, उसने आम लोगों को भयभीत किया। पहाड़ की भौगोलिक जटिलताओं व बचाव के संसाधन पहुंचाने में देरी से राहत कार्य बाधित हुआ है। निस्संदेह, हादसे से जुड़ा पहलू यह भी है कि तंत्र की अनदेखी व खीरगंगा के विस्तार क्षेत्र की आशंकाओं को नजरअंदाज करके जो निर्माण किया गया, वह सैलाब की जद में आया। ऐसे में फिर सवाल यह है कि वे कौन से कारण थे कि बेहद तीव्र वेग से आये सैलाब ने लोगों को भागने तक का मौका नहीं दिया। हालांकि, मरने वालों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आयी है, लेकिन सैलाब की भयावहता को देखकर अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि जनधन की बड़ी हानि हुई होगी।

अब असली सवाल यह है कि ये आपदा कैसे आयी। आजकल ऐसे हादसों की साधारण व्याख्या होती है कि हादसा बादल फटने से हुआ। लेकिन धराली में आपदा की वजह बादल फटना मानने को वैज्ञानिक तैयार नहीं हैं। वैज्ञानिक इस वजह से बादल फटने के तर्क को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि मौसम विभाग के अनुसार 4-5 अगस्त को उस क्षेत्र में महज आठ से दस मिमी बारिश ही हुई थी। वैज्ञानिक मानक के अनुसार बादल फटने की घटना तब होती है जब उस इलाके में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई हो। दरअसल, धराली गांव के पीछे डेढ़-दो किलोमीटर लंबा और बेहद घना जंगल है। दोनों तरफ ऊंचे व तीव्र ढलान वाले पहाड़ हैं। जिस खीरगंगा में फ्लैश फ्लड आया है, वो उन्हीं घने जंगलों से होकर गुजरती है। वैज्ञानिक एक तर्क पर विचार कर रहे हैं कि कहीं घने जंगलों वाले इलाके में भूस्खलन की वजह से पानी का प्रवाह रुक गया होगा, जिसके बाद अस्थाई झील टूटने से आपदा आई होगी। वैज्ञानिकों के इन तथ्यों को नकारा नही जा सकता। दरअसल, इस जल प्रलय की जद में आने वाला क्षेत्र फ्लड प्लेन इलाके में बसा है। उसके ऊपर के इलाके में बर्फीले पर्वत बताए जाते हैं। यह हकीकत है कि धराली और उसके आस-पास बेहद संकरी घाटी और ऊंचे पहाड़ हैं। वैज्ञानिकों का तर्क है कि बादल फटने के बाद आने वाला जल प्रवाह इतना तेज नहीं होता। पहले इसकी गति धीमी होती है, कालांतर में गति तेज हो जाती है। इसी वजह से वैज्ञानिक तूफानी गति से पानी-मलबा आने की वजह अस्थायी झील का टूटना बता रहे हैं। भूस्खलन या ग्लेशियर टूटने से झील का पानी सैलाब में बदल गया। इस आशंका को मानने की एक वजह यह भी है कि आपदा वाले दिन जो पानी नीचे आया वह काले रंग और मलबा स्लेटी रंग का था। तर्क है कि ऐसा काला पानी व स्लेटी रंग का मलबा पहले से जमा हुए स्थान के टूटने के बाद ही आता है। ऐसी ही स्थिति वर्ष 2021 में चमोली जनपद के ऋषिगंगा हादसे के दौरान एक अस्थायी झील टूटने के बाद जमा मलबे के बहकर आने के वक्त देखी गई थी। दरअसल, वैज्ञानिक पहले भी आशंका जताते रहे हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते बढ़ते तापमान की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। पिघली बर्फ के पानी से बनी झीलें कालांतर भूस्खलन या बादल फटने के बाद टूट जाती हैं और सैलाब तेज ढलान पर उतरकर तबाही लाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 की केदार घाटी में आई आपदा भी चोराबारी झील के टूटने से निकले सैलाब की वजह से हुई थी। दूसरी विडंबना यह भी है कि ग्लोबल वार्मिंग व बढ़ते तापमान की वजह से ऊंचे पहाड़ों में बारिश की प्रकृति में कुछ वर्षों से बदलाव आया है। सामान्यतरू तीन चार हजार मीटर की ऊंचाई पर पहले बर्फबारी होती थी, बारिश नहीं। लेकिन अब लगातार होती बारिश से ग्लेशियर टूट रहे हैं। जो कालांतर अस्थायी झील पर गिरते हैं तो झील का पानी पहाड़ों के तीव्र ढलान पर तेजी से बहता है। जब उसके साथ मलबा, पत्थर व मिट्टी मिल जाती है तो उसकी धार मारक हो जाती है। खैर धराली की घटना को देखते हुए अब उत्तराखण्ड सरकार और केन्द्र सरकार को वैज्ञानिकों की सलाह के आधार पर विकास कार्यो के साथ किसी अनहोनी की दशा में लोगों के जीवन बचाने की सूरक्षा योजना पर काम करना होगा, क्योकि देवभूमि में धराली जैसे तमाम गॉव और स्थान है जो आपदाकाल में बिलकुल असुरक्षित है।

# मानव चित में वास करती 'स्वतृन्त्रता' की प्रवृत्ति

**एकाधिकार के रूप में मानव स्वतन्त्रता मनुष्य का अन्तर्निहित, अविभाज्य एवं आवश्यक अधिकार है,'स्वतन्त्रता' दबाव या बाधा के अभाव में गुलामी से मुक्ति का दूसरा नाम होता है स्वतन्त्रता का अर्थ अपनी इच्छानुसार कुछ करने, सोचने, विश्वास करने, एकत्रित होने, बोलने व पूजा करने का अधिकार भी है, लेकिन केवल तब तक, जब तक कि अपनी इच्छा/पसन्द, किसी दूसरे की स्वतन्त्रता का उल्लघंन न कर रही हो व उसमें बाधा पहुँचा रही है।**



मोहम्मद कमर खां

पूरे मानव सामाज में 'स्वतृन्त्रता' एक ऐसी अनुभूति है जो हर किसी के चित्त में, अनिवार्य रूप से व्याप्त रहती है, यह भावना व्यक्तिगत स्तर पर विद्यमान आत्मसम्मान पर निर्भर करती है। यह एक ऐसी मनोवैज्ञानिक स्थिति है जो मानव समाज में सदैव समान रूप से सदैव निहित रहती है, हर कोई स्वयं में विद्यमान ऐसी अनुभूति पर, किसी प्रकार का आक्रमण, कभी सहन नहीं करता, और इस दबाव को पूरा मानव समाज दासता मानता है। इस 'दासता' के विरूद्ध समाज,का प्रत्येक वग्र अपने सम्भव सामार्थ्य के अनुरूप, संधर्ष पर उतारू हो जाया करता है। भारतीय जन मानस में 'स्वतन्त्रता' की अनुभूति उसके अनुरूप किये गये सामूहिक संधर्ष की पारिणित होती है, सत्य तो यह है कि स्वतन्त्रता, वर्तमान समय का प्रमुख राजनैतिक दर्शन है। 'स्वतन्त्रता' उस परिस्थिति का बोध कराती है, जिसमें कोई देश या राज्य द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार कार्य करने पर, किसी दूसरे देश या समाज को स्वीकार नहीं करती। कोई हस्ताक्षेप/आपत्ति या मनाही नही हुआ करती। कहने का तात्पर्य यह है कि स्वतन्त्र देश/राज्य के सदस्य, स्वशासन (सेल्फ गर्वमेन्ट) शासित होते हैं। यदि 'स्वतन्त्रता' की आवश्यकता पर विचार किया जाये, तो स्वतन्त्रता वह माध्यम/साधन है, जिसके द्वारा नये विचार, रचानात्मक कला, नित्य नये उत्पाद, जीवन की गुणवत्ता, एक सधे हुए विकास द्वारा विकसित होते हों। वर्तमान में कई राष्ट्र, अपने परिश्रम से प्राप्त, इस स्वतन्त्रता की बदौलत, प्रगति के सर्वोच्च शिखर पर विराजमान हैं। किसी भी सभ्य सामाज में स्वतन्त्रता का अर्थ यहि होता है कि बिना किसी दबाव के कार्य कर पाने की स्थिति सम्भव हो। स्वतृन्त्रता के अनुप्रयोग का दायरा बहुत ही व्यापक है, जिसमें पूर्णतया हर प्रकार के प्रतिबन्ध के अभाव से लेकर, अनावश्यक रूप से निराश न होने की भावना तक की स्थित निहित हुआ करती है। स्वतन्त्रता का अर्थ हर प्रकार की बाध्यता से मुक्ति है, स्वतृन्त्रता के अधिकार के अन्तर्गत, विभिन्न स्वतन्त्रताये, स्वतः निहित हुआ करती है, उदाहरणार्थ भाषण की स्वतन्त्रता, संध बनाने की स्वतन्त्रता, अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता, एकत्र हो सकने की स्वतन्त्रता, आवागमन की स्वतन्त्रता, पेशा या व्यवसाय चुनने की स्वतन्त्रता इत्यादि। स्वतन्त्रता का अर्थ है किसी वाह्य शक्ति के नियत्रंण से स्थायी मुक्ति इसे अलग रूप में समझ सकते हैं, उदाहरणार्थ व्यक्तिगत स्वतन्त्रता का अर्थ होगा किसी व्यक्ति या संगठन के नियंत्रण से मुक्ति। राजनैतिक स्वतन्त्रता का अर्थ होगा किसी अन्य देश/राज्य की बाह्य शक्ति से स्वतन्त्रता।

'स्वतन्त्रता' का तात्पर्य ऐसी स्थिति से है, जहाँ हम बिना किसी प्रतिबन्ध के, अपनी इच्छा अनुसार कुछ भी कर सकते हो। इस प्रकार 'स्वतृन्त्रता' को मन की वह स्थिति कहा जा सकता है, जहॉ हमें बहुत सारा कुछ करने का अधिकार मिल पाये तथा स्वतन्त्रता जिस विषय पर हम सोचते हो उसे क्रियान्वित कर पाने की पूरी आजादी देता हो। 'स्वतन्त्रता' मन की ऐसी अवस्था है या वह दार्शनिक अवधारणा है, जो किसी भी व्यक्ति की हार्दिक इच्छा को साकार करने हेतु एक अविभाज्य मानव अधिकार को दर्शिती हो 'स्वतन्त्रता' से परे जाते हुए, कोई भी व्यक्ति अपनी क्षमताओं की समृद्धि का एहसास नही करा पाता है,'स्वतन्त्रता' केवल एक शब्द मात्र तक सीमित नही है, बल्कि एक ऐसी अवधारणा है जिसके अनेक अर्थ हो सकते है। 'स्वतन्त्रता' का अर्थ, बिना किसी प्रतिबन्ध या बाधा के, अपनी स्वैच्छा से अपने कार्य के निस्तारण में सक्षम होना होता है। अन्य लोगों की सहायता या प्रभाव के बिना, अपने निर्णय स्वयं लेकर, उनका तद्नुसार क्रियान्वयन ही 'स्वतन्त्रता' है। स्वतन्त्रता प्रत्येक व्यक्ति का आन्तरिक अधिकार है। यह लोगों का ऐसा संकाय है, जो अपने सही प्रदर्शन के लिए, दायित्वों पर आधारित होता है। स्वतन्त्रता बिना किसी बाधा या रोक टोक के अपनी इच्छानुसार बोलनें या कार्य करने और परिवर्तन कर पाने की पूर्णरूपेण क्षमता है। एकाधिकार के रूप में मानव



स्वतन्त्रता मनुष्य का अन्तर्निहित, अविभाज्य एवं आवश्यक अधिकार है,'स्वतन्त्रता' दबाव या बाधा के अभाव में गुलामी से मुक्ति का दूसरा नाम होता है स्वतन्त्रता का अर्थ अपनी इच्छानुसार कुछ करने, सोचने, विश्वास करने, एकत्रित होने, बोलने व पूजा करने का अधिकार भी है, लेकिन केवल तब तक, जब तक कि अपनी इच्छा/पसन्द, किसी दूसरे की स्वतन्त्रता का उल्लघंन न कर रही हो व उसमें बाधा पहुँचा रही है, जब कोई व्यक्ति स्वतन्त्र होता है, तो वह किसी भी बाहरी दबाव से प्रभावित हुए, बिना अपने लक्ष्यों एवं मूल्यों के अनुरूप, निर्णय ले सकता है इस प्रकार मनुष्य अपनी शर्तो पर जीवन जीने तथा दूसरों पर निर्भर हुए बिना, अपने सपनों एवं अकांक्षाओं को पूरा करने मे सक्षम होता है।'स्वतन्त्रता' की विशेषता यह है कि यह व्यक्तिगत विकास और वृद्धि को बढ़ावा देती है, राष्ट्र स्तर पर या व्यक्तिगत स्तर, जब कोई बन्धन न हो, तो ऐसी परिस्थिति समाज में 'स्वतन्त्रता' कहलाती है।

स्वतन्त्रता मनुष्य की मूलभूत आवश्कताओं मे से एक है जो सामाजिक प्रक्रिया मे केन्द्रीय भूमिका निभाती है। मानवीय विकास का अर्थ है, मानवीय विकल्पों का विस्तार करना, जिसके लिए - 'स्वतन्त्रता' की अवधारणा वॉच्छित हो। मानव विकास, कल्याण सुधार का सबसे महत्वपूर्ण कारक है, जहॉ स्वतन्त्रता इसकी प्राप्ति का एक आवश्यक साधन है। जब हम झण्डा फ्हराते है तथा साथ में राष्ट्रगान गाते है, तो यही वह उचित समय है जब हम अपनी एकता और अखण्डता से उपजी शक्ति को याद करें। भारत के इतिहास में और प्रत्येक भारतीय नागरिक के जीवन में, 15 अगस्त का दिन सबसे महत्वपूर्ण होता है। यह वह दिन है की जब भारत को 200 वर्षो कि अग्रेज़ों की गुलामी से मुक्ति प्राप्ति हुई थी, 15 अगस्त, 1947 के दिन हमारा देश गुलामी की जंजीरों का काट कर, अग्रेंज़ शासन के चंगुल से आजाद हो गया था। यही वजह है कि 15 अगस्त की तिथि को हर वर्ष हम सब 'स्वतन्त्रता दिवस' के रूप मे मनाते है, स्वतन्त्रता दिवस भारत की स्वतन्त्रता का सजीव प्रतीक है। इस दिन पूरे देश में राष्ट्रीय घ्वज फ्हराया जाता है, एवं स्वतन्त्रता सेनानियों की याद कर उन्हें नमन किया जाता है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों के सामुदाय के रूप मे, हम सब स्वतन्त्रता दिवस समरोह मनाते है स्वतन्त्रता दिवस अर्थात 15 अगस्त 1947 को भारत, ब्रिटिश सामाज्य से स्वतन्त्रता हो गया था। सत्ता का हस्तान्तण भारत के अन्तिम वॉयसराय लार्ड माउन्टबेटन की देखरेख मे संम्पन्न हुआ।

# हंडिया टोल प्लाजा पर बीजेपी सांसद समर्थकों का बवाल

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज बनारस हाइवे के हंडिया टोल प्लाजा पर भदोही से बीजेपी सांसद डॉ. विनोद बिंद के समर्थकों की गुंडई, हंगामे और मारपीट का मामला सामने आया है। टोल प्लाजा पर बीजेपी सांसद डॉ विनोद बिंद के समर्थकों की मारपीट, हंगामे का वीडियो भी सामने आया है।

आरोप है कि बीजेपी सांसद के काफिले में शामिल लग्जरी गाड़ियों ने टोल का बैरियर गिरने पर हंगामा किया। टोल कर्मियों को लाठी डंडे से पीटने का आरोप है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामले में हंडिया टोल प्लाजा में कार्यरत शिफ्ट इंचार्ज अमित कुमार सिंह ने हंडिया थाने में तहरीर देकर बीजेपी सांसद के काफिले में शामिल समर्थकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक भदोही से बीजेपी सांसद डॉ विनोद बिंद का काफिला टोल प्लाजा पार कर रहा था। इसी दौरान तकनीकी खराबी के चलते काफिले में शामिल एक वाहन पर टोल प्लाजा का बूम बैरियर अचानक गिर गया। लग्जरी गाड़ी पर टोल प्लाजा का बैरियर गिरने से नाराज काफिले में शामिल सांसद के समर्थकों ने टोल कर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस को दी तहरीर में कहा गया कि सांसद समर्थकों ने शिफ्ट इंचार्ज अमित कुमार सिंह, टोल कलेक्टर सूर्य प्रकाश बिंद और अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट कर उन्हें जख्मी कर दिया साथ ही गाली गलौज करते रहे। आरोप लगाया गया है कि अन्य लाइनों के बूम बैरियर हटाकर सभी वाहनों के लिए प्लाजा फ्री कर दिया गया। तहरीर में कहा गया है कि बीजेपी सांसद के समर्थकों की इस दबंगई से शासन को भी आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

■ कर्मचारियों से मारपीट, भदोही सांसद के खिलाफ तहरीर

# मैक्स हॉस्पिटल अब सुल्तानपुर में, ओपीडी शुरू की सेवाएं

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल लखनऊ ने अब जनपद सुल्तानपुर स्थित जेपीके हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के सहयोग से अपनी कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है। इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत डॉ. अमित के. सोनी, कंसल्टेंट, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मैक्स हॉस्पिटल लखनऊ की उपस्थिति में हुई। वे अब हर महीने के दूसरे गुरुवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सुल्तानपुर में उपलब्ध रहेंगे।ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर डॉ. अमित के. सोनी ने कहा, की सुल्तानपुर में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत के साथ हमारा उद्देश्य यहां के लोगों को विशेषज्ञ हृदय रोग संबंधी सेवाएं उनके घर के पास ही उपलब्ध कराना है। अब हृदय रोगी को लंबी दूरी की यात्रा किए बिना प्राथमिक और फॉलोअप परामर्श प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समय पर और सुविधाजनक उपचार सुनिश्चित होगा। हृदय को स्वस्थ बनाए रखने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियां, धूम्रपान से बचाव, और कोलेस्ट्रॉल व ब्लड शुगर को नियंत्रित रखना बेहद आवश्यक है।मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, लखनऊ, मरीज-केन्द्रित देखभाल, अत्याधुनिक तकनीक और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैक्स हेल्थकेयर के बारे में डां अमित सोनी ने बताया कि मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड (मैक्स हेल्थकेयर) भारत के सबसे बड़े हेल्थकेयर ऑर्गनाइजेशंस में से है।

# सीएचसी अधीक्षक ने डॉक्टर को जड़ा थप्पड़

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कौड़िहार सीएचसी के अधीक्षक ने मंगलवार की रात शराब पीकर जमकर हंगामा किया। जूनियर डॉक्टरों को गालियां दीं। एक डॉक्टर के साथ मारपीट भी की। डॉक्टर हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगा रहा था, लेकिन अधीक्षक उसके साथ अभद्रता कर रहा था। अधीक्षक ने सीएचसी में खड़ी बाइकों को लात मारकर गिरा दिया। आसपास के लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने डॉक्टर को समझाकर वापस भेजा।

घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे कौड़िहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें सीएचसी अधीक्षक नशे में दिख रहे हैं। मारपीट करते हुए भी नजर आ रहे हैं। कैंपस में ही जूनियर डॉक्टर रविंद्र पांडेय के साथ मारपीट की और गालियां दी। वहां मौजूद किसी मरीज के तीमारदार ने इस घटना का पूरा वीडियो बना लिया। वीडियो में साफ दिख रहा है, डॉ. अनुराग खुद को नहीं संभाल पर रहे थे और लड़खड़ाते हुए जूनियर डॉक्टर के पास पहुंचे और उसके मुंह थप्पड़ जड़ दिया। अधीक्षक के साथ फार्मासिस्ट पंकज सिंह भी था। दोनों ने शराब पी रखी थी।

■ हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाता रहा डॉक्टर

अधीक्षक अनुराग यहीं नहीं रुके इसके बाद जूनियर डॉक्टर की खड़ी बाइक को भी लात मार कर गिरा दिया। जूनियर डॉक्टर को जमकर गालियां दी। जूनियर डॉक्टर हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार भी लगाता रहा है, लेकिन अधीक्षक लगातार उसके साथ अभद्रता करते रहे। अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ लग गई।

बता दें कि करीब 2 साल पहले ही डॉ. अनुराग तिवारी के खिलाफ इस तरह के मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कार्रवाई की थी। कौड़िहार सीएचसी से हटाने के लिए सीएमओ को आदेश दिया था। लेकिन कुछ दिन बाद ही डॉ. अनुराग को उसी सीएचसी पर फिर से तैनात कर दिया गया था। हालांकि इसका विरोध भी किया गया था। स्थानीय लोग बताते हैं कि आए दिन डॉ. अनुराग तिवारी यहां शराब पीकर ड्यूटी करते हैं और बवाल करते रहते हैं।

मामले में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनुराग तिवारी ने कहा कि जूनियर डॉक्टर कभी ड्यूटी नहीं करते हैं। कहते हैं जब मन करेगा, तब ड्यूटी करुंगा। इसलिए मुझे गुस्सा आ गया था। मैंने शराब नहीं पी थी।

## पेड़ से लटका मिला युवती का शव

**सुल्तानपुर।** जामुन के पेड़ से लटका युवती का शव मिला।परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है। मामला जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के किलोमीटर संख्या 149 का बताया जाता है। फॉरेंसिक टीम की मदद से डेड बॉडी का परीक्षण कराया गया है। नदी के किनारे पेड़ से डेड बॉडी लटकने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। जयसिंहपुर कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह बोले, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतका की पहचान नेहा निषाद निवासी जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिजुरी गांव के रूप में हुई है।

# रवि प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में यात्रा आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम, हरदोई।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस प्रशासन ने एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति की अलख जगाई। यह यात्रा न केवल राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनी, बल्कि इसने देश की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों के अटूट संकल्प को भी दर्शाया। बिलग्राम कोतवाली पुलिस ने क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में यह यात्रा आयोजित की। जिसमें प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय, ट्रैफिक इंस्पेक्टर इंद्रेश कुमार, सब-इंस्पेक्टर राम सजीवन, भानू प्रताप सिंह, अजय तोमर, अक्षय मलिक सहित सभी पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा कोतवाली परिसर से शुरू हुई और पीपल चौराहे से होते हुए नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करती हुई फिर कोतवाली में आकर समाप्त हुई। यात्रा में पुलिसकर्मियों ने तिरंगे को गर्व से थामकर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना और देश की सुरक्षा में पुलिस की भूमिका को रेखांकित करना था।

# आठवें इमाम की शहादत पर शबीहे ताबूत बरामद किए गए



**संभल।** शिया समुदाय ने आठवें इमाम की शहादत के शोक में शबीहे ताबूत बरामद किया अजादारो ने गमगीन माहौल में मातम व नोहा ख्वानी की शहर के मौहल्ला नूरियो सराय हुसैन खां सराय में मजलिसे आयोजित की गयी बाद मजलिस के आठवें इमाम अली रज़ा अलैहिस्सलाम का शबीहे ताबूत बरामद किए गए नूरियो सराय स्थित इमाम बारगाह नम्बरदारान में शबीहे ताबूत बरामद किया गया ताबूत की जियारत कर के अजांदारो ने मातम किया इमाम की शहादत के नोहे पेश किए मौहल्ला हुसैन खां सराय में मंगलवार की रात में मजलिस के बाद शबीहे ताबूत बरामद किया गया।

# 'धर्म एकता व शांति से रहने की प्रेरणा देता है'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय 'इण्टरनेशनल इन्टरफेथ कान्फ्रेन्स' धार्मिक एकता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ आज सम्पन्न हो गई। समापन अवसर पर इजिप्ट, अमेरिका, लेबनान, ब्राजील एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे विचारकों, दार्शनिकों, धर्माचार्यो व शिक्षाविद्ों ने एक स्वर से संकल्प व्यक्त किया कि धार्मिक एकता की स्थापना हेतु सतत् प्रयासरत रहेंगे। विद्वजनों का कहना था कि धर्म हमें एकता व शान्ति से रहने की प्रेरणा देता है। इण्टरनेशनल इण्टरफेथ कान्फ्रेन्स का आयोजन 'टुगेदर इन फेथ टु शेप ए बेटर वर्ल्ड अर्थात आस्था और धर्म में एकजुट होकर एक बेहतर दुनिया का निर्माण' थीम पर 11 से 13 अगस्त तक किया गया।

■ धार्मिक एकता को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ इण्टरनेशनल इन्टरफेथ कान्फ्रेंस

सम्मेलन के अन्तिम व तीसरे दिन आज परिचर्चा का शुभारम्भ 'वन वर्ल्ड, मेनी फेथ - व्हाट ऑवर रिलीजन टीच अस एबाउट काइंडनेस, पीस एण्ड टुगेदरनेस अर्थात विश्व एक, धर्म अनेक - हमारे धर्म हमें दया, शांति और एकजुटता के बारे में क्या सिखाते हैं' विषय पर आयोजित पैनल डिस्कशन से हुआ, जिसका संचालन श्री मुज्तबा अली खान ने किया। परिचर्चा में अपने विचार व्यक्त करते हुए सिख धर्मावलम्बी सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने कहा कि हम सभी को मिल जुल कर रहना चाहिए क्योंकि हमारे देश को सभी धर्मों के सहयोग की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिलग्राम-मल्लावाँ को मिलेगी निर्बाध बिजली

**बिलग्राम (अवधनामा संवाददाता)।** मल्लावां क्षेत्रवासियों को निरंतर और बिना रुकावट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विधायक ने



विधानसभा क्षेत्र बिलग्राम-मल्लावाँ में 132 के.वी.ए. विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने की मांग सदन में रखी। विधायक ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे किसानों, छात्रों, व्यापारियों और घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। याचिका में मांग की गई है कि प्रस्तावित विद्युत उपकेंद्र के निर्माण से क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों और कस्बों को लाभ मिलेगा, जिससे कृषि कार्य, औद्योगिक गतिविधियों और घरेलू उपयोग के लिए निर्बाध बिजली उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना के पूरा होने से न केवल बिजली आपूर्ति में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

### दिवंगत जनपद न्यायाधीश को दी गई श्रृद्धांजली

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** आशीष गर्ग, पूर्व जनपद न्यायाधीश मथुरा तथा वर्तमान जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद के आकस्मिक निधन पर केंद्रीय कक्ष, जनपद न्यायालय, मथुरा में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश मथुरा विकास कुमार द्वारा की गई। शोक सभा में न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण द्वारा दिवंगत जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रृन्द्धांजली अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करें। आशीष गर्ग का यूँ अचानक चले जाना हम सभी के लिए अत्यंत पीडादायक है। उनका सरल, स्नेहमय एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व सदैव हमें मार्गदर्शन देता रहा।

### योगी सेना भारत की प्रदेश महासचिव बनीं करिश्मा सिंह



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** योगी सेना भारत ने करिश्मा सिंह को उत्तर प्रदेश इकाई की प्रदेश महासचिव बनाया गया है। आज यहां बर्लिंगटन चौराहा स्थित संगठन कार्यालय नवनियुक्त प्रदेश महासचिव श्रीमती करिश्मा सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव वर्मा ने मनोनयन पत्र सौंपा। इस मौके पर श्रीं वर्मा ने शुभकामनाएं देते हुए श्रीमती करिश्मा सिंह से भरोसा जताया कि योगी सेना भारत की नीतियों और विचारों को आगे बढ़ाने में सक्रियता के साथ काम करेंगी। वहीं करिश्मा सिंह ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि योगी सेना भारत के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के साथ साथ सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक करने का काम करूंगी।

### झुंझुनूं वाली दादी जी का 22 वां झूला उत्सव आज से

**लखनऊ।** श्री दादी परिवार लखनऊ की ओर दो दिवसीय झूला उत्सव 14 और 15 अगस्त को निरालानगर में धूमधाम से मनाया जायेगा। महामंत्री सुनील तुलस्यान ने बताया कि इस बार झुंझुनूं वाली दादी जी का 22 वां झूला उत्सव है। पहले दिन 14 अगस्त को मंगल कलश निकाली जायेगी। यात्रा में 251 महिलाएं कलश उठायेंगी। सुनील तुलस्यान ने बताया कि संस्था का प्रयास है कि कलश यात्रा भव्य निकाली जाये कि हर कोई दादी की भक्ति में रंग जाये। कलश यात्रा बाबूगंज से शाम 4 बजे शुरु होगी। यात्रा आठ नम्बर चौराहा स्थित होटल रेगनेंट पर समाप्त होगी। उत्सव के दूसरे दिन 15 अगस्त को झूला उत्सव निरालानगर स्थित होटल रेगनेंट में प्रातः 10 बजे श्री नारायणी चरित्र मानस महामंगल पाठ शुरु होगा।

# क्रॉप सर्वे को लेकर पंचायत सहायकों में नाराज़गी, सामूहिक बहिष्कार की घोषणा

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम।** पंचायत सहायकों ने क्रॉप सर्वे कार्य को लेकर खुला मोर्चा खोल दिया है। बड़ी संख्या में पंचायत सहायक एकजुट होकर बिलग्राम बीडीओ कार्यालय पहुँचे और सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपकर इस कार्य का बहिष्कार करने की घोषणा की। उनका कहना है कि यह कार्य पंचायत सहायकों के बजाय राजस्व और कृषि विभाग के कर्मचारियों से कराया जाए, क्योंकि यह उन्हीं का मूल दायित्व है।

पंचायत सहायकों ने आरोप लगाया कि क्रॉप सर्वे कार्य सीधे तौर पर राजस्व विभाग और कृषि विभाग के अंतर्गत आता है, फिर भी इसे पंचायत सहायकों पर थोप दिया जा रहा है। इससे पहले भी कई बार अन्य विभागों के कार्य पंचायत सहायकों को सौंपे गए, जिससे उनकी मूल जिम्मेदारियाँ प्रभावित हुईं। उन्होंने कहा कि 6000 रुपये मासिक मानदेय में पहले से ही कई योजनाओं का कार्य संभालना पड़ रहा है, अब यह अतिरिक्त जिम्मेदारी अनुचित है।

■ ज्ञापन में उठाए गए प्रमुख मुद्दे

अत्यधिक कार्यभार : पंचायत सहायकों के पास पहले से ही कई विभागों का कार्य है, ऐसे में क्रॉप सर्वे का अतिरिक्त बोझ असंभव है। तकनीकी संसाधनों की कमी : सभी पंचायत सहायकों के पास उच्च गुणवत्ता वाले स्मार्टफोन नहीं हैं, जिससे डिजिटल सर्वे कार्य समय पर और सही तरीके से पूरा नहीं हो पाएगा। स्थायी कर्मचारियों को जिम्मेदारी : लेखपाल और कृषि विभाग के कर्मचारी स्थायी हैं और पूर्ण वेतन पाते हैं, ऐसे में यह कार्य उन्हीं से कराया जाना चाहिए। ग्राम सचिवालय बंद रहने की समस्या : सर्वे के दौरान सचिवालय बंद रहेगा, जिससे ग्रामीणों के कार्य बाधित होंगे और अधिकारियों की जांच में लापरवाही की आड़ में नोटिस भी जारी हो सकते हैं, जैसा कि पहले एसबीएम और आयुष्मान सर्वे में हुआ।

# मथुरा में जन्माष्टमी की तैयारियां तेज

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की तैयारियों के दृष्टिगत नगर आयुक्त जग प्रवेश ने मंगलवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र का निरीक्षण कर तैयारियों को जल्द पूर्ण करने के आदेश दिए। नगर आयुक्त ने पोतरा कुंड, गेट नंबर 1, गेट नंबर 2 से होते हुए गेट नंबर 3 तथा जुड़ी हुई गलियों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान सफाई व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, निर्माण कार्य, प्रकाश व्यवस्था आदि समस्त तैयारियों की स्थिति का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने रिक्त दीवारों पर श्री कृष्ण लीलाओं पर आधारित वॉल पेंटिंग कर सौंदर्य बढ़ाने हेतु मुख्य अभियंता निर्माण को निर्देश दिए। कुछ स्थानों पर पाए गए अस्थाई अतिक्रमण को तत्काल हटाने और नियमित अतिक्रमण अभियान चलाने के निर्देश भी दिए ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे क्षेत्र में उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शुद्ध पेयजल के लिए पानी के टैंकर तथा शौचालय हेतु मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था के निर्देश दिए।

# मैक्स हॉस्पिटल, नोएडा ने मथुरा में शुरू की विशेष स्पाइन सर्जरी ओपीडी



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने शहर के डॉ. मनीष फिजियोथेरेपी एंड रिहैब क्लिनिक, के सहयोग से स्पाइन एवं डिफॉर्मिटी करेक्शन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की है। इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी की उपस्थिति में हुआ। वे प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी लॉन्च के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी ने कहा, रीढ़ से जुड़ी ज्यादातर समस्याओं, विशेषकर पैरों तक फैलने वाले पीठ दर्द का इलाज बिना सर्जरी के ही सफलतापूर्वक किया जा सकता है। हम आमतौर पर दवाओं, फिजियोथेरेपी, पॉश्चर सुधार, पर्याप्त आराम और रीढ़ पर दबाव कम करने वाले विशेष व्यायाम के संयोजन से उपचार की शुरुआत करते हैं। यदि मरीज को इससे भी आराम नहीं मिलता, तो एपिड्यूरल इंजेक्शन जैसे लक्षित उपचार पर विचार किया जाता है। अधिकांश मरीज दवा, फिजियोथेरेपी, आराम और व्यायाम से ठीक हो जाते हैं, लेकिन कुछ मरीज जिन्हें इन उपचारों से लाभ नहीं होता, उन्हें सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है।

# डीएम व एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा, सामग्री वितरित



अवधनामा संवाददाता

**सवायजपुर (हरदोई)।** जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बुधवार को तहसील सवायजपुर के अरवल थाना क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर प्रशासन द्वारा दी जा रही सहायता व व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

अधिकारियों ने मौके पर लगे मेडिकल कैंप एवं पशुपालन विभाग के कैंप का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि बीमार लोगों को तत्काल दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को उन्होंने आदेशित किया कि सभी पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कर बीमार पशुओं का उपचार किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रभावितों से अपील की कि वे बाढ़ शरणालयों में शिफ्ट हो जाएं। इस दौरान बाढ़ पीड़ितों को राहत किट एवं फूड पैकेट वितरित किए गए। ग्रामीणों ने प्रशासन की ओर से की जा रही व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन घरों में खाना पकाना संभव न हो, वहां पका हुआ भोजन पहुँचाया जाए और जरूरतमंदों को राशन किट उपलब्ध कराई जाए।

# निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान का दिखने लगा असर

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आने वाले श्रद्धालुओ की सुविधाओं को देखते हुए नगर निगम द्वारा महानगर के सभी मार्गो को अतिक्रमण मुक्त रखने हेतु नियमित अभियान चलाया जा रहा है। लगातार अलग अलग क्षेत्रों में की जा रही कार्यवाही का अच्छा ख़ासा असर दिखाई देने लगा है। महोली रोड पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से हटाने के दौरान चंद दुकानदारों ने विरोध किया जिनको अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह ने ठीक तरह से समझाते हुए चेतावनी दी कि किसी को भी नाली नाला के ऊपर सामान रखने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार एवं अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह के नेतृत्व में नगर निगम टीम ने गोवर्धन चौराहा नेशनल हाईवे रोड के दोनों ओर, गोवर्धन चौराहा से मंडी चौराहा तक एवं मंडी चौराहा से सौंख रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

# दवंगों ने जेसीबी से खोद डाली रिहायशी पक्की दीवाल के किनारे की भूमि

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** भाजपा सरकार की कानून व्यवस्था स्वयं को कटघरे मे खड़े कर उनके अप्सरान अपने माफिक खुद भ्रष्टाचार को बढावा दे रहे हैं, इसका जीत जागता उदाहरण मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पारस पट्टी गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र शिव प्रसाद ने सोमवार दिनाक 11अगस्त को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर राजस्व अधिकारी द्वारा बिना नम्बरी भूमि पैमाईश के आदेश पर बिपक्षी से सांठगाठ कर उसके रिहायशी पक्के मकान से सटे भूमि को जेसीबी से खुदाई करने का गम्भीर आरोप लगाया हैं जिसमे जलभराव हो गया। जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र के अनुसार अशोक कुमार ने कहा है कि उसने अपने बैनामे की भूमि गाटा संख्या 1914 पर एक रिहायशी पक्का मकान बनवाया हैं, जो पत्नी के नाम पर है। गांव निवासी श्याम कुमार सूत राम उजागिर, रामदीन सुत बाबूलाल व श्रीराम सहित अन्य लोगों के सहयोग से दिनांक 7 अगस्त को राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल व कानून गो बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश से दीवाल के किनारे सटी भूमि जेसीबी लगाकर मिट्टी खोदवाने लगे, जो पहले से उसके कब्जे में है। यह खुदाई तब तक किया जब तक दीवार के किनारे लगभग 3.5 फीट गड्ढा नहीं हो गया उसने यह भी कहा है कि बरसात का मौसम हैं पानी भर जाएगा और दीवाल गिर जाएगी, मना करने पर विपक्षी इतने दबंग है कि रोकने पर मां बहन की गाली गलौज करते हुए अमादा फौजदारी हो गए. किसी तरह बीच बचाव कर प्रार्थी यह सूचना पहले डायल हन्ड्रेड 112 व स्थानीय थाने पर दिया। एक सप्ताह बीतने के बाद रिमझिम बरसात मे पक्की दीवाल गिरने के भय से आहत होकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने भरोसा दिया है कि तत्काल कार्यवाही होगी मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को भी दे दो, वही पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे बैठे अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसिया कार्य वाही करने के बजाय गैर-जिम्मेदारान बयान देते कहना कि इस पर कोई मुकदमा नहीं बनता हैं। पीड़ित अशोक पुलिस की कार्यशैली से थकाहारा मायूश सरकारी तन्त्र को कोश ते वापस लौट गया। उसका कहना है कि विपक्षी पर कार्यवाही नही हुआ तो बात जरूर ऊपरी तन्त्र तक जायेगी, अब देखना यह है कि जिलाधिकारी का आदेश कितना कारगर साबित होगा।

■ भारी जल भराव के बीच मकान गिरने का हुआ भय तो, शिकायत जिलाधिकारी से

# भव्य तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 13 अगस्त 2025 को जनपद हरदोई में देशभक्ति और एकता का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। रिजर्व पुलिस लाइन हरदोई से भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी अनुनय झा एवं पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने हरी झंडी दिखाकर किया। दोनों अधिकारी स्वयं भी यात्रा में शामिल हुए और आमजन को राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएँ, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारे लगाए, जिससे सम्पूर्ण नगर देशभक्ति के रंग में रंग गया। यात्रा विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर के मुख्य चौराहों पर पहुंची, जहां लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया। पूरे मार्ग पर सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर प्रशासन ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया और लोगों से अपील की कि वे एकजुट होकर देश की एकता, अखंडता और विकास में योगदान दें।

# ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालकर भाकियू टिकैत ने किया प्रदर्शन

■ प्रदेश उपाध्यक्ष ने सैकड़ो किसानों के साथ नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में ट्रैक्टर रैली निकाली गई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष ने छिबरामऊ नायब तहसीलदार को बहु सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। साथ ही समस्याओं का निस्तारण न होने की दशा में देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है।

बुधवार को इस्माइलपुर स्थित प्रदेश कार्यालय पर एक सैकड़ा से अधिक ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे किसानों एवं भाकियू के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदेश व केंद्र सरकार गंभीर नहीं है। किसानों को उनका अधिकार एमएसपी गारंटी कानून का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। कृषि में उपयोग होने वाले यंत्रों एवं वस्तुओं पर लगने वाली जीएसटी खत्म की जाए। भूमि अधिग्रहण की समस्या से देश के कई राज्य व्यथित हैं। प्रदेश में सरकार ने किसानों की सिंचाई मुफ्त करने की घोषणा की थी लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी नलकूपों पर मीटर लगा रहे हैं। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि आलू के निर्यात और प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा दिया जाए। खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कोतवाली, थानों में पीड़ित व्यक्ति को डरा धमकाकर 151 के तहत कार्यवाही कर दी जाती है इस पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसी ही तमाम समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष ठा. महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज पूरा देश का किसान सरकार की असंगत नीतियों के कारण दुष्परिणाम झेल रहा है। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा डॉ. कुसुम चौहान ने कहा कि महंगाई के इस दौर में आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसान मजदूर के परिवार के बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी गहरा असर पड़ा है। इससे पूर्व भारी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर सभी नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए क्रॉसिंग के निकट पाईका मैदान में एकत्र हुए जहां प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने नायब तहसीलदार राम प्रकाश को राष्ट्रपति से संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष इरशाद अली, मारूफ खान, डॉ. शरद दुबे, सुरेश यादव, रामबाबू तिवारी, रामकिशोर मिश्रा, प्रमोद तिवारी बबलू नेता, रिजवान अहमद, जिला सचिव ठाकुर धर्मेंद्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष डॉ साजिद हुसैन, शबनूर खान, अरुण कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह वर्मा, मो शहराज, राहुल कुमार, अकील फारुकी, आमिर खान, डॉ मनोज पटेल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उन्नाव पुलिस ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशानुसार, कानपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक यातायात सुनील कुमार सिंह और उनकी टीम ने हाईस्पीड वाहनों और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान स्पीड लेजर गन से कुल 10 हाईस्पीड वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई, जबकि ड्रिंक एंड ड्राइव में 05 चालान किए गए। इसके अलावा यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के विरुद्ध 195 चालान काटे गए। यातायात पुलिस ने एनएच-27 हाइवे किनारे खड़े वाहनों को अलाउंसमेन्ट के माध्यम से हटवाया, ताकि आमजन के सुरक्षित सफर और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। यातायात पुलिस निरंतर अभियानों के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगी और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी।

# वित्तीय समावेशन शिविर में ग्रामीणों को वित्तीय अधिकारों के प्रति किया गया जागरुक

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक ग्राम पंचायत स्तर पर चलाये जा रहे वित्तीय समावेशन अभियान के तहत बुधवार को प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा विकास खण्ड बिछिया की ग्राम पंचायत तारगांव स्थित बैंक आफ इण्डिया शाखा परिसर में वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक आरके गौतम ने किया। उन्होंने वित्तीय समावेशन एफआई योजनाओ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक आम जनमानस के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रहा है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, अटल पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के माध्यम से आप लोग अल्प बचत करके अपने खराब समय में अधिक लाभ उठा सकते हैं। यह योजनाएं सभी बैंको में लागू हैं। उन्होंने कहा कि अपने बैंक खातो को हमेशा अपडेट रखें और समय-समय पर केवाईसी कराते रहें। साथ ही बैंक खातो में नामिनी जरूर बनायें। उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक योजनाओ का लाभ लेकर बैंको से जुड़ने की अपील की। साथ ही शिक्षित बेरोजगार लोगों को मुद्रा योजना के तहत लोन लेकर स्वरोजगार अपनाने एवं आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी। भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय सलाहकार बीएन शुक्ला ने बढ़ते साइबर अपराध एवं डिजिटल अरेस्ट की जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग समय के साथ स्वयं में भी बदलाव करें। आज स्मार्ट फोन जहां लोगो की जरूरत बन गया है तो अराजक लोग इसके माध्यम से लोगों को आर्थिक नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि अपनी कोई भी गोपनीय जानकारी या दस्तावेज किसी अन्जान व्यक्ति से कभी शेयर न करें। यदि कोई व्यक्ति आपसे आपकी गोपनीय जानकारी या बैंक खाते की डिटेल, ओटीपी आदि प्राप्त कर लेता है तो तुरन्त इसकी सूचना अपने संबंधित बैंक या पुलिस को दें। इसके अतिरिक्त बैंक आफ इण्डिया तारगांव के शाखा प्रबन्धक विपुल शुक्ला ने बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर रूपेश, मयंक वर्मा, रामबालक यादव एवं आधा सैकड़ा से अधिक बैंक ग्राहक उपस्थित रहे।

# उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को मिली जीत, मनाया जश्न



■ भाजपा प्रत्याशी गीता देवी ने निर्दलीय उम्मीदवार को 252 वोटों से हराया

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 03 कबीर नगर के सभासद पद के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी गीता देवी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रत्याशी पूजा को 252 वोटो से करारी शिकस्त देकर जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी की जीत पर भाजपाइयों ने उनका स्वागत कर एवं आतिशबाजी छुडाकर जश्न मनाया। बताते चलें कि नगर के वार्ड नंबर 03 सभासद आशा देवी का निधन हो जाने से यह सीट खाली चल रही थी। इस पर 11 अगस्त को गीता देवी इण्टर कॉलेज में मतदान हुआ और आज बुधवार को तहसील छिबरामऊ में मतगणना हुई। मतगणना में भाजपा प्रत्याशी गीता देवी को 493 वोट मिले जबकि पूजा देवी को 241 वोट मिले। अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 252 वोट से करारी शिकस्त देकर भाजपा प्रत्याशी ने विजय हासिल की। वहीं करीब 50 मत निरस्त किए गए। भाजपा प्रत्याशी की जीत पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, दीपक गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे, परमजीत, शिवा गुप्ता, विपिन चौरसिया, जीतू गुप्ता आदि भाजपा नेताओं ने बधाई दी और फूल मालायें पहनाकर उनका स्वागत किया।

## साइबर सेल के पुलिस कर्मियों को दी गई साइट्रेन प्रशिक्षण की सौगात

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह (नोडल अधिकारी साइबर क्राइम) ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त थानों पर गठित साइबर सेल /हेल्पडेस्क में कार्यरत पुलिसकर्मियों को साइट्रेन ट्रेनिंग के संबंध में ब्रीफ किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। साइट्रेन के माध्यम से साइबर हेल्पडेस्क्स/सेल के पुलिस कर्मियों को नवीनतम तकनीकों और साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई है, ताकि वे साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्नाव पुलिस साइबर अपराधों के विरुद्ध अपनी लड़ाई और मजबूत करेगी और आम जनता को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने में मदद करेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम और जांच के लिए पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षित होना आवश्यक है और इस प्रशिक्षण के माध्यम से हम अपने पुलिसकर्मियों को और अधिक सक्षम बनाएंगे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत वितरित किए गये राष्ट्रीय ध्वज



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देशानुसार डूडा द्वारा नगर पालिका परिषद को 7000 तिरंगा झंडा उपलब्ध कराए गए। जिनको नगर के विभिन्न वार्डो के प्रत्येक घरों में लगाए जाने हेतु पालिका कर्मचारियों को वितरण किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार द्वारा कर्मचारियों को प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा लगाए जाने हेतु वार्डवासियों को प्रेरित किए जाने के निर्देश दिए गए। बुधवार को नगर में ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के कर्मियों एवं सभासदों दीपक गुप्ता, सुरेन्द्र यादव उर्फ कपिल, सिराज अहमद, सुरेन्द्र कुमार, परमजीत, विपिन चौरसिया, धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फ बडे, संतोष गुप्ता उर्फ मुल्लू ने घर-घर जाकर नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि वे स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय गौरव में सहभागी बनें। अभियान की शुरुआत पालिका परिसर से हुई, जहां पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, ईओ अनिल कुमार सहित सभासदों ने संयुक्त रूप से ध्वज वितरण का शुभारंभ किया। इसके बाद टीमों में बंटकर वार्डो में पहुंचकर नागरिकों को तिरंगे सौंपे गए और ध्वज का सही तरीके से प्रयोग एवं सम्मान करने के बारे में जानकारी दी गई। उन्होनें बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य हर नागरिक में राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करना है।

## तिरंगा हमारा अभिमान है...भारत माता की जय

**उन्नाव।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंडल अध्यक्ष रमा गुप्ता के संयोजन में, सिकंदरपुर कर्ण मंडल में सेना के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा बेथर स्थित अमर शहीद राजा चंद्रिका बक्श सिंह स्मारक स्थल से पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मारक स्थल तक भव्य पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशुतोष शुक्ला सम्मिलित हुए। यात्रा में भारत माता और भारतीय सेना जय के नारे लगाए गए। इसके पूर्व स्मारक स्थल पर पहुंचे विधायक आशुतोष शुक्ला ने स्मारक स्थल की स्वच्छता कर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यात्रा पहुंचने पर पंडित प्रताप नारायण मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही जन जनार्दन को तिरंगा वितरित क अपने आवास पर तिरंगा लहराने का निवेदन किया। मंडल अध्यक्ष रमा गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला भाजपा नेता मदन मिश्रा जितेंद्र पटेल विमल शुक्ला मनोज श्रीवास्तव राघवेंद्र लोधी विमल तिवारी आकाश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# हर घर तिररंगा अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** निराला प्रेक्षागृह मे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया। निराला प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया। सदर विधायक व जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर कर प्रेक्षागृह से एक भव्य तिरंगा रैली रवाना की। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि जनपद में शहर से लेकर गांवों तक तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं। उन्होंने वीरों के साहस और बलिदान को याद किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कर्ति राज सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने तिरंगे के सम्मान की अपील की। मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज ने छात्रों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेने का आह्वान किया। प्रेक्षागृह से निकली रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। डॉक्टर जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज, अटल बिहारी इंटर कॉलेज, श्यामकुमारी सेठ बाल निकुंज और नेहरू बालिका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम के अन्त मे भाग लेने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अमर शहीद के स्मारक स्थल पर सदर विधायक ने किया माल्यार्पण

■ परिसर में सफाई अभियान चला दिया स्वच्छता का संदेश

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** शहर के चौरा में स्थित अमर शहीद अजीत कुमार आजाद स्मारक पर स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत सफाई अभियान के आयोजन मे पहुंचे सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अजीत कुमार आज़ाद स्मारक पर माल्यार्पण कर मंडल अध्यक्ष सुशील रावत के द्वारा आयोजित सफाई अभियान में सम्मिलित होकर स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज की दिशा में सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष खुन्नू दुबे, वीरू सिंह, अक्षय गौतम, मंडल मंत्री अनुज शर्मा, सुजीत साहू, बूथ अध्यक्ष संतोष दीक्षित, बूथ अध्यक्ष सरवन राजपूत उपस्थित रहे। सदर विधानसभा अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत में जंगे नगर ऐरा भदियार से सरोसी मंडल अध्यक्ष सर्वेश लोधी के द्वारा आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होकर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया। सदर विधायक ने कहा यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अमर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए तिरंगे के सम्मान और राष्ट्रप्रेम को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प है। तिरंगा यात्रा मे पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अवनीश त्रिपाठी, मंडल महामंत्री शिव प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री एस. तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष सुधीर लोधी, मंडल उपाध्यक्ष संतराम लोधी, मंडल मंत्री श्रीराम लोधी, सेक्टर संयोजक, मंडल के सभी सेक्टर संयोजक, मंडल के भूतपूर्व अध्यक्ष सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित बोलेरो पलटने से युवती की मौत, आधा दर्जन घायल

**उन्नाव।** थाना औरास अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भोरपहर तेज रफ्तार बुलेरो चालक को नीद की झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गयी जिससे बुलेरो सवार एक युवती की मौत हो गई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह आगरा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार बुलेरो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे मे बुलेरो सवार रमादेवी 20 ग्राम महलई जनपद फर्रूखाबाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बुलेरो चालक आदेश, शिवकुमार, अजीत, जयदेवी, रमादेवी, हिमांशु निवासीगण महलई थाना मऊ जनपद फर्रूखाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी पर यूपीडा कर्मी व औरास पुलिस मौके पर पहुंची। यूपीडा कर्मियों ने क्षतिग्रस्त वाहन को सडक से हटाया। बुलेरो में सवार सभी घायलों को स्वास्थ्य केंद्र मे इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल संगठन देशहित में जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने हेतु समर्पित

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन के तत्वाधान में हर घर तिरंगा हर प्रतिष्ठान तिरंगा अभियान के अंतर्गत मुख्य व्यापारिक क्षेत्र घंटाघर उरई में जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में एक व्यापारी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार पाण्डेय जिलाधिकारी जालौन, राजेश कुमार वर्मा जी सिटी मजिस्ट्रेट उरई, विजय चौधरी जी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि उरई, श्री अरुण त्रिपाठी जी प्रदेश मंत्री व्यापार मंडल श्री ज्ञान सिंह खाँगर जी क्षेत्रीय सह संयोजक कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र छोटे भाई श्री गौरव राठौर जी प्रदेश उपाध्यक्ष युवा आदि लोग उपस्थित रहे सर्वप्रथम संगठन द्वारा सभी अतिथियों को तिरंगा पट्टिका ओर तिरंगा ब्रांच लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय ने सभी व्यापारियों से कहा कि देश की अखंडता और एकता के लिए हम सभी को एक दूसरे के प्रति सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा जब हम सभी एक हो जाएंगे तो यह देश आने वाले समय में विश्व गुरु कहलायेगा। और भारत अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नंबर एक हो जाएगा, बस जरूरत है एक जुट होने की। इस मौके पर व्यापार मंडल द्वारा जिलाधिकारी महोदय को संगठन की तरफ से 251 राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किये गए। जिसके उपरान्त जिलाधिकारी महोदय ने तिरंगा झंडे को व्यापार मंडल को उपहार स्वरुप भेंट कर दिए और कहा ये तिरंगा व्यापारिक क्षेत्र में बाँटकर हर प्रतिष्ठान तिरंगा अभियान को गति प्रदान करें। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री श्री प्रदीप द्विवेदी जी एवं श्री संजीव सिपोलिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर जिला संरक्षक श्री केदार भारद्वाज जी श्री रामबाबू कौशल जी जिलाध्यक्ष महिला बिंग श्री मती निशा राजपूत जी युवा पदाधिकारी श्री अमन सोनी जी नगर अध्यक्ष श्री उमेश चंद्र शर्मा जी की गरिमामई उपस्थिति रही।

## तिरंगा साईकिल रैली का आयोजन किया गया



**संभल अवधनामा संवाददाता।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार एमजीएम कॉलेज संभल में तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया ।जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने हिंद इंटर कॉलेज संभल से हयात नगर और हयात नगर से वापस हिंद इंटर कॉलेज तक साइकिल रैली निकाली।रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं ने भी प्रतिभागिता की ।कार्यक्रम के दूसरे चरण में आजादी के रंग विषय पर छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी प्रदर्शित की जिसमें तिरंगा और राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़े विषयों को आधार बनाकर रंगों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही साथ राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की प्रेरणा दी। पोस्टर प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ प्रीति सिंह, रैली और तिरंगा अभियान कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर फहीम अहमद रहे। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इसमें प्रोफेसर निरंकार सिंह , प्रोफेसर आबिद हुसैन ,राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ नेमपाल सिंह, डॉ प्रीति सिंह, डॉक्टर धीरेंद्र सिंह, डॉ निलेश कुमार, डॉ नवीन यादव, डॉ अमृतेश अवस्थी ,डॉ रियाज अनवर , डॉ मोहम्मद अहमद, डॉ नदीम ,डॉ दुष्यंत मिश्रा तथा सौरभ उपस्थित रहे।

## भाषा विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा अभियान 2025' के तहत रचनात्मक आयोजन



**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 'हर घर तिरंगा अभियान 2025' के तहत विविध सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेल्फी बूथ स्थापित किया गया, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तिरंगे के साथ उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाई। साथ ही चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त करते हुए आकर्षक और प्रेरणादायक चार्ट प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नलिनी मिश्रा, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. बुशरा अल्वेरा, ए.एन.ओ. एनसीसी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामदास ने संयुक्त रूप से आयोजन को सफल बनाया। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने इस अवसर पर कहा, तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र की पहचान नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, त्याग और गौरव का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना को और अधिक सशक्त करते हैं।

# मां भारती का मस्तक ऊंचा करने का कार्य करें कार्यकर्ता

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** हम सभी अपने कार्यो से मां भारती का मस्तक ऊंचा करने का कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आने के बाद विदेशों में भी भारत माता की जय बोला जाता है सबसे बड़े देश के राष्ट्रध्यक्ष भी अब भारत भारत माता की जय बोलते हैं। यह बात भाजपा जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने नवाबगंज में आयोजित तिरंगा यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कही। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा प्रधानमंत्री जी का हार्दिक धन्यवाद जिन्होंने इस राष्ट्रीय उत्सव को आज हर घर का उत्सव बना दिया है। आज देश इन तिरंगा यात्राओं को अपनी देशभक्ति प्रदर्शित करने का माध्यम बना रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में मण्डल नवाबगंज की भव्य तिरंगा यात्रा नगर के श्यामलाल इंटर कॉलेज से चर्च स्कूल नवाबगंज तक निकाली गई।मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी भाजपा अर्चना मिश्रा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के साथ भव्य पैदल तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुई। यात्रा श्यामलाल इंटर कॉलेज से प्रारम्भ हुई और ब्लॉक परिसर पहुंची जहां जिला प्रभारी भाजपा अर्चना मिश्रा ने जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष नवाबगंज दिलीप लश्करी मंडल अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील तिवारी राजेंद्र द्विवेदी भाजपा नेता विमल द्विवेदी के साथ ब्लॉक परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई व सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा व स्मारक स्थल पर माल्यार्पण किया।

# सहकारी संस्थाओं में 'लोक भारती' की हरीशंकरी पौधारोपण पहल

■ वृहद अभियान में सहकारी संस्थाओं को शामिल होने का किया आह्वान

अवधनामा संवाददाता



**उरई(जालौन)।** पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने के उद्देश्य से नदीगांव ब्लॉक स्थित बहुउद्देशीय क्षेत्रीय सहकारी समिति लि (बी पैक्स)परिसर में आज 'हरीशंकरी' पौधारोपण एवं वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ उत्तर प्रदेश शासन के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने पौधारोपण कर किया।'हरीशंकरी' परंपरा के अंतर्गत एक साथ तीन पवित्र एवं पर्यावरण हितैषी वृक्ष बरगद, पीपल और नीम का रोपड किया जाता हैं। बरगद और पीपल लंबे समय तक ऑक्सीजन के भंडार बने रहते हैं, जबकि नीम अपने औषधीय गुणों से पर्यावरण को स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक बनाता है। उन्होंने लोक भारती' की हरीशंकरी पहल के तहत आगामी 21 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले वृहद पौधारोपण अभियान में सहकारी समितियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

जिला केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार लि जालौन के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजावत ने कहा, ÷पेड़-पौधों का रोपण केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाले कल के लिए एक निवेश है। हरीशंकरी परंपरा हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण का मार्ग प्रशस्त करती है।÷सद्भावना विकास समिति के अध्यक्ष जगपाल यादव ने कहा, ÷पर्यावरण की रक्षा हर नागरिक का दायित्व है। ऐसे अभियानों से न केवल हरियाली बढ़ेगी, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित होगी। हमें मिलकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना होगा।

## तीन युवक गंगा में डूबे, चेयरमैन पुत्र की मौत

**उन्नाव।** मंगलवार को स्नान करने गए तीन युवक गंगा नदी मे डूब गये। युवको को गोताखोरों ने नदी से बाहर निकाल लिया। हादसे फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत चेयरमैन के पुत्र की हालत बिगडने पर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर चौरासी नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश जायसवाल का पुत्र हर्षित 21 अपने छोटे भाई मयंक जायसवाल और दोस्त राघव के साथ कानपुर जनपद के सरैया घाट पर गंगा स्नान के लिए गया था। स्नान के दौरान तीनों नदी के गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। तीन युवकों को डूबते देख वहा मौजूद लोगों ने शोर मचाया यह देख वहा मौजूद गोताखोरों ने तीनों युवकों को नदी से बाहर निकाल लिया। हर्षित और मयंक को गंभीरत् दशा मे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने हर्षित को मृत घोषित कर दिया। मयंक का इलाज जारी है।

## आचार्य की टीम ने शोध छात्रों को 3-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह



**वाराणसी।** वाराणसी के विभिन्न स्थानों पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं। इसमें अन्य जिलों के खिलाड़ी भी प्रतिभाग कर रहे हैं। उनके शानदार प्रदर्शन को सराहा जा रहा है। जीते हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है।

केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षण संस्थान सारनाथ में चल रही अंतर-कक्षा फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैचों में शास्त्री तृतीय और आचार्य द्वितीय की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

दिन का पहला क्वार्टर फाइनल मैच आचार्य द्वितीय और पीएचडी छात्र व कर्मचारियों की संयुक्त टीम के बीच हुआ। इस मैच में आचार्य द्वितीय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पीएचडी टीम को 3-1 से पराजित किया। मैच के शुरुआत से ही आचार्य द्वितीय की टीम ने आक्रामक रुख अपनाया।

टीम की ओर से तेंजिंग ने 27वें मिनट में पहला गोल दागकर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद, टीम के खिलाड़ी सपलवार ने 39वें मिनट में और योग्फेल ने 38वें मिनट में एक-एक गोल करके टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। पीएचडी टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए।

हालांकि, मैच के 65वें मिनट में यंगडूंग ने एक गोल करके अपनी टीम के लिए, एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ आचार्य द्वितीय की टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच शास्त्री तृतीय और बीएड द्वितीय की टीमों के बीच खेला गया। मैच में शास्त्री तृतीय की टीम ने 2-1 के करीबी अंतर से जीत दर्ज की। शास्त्री तृतीय की टीम की ओर से तेंगछीग ने 51वें मिनट में एक महत्वपूर्ण गोल किया। इससे टीम को बढ़त मिली।

इसके बाद लोबसांग ने दूसरा गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। वहीं, बीएड टीम की ओर से एकमात्र गोल सगेय नोरबू ने 38वें मिनट में किया। बीएड की टीम ने वापसी के कई प्रयास किए, लेकिन शास्त्री तृतीय के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे। इस जीत के साथ ही शास्त्री तृतीय ने भी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

सेक्टर अल्फा-1 के सेंट जोसेफ स्कूल में सीआईएससीई यूपी रीजनल एथलेटिक्स मीट के दूसरे दिन मंगलवार को वाराणसी की टीम ने सात स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर कब्जा किया। वहीं नोएडा की टीम पहले और मेरठ की टीम तीसरे स्थान पर रही।

डिस्कस थ्रो स्पर्धा में अंडर-14 में वाराणसी के हरिओम शुक्ला, 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा के अंडर-17 में सत्यम, 600 और 400 मीटर दौड़ में अंडर-14 में आदित्य यादव और बाधा दौड़ (अंडर-19) में अमन अंसारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, हैमर थ्रो स्पर्धा में अंडर-17 में शाश्वत शेखर और अंडर-19 में प्रांजल सिंह ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

भेलूपुर जोन बालक वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन नेपुरा अखाड़े में गोस्वामी तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रविंद्रपुरी के नेतृत्व में हुआ। प्रतियोगिता में जोन कई विद्यालयों के पहलवानों ने प्रतिभा दिखाई।

गोस्वामी तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने 8 स्वर्ण पदक जीते और ओवरऑल चैंपियन बनी। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अंडर-14 वर्ग में श्याम लाल यादव और विक्रांत यादव, जबकि अंडर-17 वर्ग में आशीष कुमार यादव, जिलाजीत यादव, बलराम यादव, अंशु यादव, अखिलेश यादव और आदित्य यादव शामिल हैं। प्रभु नारायण राजकीय इंटर कॉलेज 5 स्वर्ण पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा।

काकीनाडा में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला नेशनल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने मंगलवार को कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इस जीत का श्रेय वाराणसी के हॉकी कोच अकरम महमूद को जाता है।

अकरम महमूद जिले के उप क्रीड़ा अधिकारी के पद पर तैनात हैं, जिन्होंने अपनी कुशल रणनीति और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की।

## 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए पहले ही रुचि पत्र जमा कर दिया है, लेकिन भारत को 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे।



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को यहां अपनी विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे।

कनाडा के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा भारत, भारतीय ओलंपिक संघ ने दी मंजूरी की संभावनाएं बढ़ गई हैं। राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था।

इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों के एक प्रतिनिधिमंडल के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में मेजबान देश का फैसला करेगी। भारत इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है।

## इतालवी स्टार गोलकीपर डोनारुम्मा ने पीएसजी से नाता तोड़ा



**पेरिस।** इटली के रहने वाले डोनारुम्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इतालवी, अंग्रेजी और फ्रेंच में एक संदेश पोस्ट किया जिसमें कहा गया है कि उन्हें प्रभावी रूप से बाहर कर दिया गया है। स्टार गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बुधवार को टॉटिनहम के खिलाफ होने वाले यूईएफए सुपर कप फाइनल के लिए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम से बाहर किए जाने के कुछ ही घंटों बाद एक संदेश पोस्ट कर कहा कि वह क्लब छोड़ रहे हैं। पीएसजी ने मंगलवार को जब मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की तो हाल में टीम से जुड़ने वाले गोलकीपर लुकास शेवेलियर को बैकअप गोलकीपर मतवेई सफोनोव और रेनाटो मारिन के साथ टीम में शामिल किया गया था। शेवेलियर का पीएसजी से जुड़ना डोनारुम्मा की विदाई का संकेत माना जा रहा था। इटली के रहने वाले डोनारुम्मा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इतालवी, अंग्रेजी और फ्रेंच में एक संदेश पोस्ट किया जिसमें कहा गया है कि उन्हें प्रभावी रूप से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने लिखा, दुर्भाग्यवश, किसी ने यह निर्णय लिया है कि मैं अब टीम का हिस्सा नहीं रह सकता और टीम की सफलता में योगदान नहीं दे सकता।

## रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट में गुकेश संयुक्त पांचवें स्थान पर, कारुआना ने बढ़त हासिल की

**सेंट लुई।** गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले।

विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए। गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका

> रूप
>
> **उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और वियतनाम के लियम ले क्वांग पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। अमेरिका के ग्रिगोरी ओपरिन उनसे दो अंक पीछे हैं।**

के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ



खेले। इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए। रैपिड में अब जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं। अरोनियन अभी भी आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और अमेरिका के ही वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वाचियर-लाग्रेव सात अंकों के साथ चौथे, जबकि गुकेश एक और अमेरिकी खिलाड़ी लीनियर डोमिनुएज़ पेरेज़ के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।

उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और वियतनाम के लियम ले क्वांग पांच अंकों के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। अमेरिका के ग्रिगोरी ओपरिन उनसे दो अंक पीछे हैं। सैम शैंकलैंड ने गुकेश को हराकर दो अंक हासिल किए लेकिन वह अंतिम स्थान पर बने हुए हैं।

## दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स बनेंगी बार्बी डॉल



**नई दिल्ली।** वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा।

इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड होगी और हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।

## सुष्मिता सेन ने साझा किया ट्रंप के साथ काम करने का अनुभव





**मुंबई।** सुष्मिता सेन ने साल 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज जीत कर इतिहास रच दिया था। इस उपलब्धि ने उन्हें राष्ट्रीय गौरव दिलाया और मॉडलिंग व अभिनय में उनके सफल करियर की शुरुआत की।

बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज आर्या को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने साल 1994 में मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है। उन्होंने हाल ही में 2010 से 2012 के बीच मिस इंडिया यूनिवर्स फ्रेंचाइजी की देखरेख के बारे में खुलासा किया है। यह वह दौर था जब मिस यूनिवर्स संगठन का स्वामित्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास था। सुष्मिता सेन ने इंडिया टुडे से कहा मिस यूनिवर्स ऑर्गनाइजेशन ने मुझसे संपर्क किया और पूछा, क्या आप इस फ्रैंचाइजी को लेना चाहेंगी? यह बात सुन कर मैं चौंक गई, मैंने कहा सच में? मुझे यह किसी सपने जैसा लग रहा था! मैंने उस फ्रैंचाइजी को लेने के लिए एक बहुत ही कठिन अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। उस समय इसके मालिक डोनाल्ड ट्रम्प थे। उस वक्त चीजें न तो आसान थीं और न ही मजेदार। सुष्मिता सेन ने कहा कि वह सीधे तौर पर ट्रंप की कर्मचारी नहीं थीं। उन्होंने आगे कहा सौभाग्य से उस समय मैं केवल पैरामाउंट कम्युनिकेशंस और मैडिसन स्क्वायर गार्डन को रिपोर्ट करती थी। जिस साल में वहां काम करती थी, उस दौरान मिस यूनिवर्स का स्वामित्व उन्हीं के पास था। मैं ट्रंप की सीधे तौर पर कर्मचारी नहीं थी, बल्कि एक फ्रैंचाइजी धारक थी। सुष्मिता ने बताया कि इस दौरान वह ट्रंप से मिली थीं लेकिन वह उन पर अपनी छाप नहीं छोड़ सके। उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

सुष्मिता सेन ने साल 1994 में मिस यूनिवर्स का ताज जीत कर इतिहास रच दिया था। इस उपलब्धि ने उन्हें राष्ट्रीय गौरव दिलाया और मॉडलिंग व अभिनय में उनके सफल करियर की शुरुआत की।

अभिनय से ब्रेक लेने के बाद, उन्होंने वेब सीरीज आर्या और बायोग्राफिकल ड्रामा ताली में काम किया। ताली में उन्होंने ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट श्रीगौरी सावंत का किरदार निभाया।

## फिल्म अल्फा में आलिया और शरवरी का नया होगा लुक



**मुंबई।** फिल्म अल्फा आलिया भट्ट की पहली एक्शन फिल्म होगी। शरवरी भी फिल्म में एक्शन करती हुई नजर आएंगी। बॉस्को मार्टिस ने फिल्म के बारे में और जानकारी दी है।

कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस यशराज फिल्म्स की अपकमिंग फिल्म अल्फा को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ एक साथ नजर आएंगी। कोरियोग्राफर का कहना है कि फिल्म में एक्शन होगा। फिल्म में स्टाइल और बेहतरीन डांस मूव्स भी हो सकते हैं।

इंडिया टुडे से बातचीत में बॉस्को ने फिल्म की अभिनेत्रियों द्वारा किये गए काम की तारीफ की है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि फिल्म में सभी का काम एकदम अलग होने वाला है। मुझे लगता है कि फिल्म में दोनों का काम काफी बढ़ा होगा। उनका लुक बेहतरीन होगा। फिल्म में आपको आलिया और शरवरी वाघ एकदम अलग लुक में दिखेंगी। उनके लुक में जो बदलाव होगा वह एकदम नया होगा। मैं ज्यादा कुछ तो नहीं कहूंगा लेकिन इतना जरूर है कि दोनों ने फिल्म में बहुत अच्छा काम किया है।

## खूबसूरती और अभिनय का बेजोड़ संगम रहीं वैजयंती माला, राज कपूर संग नाम जुड़ने पर हुईं आग-बबूला

**मुंबई।** आज बॉलीवुड की लीजेंड एक्ट्रेस वैजयंती माला अपना 91 जन्मदिन (13 अगस्त 1933) मना रही हैं। 50 से लेकर 70 के दशक तक बड़े पर्दे पर वैजयंती माला ने राज किया। वह बॉलीवुड से लेकर साउथ की फिल्मों तक में अपनी उम्दा अदाकारी, नृत्य और असीम सुंदरता के लिए जानी गईं। जानिए, वैजयंती माला के अभिनय के सफर और निजी जीवन से जुड़ी खास बातें।

वैजयंती माला एक फिल्मी परिवार से आती हैं, उनकी मां तमिल सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री थीं। वैजयंती माला का जन्म चेन्नई के ट्रिप्लीकेन में हुआ। बचपन से ही भारतनाट्यम नृत्य सीखने लगीं। 13 साल की उम्र तक वह स्टेज पर डांस परफॉर्मेंस देने लगीं। जल्द ही उन्हें फिल्मों में भी मौका मिला। फिल्मी दुनिया में आकर वैजयंती माला ने हर तरह किरदार निभाए। जानिए, वैजयंती माला के करियर और पर्सनल लाइफ के बारे में। वैजयंती माला ने अपने करियर की शुरुआत साल 1949 में एक तमिल फिल्म 'वाजकाई' से की। कुछ फिल्में और दक्षिण भारत



में करने के बाद वह हिंदी फिल्म 'बहार' के जरिए बॉलीवुड में शामिल हुईं। पहली ही फिल्म से वैजयंती माला बॉलीवुड में छा गईं। आगे चलकर उन्होंने 'नागिन', 'लड़की', 'देवदास' 'मधुमती' और 'संगम' और 'नया दौर' जैसी कई हिट फिल्में कीं। वैजयंती माला ने 50 से लेकर 70 के दशक तक बॉलीवुड के नामी एक्टर्स के साथ काम किया। दिलीप कुमार, राज कपूर, सुनील दत्त, राजेंद्र कुमार, जॉय मुखर्जी जैसे कई नामी कलाकारों के साथ अभिनय किया। हर एक्टर के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने पसंद किया। वह हिंदी के अलावा दक्षिण भारतीय और बंगाली फिल्मों में भी सक्रिय रहीं।

## कभी हवा हवाई तो कभी चांदनी; अभिनेत्री एक लेकिन रूप अनेक, हीरो से ज्यादा पैसे लेती थीं श्रीदेवी



**मुंबई।** दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की आज 62वीं बर्थ एनिवर्सरी है। 13 अगस्त 1963 को उनका जन्म तमिलनाडु के मीनमपट्टी गांव में हुआ था। इस मौके पर आइए उनके जीवन के जुड़ी कुछ खास बातें जानते हैं।

कभी हवा हवाई तो कभी चांदनी तो कभी लेडी सुपरस्टार, ना जाने दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी के कितने नाम थे। भारतीय सिनेमा के इतिहास में कुछ कलाकार ऐसे होते हैं जिनका प्रभाव वक्त के साथ और भी गहराता जाता है। उन्हीं में से एक थीं श्रीदेवी - जिनका अभिनय, सौंदर्य और व्यक्तित्व आज भी सिनेमा प्रेमियों के दिलों में बसा है।

13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के मीनमपट्टी गांव में जन्मी श्रीदेवी का बचपन आम बच्चों जैसा नहीं था। उन्होंने बहुत कम उम्र में फिल्मों की दुनिया में कदम रख दिया और अपने कठिन परिश्रम, डेडिकेशन और बेहतरीन अदाकारी के दम पर बॉलीवुड की 'सुपरस्टार' कही जाने लगीं।जहां आम बच्चे चार साल की उम्र में स्कूल जाना शुरू करते हैं, वहीं श्रीदेवी इस उम्र में कैमरे के सामने एक्टिंग कर रही थीं। उनका पहला अभिनय अनुभव तमिल फिल्म 'कंधन करुणई' में एक बाल कलाकार के रूप में हुआ। अभिनय की इस पहली झलक ने ही यह संकेत दे दिया था कि यह बच्ची एक दिन बड़ा नाम बनेगी।

तमिल फिल्मों में सफल शुरुआत के बाद श्रीदेवी ने महज नौ साल की उम्र में हिंदी फिल्म 'रानी मेरा नाम' से बॉलीवुड में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। बचपन से ही अभिनय की पकड़ इतनी मजबूत थी कि वह हर किरदार में पूरी तरह ढल जाती थीं।

1979 में श्रीदेवी ने सोलहवां सावन से हिंदी सिनेमा में अभिनेत्री के रूप में खुद को स्थापित कर लिया, लेकिन असली पहचान उन्हें 1983 की फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म में उनके डांस और डायलॉग डिलिवरी ने दर्शकों के दिल जीत लिए। इसके बाद 80 और 90 का दशक श्रीदेवी के नाम रहा। उनकी मौजूदगी से फिल्में हिट की गारंटी मानी जाती थीं। निर्माता-निर्देशक उनकी लोकप्रियता के बल पर फिल्में बनाते थे। श्रीदेवी को न सिर्फ दर्शकों का प्यार मिला, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री में भी उन्हें एक अलग दर्जा प्राप्त हुआ। उस दौर में जब हीरो को ही हमेशा फिल्म का केंद्र माना जाता था, श्रीदेवी ने उस सोच को बदल दिया। उन्होंने कई फिल्मों में ऐसा किरदार निभाया जिसमें कहानी पूरी तरह उन्हीं के इर्द-गिर्द घूमती थी। 80 और 90 के दशक में जब अभिनेत्रियों को पुरुष कलाकारों की तुलना में कम फीस मिलती थी, तब श्रीदेवी ने यह मिथक तोड़ा।

## अभिनय के अलावा नई चीजों से था शम्मी कपूर को लगाव

**मुंबई।** शम्मी कपूर को बॉलीवुड के सबसे करिश्माई कलाकार के तौर पर याद किया जाता है। वह अपनी अलग स्टाइल से पर्दे पर कमाल करते थे। फिल्म सेट के अलावा शम्मी कपूर को एक चीज और जो सबसे ज्यादा पसंद थी, वह थी तकनीक। वर्षों पहले जब लोग सिर्फ इंटरनेट के बारे में सुनते थे, उस वक्त शम्मी कपूर इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे थे। 1990 के शुरुआती दशक में जब इंटरनेट पश्चिम में भी नया था, तब वह इंटरनेट का इस्तेमाल करते थे। वह स्टीव जॉब्स की कंपनी की तरफ से बनाए गए कनेक्शन एप्पल इंक के जरिए इंटरनेट पर आए। ऋझ्ढ्ड के मुताबिक शम्मी कपूर ने एक इंटरव्यू में कहा मैंने इंटरनेट का इस्तेमाल तब किया जब यह भारत में नहीं आया था। भारत में इंटरनेट 1995 में आया।

## ऋतिक और जूनियर एनटीआर ने वसूली 'वॉर 2' के लिए मोटी रकम, कियारा को मिली करियर की सबसे अधिक फीस

**मुंबई।** 'वॉर 2' 14 अगस्त को रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस बड़ी बजट की फिल्म के लिए एक्टर्स ने भी मोटी रकम वसूली है। जानते हैं फिल्म की कास्ट ने किसे मिली कितनी फीस।

ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मच अवेटेड फिल्म 'वॉर 2' अब एक दिन बाद यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। इस फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया गया है। जानते हैं इस फिल्म के लिए, किस एक्टर ने ली है कितनी मोटी रकम।

इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और शानदार सिनेमैटोग्राफी देखने को मिलेगी, जिसकी एक झलक ट्रेलर में ही देखने को मिली है। फिल्म को विदेशों में अलग-अलग लोकेशंस पर शूट किया गया है। जिसे देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि मेकर्स ने फिल्म के लिए काफी पैसा बहाया है। 'वॉर 2' से तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में उनके किरदार को लेकर काफी हाइप बना



हुआ है। वहीं उनके और ऋतिक रोशन के बीच एक्शन को देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। ऐसे में जाहिर है कि जूनियर एनटीआर ने फीस भी काफी मोटी ली होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जूनियर एनटीआर ने 'वॉर 2' के लिए करीब 60 से 70 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं। ये उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' की फीस से भी ज्यादा है, जहां उन्हें 45 करोड़ रुपए मिले थे। 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर धालीवाल की भूमिका में नजर आएंगे। 2019 में आई 'वॉर' में ऋतिक ने अपने अभिनय और लुक्स से हर किसी को प्रभावित किया था। अब एक बार फिर ऋतिक के कंधों पर 'वॉर 2' की सफलता की बड़ी जिम्मेदारी है। इसके लिए, ऋतिक ने रकम भी मोटी वसूली है। रिपोर्ट्स की मानें तो 'वॉर 2' के लिए ऋतिक ने करीब 48 करोड़ रुपए फीस ली है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि ऋतिक इस फीस के साथ फिल्म की कमाई में भी शेयर लेंगे। सिर्फ मेल एक्टर्स ही नहीं फिल्म की हीरोइन कियारा आडवाणी को भी इस फिल्म के लिए अच्छी-खासी रकम मिली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कियारा ने 'वॉर 2' के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये लिए हैं। ये कथित तौर पर उनकी अब तक की सबसे ज्यादा फीस है। यानी फिल्म के रिलीज होने से पहले ही 'वॉर 2' कियारा के करियर के लिए अहम फिल्म बन चुकी है। 'ब्रह्मास्त्र' और 'ये जवानी है दीवानी' जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाले निर्देशक अयान मुखर्जी पहली बार एक्शन-थ्रिलर फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने 'वॉर 2' के लिए अयान को भी मोटी रकम दी है। रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि 'वॉर 2' के लिए अयान मुखर्जी को लगभग 32 करोड़ की मोटी रकम मिली है। ये आंकड़ा उन्हें आज इंडस्ट्री के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले निर्देशकों में से एक बनाता है।

# सावरकर पर बयान के कारण जान का खतरा

## महात्मा गांधी की हत्या का जिक्र कर राहुल ने दी याचिका

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वीर सावरकर पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे आपराधिक मानहानि मामले में उनके वकील ने पुणे कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। जिसमें गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। विनायक सावरकर पर टिप्पणी के कारण पुणे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला चल रहा है। इसी मामले में पुणे की एक विशेष सांसद-विधायक अदालत ने बुधवार को राहुल गांधी के वकील की ओर से दायर एक याचिका को रिकॉर्ड में लिया। इस याचिका में राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर आशंका व्यक्त की गई है।

याचिका में कहा गया है कि खासकर कथित वोट चोरी का पर्दाफाश करने के बाद सुरक्षा से जुड़ी आशंका और बढ़ गई है। वकील मिलिंद पवार ने अपनी याचिका में कहा है कि कैसे भाजपा नेता आरएन बिट्टू ने गांधी को आतंकवादी कहा है। एक अन्य भाजपा नेता तरविंदर मारवाह ने भी खुली धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि गांधी को अच्छा व्यवहार करना चाहिए अन्यथा उनका भी अपनी दादी जैसा ही हश्र होगा।

इसके अलावा, पवार ने इस मामले में शिकायतकर्ता सत्याकि का सावरकर और गोडसे परिवारों से संबंधित होने की भी चर्चा की है। राहुल गांधी के वकील ने कहा है कि वे अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर सकते हैं। याचिका में कहा गया है, ÷शिकायतकर्ता के वंश से जुड़ी हिंसक और संविधान विरोधी प्रवृत्तियों और मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए, यह स्पष्ट, उचित और पर्याप्त आशंका है कि गांधी को विनायक सावरकर की विचारधारा को मानने वाले व्यक्तियों की ओर से नुकसान पहुंचाया जा सकता है। याचिका में कहा गया है कि महात्मा गांधी की हत्या आवेग में की गई कार्रवाई नहीं थी, बल्कि यह एक साजिश का परिणाम था। यह एक एक विशिष्ट विचारधारा पर आधारित थी। इसकी परिणति एक निहत्थे व्यक्ति के खिलाफ जानबूझकर की गई हिंसा में हुई।

याचिका में कहा गया, ÷ मानहानि मामले के याचिकाकर्ता के गंभीर इतिहास को देखते हुए, बचाव पक्ष को वास्तविक और उचित आशंका है कि इतिहास को खुद को दोहराने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।÷ आवेदन में कहा गया है कि गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर देश के सामने चुनाव आयोग द्वारा चुनावी धोखाधड़ी के सबूत रखे थे।

उन्होंने संसद परिसर में ÷वोट चोर सरकार जैसे नारे लगाते हुए धरना भी दिया। आवेदन में कहा गया है, ÷इसके अलावा, हिंदुत्व के विषय पर संसदीय बहस के दौरान, प्रधानमंत्री और राहुल गांधी के बीच तीखी बहस हुई, जो जनता को अच्छी तरह पता है। इस पृष्ठभूमि में, इसमें कोई संदेह नहीं है कि शिकायतकर्ता, उनके परदादा (गोडसे), विनायक सावरकर की विचारधारा से जुड़े लोग और सावरकर के कुछ अनुयायी जो वर्तमान में सत्ता में हैं, गांधी के प्रति शत्रुता या नाराजगी रखते होंगे।

# डोभाल के बाद जयशंकर भी रूस जाएंगे, ट्रंप की धमकियों और टैरिफ वॉर के बीच विदेश मंत्री का अहम दौरा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत और रूस के संबंधों में काफी करीबी देखी जा रही है। हाल ही में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस का दौरा किया था और वहा मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ ही कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात की थी। अब खबर आई है कि भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर भी जल्द रूस दौरे पर जाएंगे और वहां रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव से मुलाकात करेंगे।

रूसी विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव के बीच 21 अगस्त को मॉस्को में बैठक होगी। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अंतर्गत कई अहम मुद्दों पर सहयोग को लेकर चर्चा होगी। साथ ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर भी बातचीत होगी। इस वर्ष के अंत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत यात्रा पर आ सकते हैं। ऐसे में दोनों नेताओं की मुलाकात में पुतिन के दौरे की तैयारियों पर भी बात हो सकती है।

विदेश मंत्री जयशंकर का रूस दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब भारत और अमेरिका के संबंधों में थोड़ी तल्खी आई है। यह तल्खी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद हुई है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने और यूक्रेन युद्ध को कथित तौर पर बढ़ावा देने के चलते भारत पर टैरिफ लगाया है। साथ ही अमेरिकी सरकार इन दिनों पाकिस्तान के साथ अपनी नजदीकियां बढ़ाने में जुटी है। ऐसे में भारत भी अपने सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के रूस दौरे पर दोनों देशों के बीच सैन्य तकनीक सहयोग से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई थी।

## क्विक न्यूज

### बढ़ रही हैं भारत-चीन की नजदीकियां, अब क्या करेंगे ट्रंप?

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वॉर के बीच ग्लोबल पॉलिटिक्स बदलती दिख रही है। कभी भारत-चीन के रिश्तों में कड़वाहट होती थी वो अब धीरे-धीरे पटरी पर आ रहे हैं। पांच साल पहले लद्दाख में हुई झड़पों के बाद सीमा पर बढ़े तनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के दौरे पर जा सकते हैं। उससे पहले वहां के विदेश मंत्री वांग यी एनएसए अजित डोभाल से मिलने के लिए भारत आ रहे हैं। अगले हफ्ते 18 अगस्त, 2025 को वांग यी भारत में अजित डोभाल से कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे। वांग यी का ये भारत दौरा ऐसे समय पर हो रहा है, जब डोनाल्ड ट्रंप ने चीन और भारत दोनों पर ही हैवी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। पिछली यी-डोभाल की मीटिंग जून में एससीओ, एक क्षेत्रीय सुरक्षा ब्लॉक, की बैठक के लिए हुई थी। डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हमलों के बाद भारत-चीन संबंधों में थोड़ी नरमी आई है।

### हमें इंसानों की रक्षा करनी होगी, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शशि थरूर का तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पुनर्विचार करने आग्रह किया। उन्होंने सुझाव दिया कि डॉग मैनेजमेंट के लिए नगरपालिकाओं के बजाय पैसे को विश्सनीय पशु कल्याण संगठनों के लिए भेजा जाए। उन्होंने कहा कि वास्तविक मुद्दा संसाधनों के उपलब्ध होने के बावजूद, आवंटित धन का नगरपालिकाएं प्रभावी ढंग से इस्तेमाल नहीं कर पाती हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, हमें कुत्तों के लिए मानवीय होने के दौरान मनुष्यों की रक्षा करने की जरूरत है। लेकिन एक बिंदु का कोई उल्लेख नहीं करता कि हमारे सिस्टम में दोष संसाधनों की कमी का नहीं है बल्कि नगरपालिकाओं की नाकामी का है, जिन्हें पैसा मिलता है लेकिन वो आवारा कुत्तों की सही से देखभाल नहीं कर पाती।

### 15 अगस्त को पीएम का लालकिले से 12वां संबोधन

**नई दिल्ली।** सूत्रों की मानें तो पीएम अपने संबोधन से अंतरराष्ट्रीय बिरादरी को भारत का विजन देंगे। साथ ही, पूरा संबोधन सेना के शौर्य को समर्पित होगा। इसके अलावा, मोदी जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के मामले में केंद्र के रोडमैप का ऐलान भी कर सकते हैं। इस बारे में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल सिफारिशें दे चुके हैं। राज्य के दर्जे की बहाली की औपचारिक घोषणा के बाद विधायी और कार्यपालिका के स्तर पर तेजी से कदम बढ़ाए जा सकेंगे। सूत्रों के अनुसार राज्य का दर्जा बहाल करने के विधेयक में मौजूदा विधानसभा को राज्य विधानसभा के तौर पर आगे बढ़ाने का प्रावधान होगा। महिला कल्याण, किसानों से जुड़े ऐलान हो सकते हैं मोदी हर साल अपने भाषण में ऐसे बड़े ऐलान करते हैं, जिनसे देश को दिशा मिले। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया आदि का ऐलान भी स्वतंत्रता दिवस पर ही हुआ है।

# विपक्ष भी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा, 18 अगस्त को मीटिंग, खड़गे इंडिया ब्लॉक के नेताओं से बात कर रहे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं।

उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

भाजपा की तरफ से थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार इस बीच, भाजपा इस पद के लिए अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित कार्यकर्ता को उम्मीदवार बना सकती है। फिलहाल जिन नामों पर पार्टी में विचार चल रहा है, उनमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। अन्य नाम सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का भी है।

थावरचंद गहलोत अभी कर्नाटक के राज्यपाल हैं। 77 वर्षीय गहलोत राज्यसभा में सदन के नेता रह चुके हैं साथ ही केंद्रीय मंत्री का पद भी संभाल चुके हैं। भाजपा में वे सर्वोच्च नीति निर्धारक इकाई पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं। जातीय समीकरण (दलित) में भी वे फिट बैठते हैं। वह मध्य प्रदेश से हैं। उनके पास प्रशासनिक अनुभव भी है।

# पीएचडी शोधार्थी का राज्यपाल से डिग्री लेने से इनकार, राज्य के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप

एजेंसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मनोन्मणियम सुंदरनार विश्वविद्यालय के 32वें दीक्षांत समारोह में बुधवार को एक पीएचडी शोधार्थी ने राज्यपाल आर. एन. रवि के हाथ से डिग्री लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने राज्यपाल पर तमिलनाडु के हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया और डिग्री विश्वविद्यालय के कुलपति से ली। इस शोधार्थी का नाम जीन जोसेफ है। जीन ने माइक्रो फाइनेंस में पीएचडी की है। पीएचडी शोधार्थी ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर राज्यपाल को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा, आर. एन. रवि तमिलनाडु और यहां के लोगों के खिलाफ हैं। उन्होंने तमिल लोगों के लिए कुछ भी नहीं किया है। मैं उनसे अपनी डिग्री लेना चाहती थी।

समारोह के एक वीडियो में देखा जा सकता है कि वह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्यपाल को नजरअंदाज करते हुए सीधे कुलपति एन. चंद्रशेखर के पास जाती हैं और डिग्री लेकर उनके साथ फोटो खिंचवाती हैं। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि राज्यपाल पहले इसे कोई चूक समझते हैं और डिग्री देने के लिए हाथ बढ़ाते हैं। लेकिन जीन के हावभाव से स्पष्ट हो रहा था कि यह जानबूझकर किया गया। इसके बाद राज्यपाल सिर हिलाकर प्रतिक्रिया देते हैं। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ प्रोफेसर ने बताया, हमें लगा कि वह कुलपति की परिचित हैं और उनसे ही डिग्री लेना चाहती हैं। बाद में समझ में आया कि उन्होंने ऐसा जानबूझकर किया।

जीन जोसेफ के पति राजन सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) पार्टी में पदाधिकारी हैं। द्रमुक का लंबे समय से राज्यपाल रवि के साथ टकराव चल रहा है। पार्टी आरोप लगाती है कि राज्यपाल विधानसभा में पारित विधेयकों को मंजूरी देने में जानबूझकर देरी करते हैं और चुनी हुई सरकार के काम में बाधा डालते हैं और समानांतर प्रशासन चलाने की कोशिश करते हैं। हाल ही में यह टकराव तब और बढ़ गया, जब सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर फैसला सुनाया। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल और राष्ट्रपति को ऐसे मामलों में स्वतंत्र रूप से कोई स्वतंत्र निर्णय लेने का अधिकार नहीं है और उन्हें मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना होगा।

इसके बावजूद राज्यपाल रवि ने कलाईनार विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़े विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज दिया, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए एक महीने की समयसीमा तय की थी। यह विश्वविद्यालय पूर्व मुख्यमंत्री एम. करुणानिधि के नाम पर है और विधेयक में मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय का कुलपति बनाए जाने का प्रस्ताव है, न कि राज्यपाल को।

# 9 माह में 2 लाख साइबर हमले, निशाने पर शैक्षणिक संस्थान; रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली और बेंगलुरु सहित देश के कई शहरों के स्कूलों और दूसरे शैक्षणिक संस्थानों को ईमेल के जरिए बम से उडाने की मिली झूठी धमकी के बाद देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में साइबर सुरक्षा को लेकर कराए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि देश के शैक्षणिक संस्थानों पर साइबर सुरक्षा का संकट दिनों दिन बढ़ रहा है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नौ महीनों में देश के शैक्षणिक संस्थानों पर दो लाख से ज्यादा बार साइबर हमले हुए है, जबकि चार लाख डेटा संबंधी उल्लंघन भी हुए है। साइबर सुरक्षा पर काम करने वाली वैश्विक संस्था साइबर पीस ने डेलनेट के सहयोग से कराए गए एक पायलट अध्ययन में यह पाया है कि देश के उच्च शिक्षण और दूसरे शैक्षणिक संस्थानों में साइबर खतरों से निपटने की अभी कोई पुख्ता तैयारी नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शैक्षणिक संस्थानों में यह अध्ययन जुलाई 2023 से अप्रैल 2024 के बीच कराया गया है। जिसमें जिन विषयों पर मुख्य फोकस था, उनमें साइबर खतरों की पहचान करना, इससे निपटने की तैयारियों का आकलन करना, साइबर हमलों के कारण होने वाले व्यवधानों की जांच व साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सुझाव देना आदि शामिल था।

रिपोर्ट में दावा किया है कि यह हमले देश और देश के बाहर से भी किए गए थे। इस दौरान आठ हजार से ज्यादा ऐसे यूजर नेम और करीब 54 हजार यूनिक पासवर्ड की भी पहचान की गई है, जिन्हें कमजोर यूजर नेम, पासवर्ड के चलते निशाना बनाया गया था।

रिपोर्ट में वैश्विक स्तर पर बढ़ते साइबर खतरों को देखते हुए शैक्षणिक संस्थानों को अपने तंत्र को मजबूत करना चाहिए। ताकि कोई उनके महत्वपूर्ण शोध, ज्ञान या डेटा की चोरी न कर सकें।

# अग्निवीरों को संविदा पदों पर भर्ती में मिलेगा आरक्षण, धर्मांतरण कानून हुआ और सख्त

एजेंसी



**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान 26 प्रस्ताव पास किए गए। इस दौरान सरकार ने अग्निवीरों को संविदा पदों पर भर्ती में आरक्षण के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। अब अग्निवीरों को सेवाकाल पूरा होने पर समूह ग के वर्दीधारी पदों की सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा। इसमें अग्निवीरों का उत्तराखंड का मूल निवासी या स्थायी निवासी होना जरूरी है। बताया जा रहा है कि अगले वर्ष रिटायर होने के बाद 850 पदों पर भर्ती दी जाएगी।

अग्निशमन व नागरिक पुलिस (कांस्टेबल/उपनिरीक्षक), कारागार पुलिस सेवा (बंदी रक्षक), वन विभाग (वन रक्षक), राजस्व पुलिस (पटवारी), आबकारी (पुलिस बल), परिवहन विभाग (पर्वतन दल) इसके साथ ही सरकार ने धर्मांतरण कानून और सख्त करने के लिए कानून में कुछ संशोधनों के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। एक्ट में संशोधन कर सजा को 10 साल से बढ़ा कर 14 साल किया। कुछ मामलों में 20 साल तक सजा हो सकती है। जुर्माना राशि को 50 हजार से बढ़ा कर 10 लाख किया गया।

उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवं निर्माण निगम के ढांचे का पुनर्गठन और यूआईआईडीबी व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जलाशय के कार्यों के संपादन के लिए दो अतिरिक्त कार्यक्रम इकाई का गठन।

सहकारिता विभाग की अधिसूचना 23.07.2001 द्वारा नवगठित उत्तराखंड के सीमित संसाधनों के कारण उप्र सहकारी संस्थागत सेवामंडल नियमावली को विखंडित करते हुए सारी शक्तियां निबन्धक, सहकारी समितियां, उत्तराखण्ड में निहित की गई।

लखवाड़ जल विद्युत परियोजना के प्रभावितों को नैनबाग के सर्किल रेट पर मुआवजा मिलेगा।

# छंटनी के बीच 3 सेक्टर्स में रोजगार के मौके, 5 स्किल्स हैं तो मिलेगी मोटी सैलरी वाली नौकरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुरू किए गए आक्रामक व्यापार शुल्कों के कारण न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिति में अस्थिरता आ गई है। इस नई परिस्थिति का एक सकारात्मक पहलू यह है कि इसने वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नए तथ्यों के साथ संवाद का अवसर प्रदान किया है। व्यापारिक मोर्चे पर देशों के बीच मची खींचतान के बीच तकनीकी उद्योग में मंदी की आहट से भी चिंता बढ़ी है। यह खतरा इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि तकनीकी पेशेवर अपनी उच्च तनख्वाह से घर, कार और जीवनशैली के बाजार को संचालित कर रहे हैं। इसलिए भारत के आईटी सेक्टर से आ रही खबरें भविष्य की चिंताओं से भरी हुई हैं।

हाल में देश की सबसे बड़ी प्राइवेट आईटी कंपनी टीसीएस ने 12,000 से अधिक नौकरियों में कटौती करने की घोषणा की, जिसने सभी को चौंका दिया है। इससे कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में लगभग दो प्रतिशत की कमी आएगी। यह स्थिति केवल भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखी जा रही है।

लेआफ्स डॉट एफवाईआइ के अनुसार इंटेल, माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी 171 कंपनियों ने इस वर्ष अब तक कुल 80,250 कर्मचारियों को निकाल दिया है। इनमें इंटेल ने मात्र तीन महीनों में 27,000 छंटनी के साथ सबसे आगे है।

कर्मचारियों की छंटनी की इन बड़ी घोषणाओं से यह स्पष्ट हो गया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के युग में आईटी क्षेत्र में न तो नौकरियां सुरक्षित हैं और न ही इस क्षेत्र का पारंपरिक बिजनेस मॉडल। आईटी सेक्टर का विकास पिछले तीन दशकों से बाजार और अर्थशास्त्र को प्रभावित कर रहा है। सूचना क्रांति के साथ शुरू हुए सूक्ष्म तकनीक का दौर अब भी जारी है, लेकिन यह तेजी से बदल रहा है।

# भूखंड आवंटन मामला- शेख हसीना और उनकी भतीजियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मुकदमा शुरू

एजेंसी



**ढाका।** ढाका की एक कोर्ट में बुधवार को बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी भतीजियों अजमीना सिद्दीकी और ट्यूलिप सिद्दीकी समेत 17 अन्य के खिलाफ जमीन घोटाले के मामले में मुकदमा शुरू हुआ। शिकायतकर्ता ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

द डेली स्टार अखबार के मुताबिक, दोपहर में भ्रष्टाचार-रोधी आयोग (एसीसी) की सहायक निदेशक अफनान जन्नत केया ने ढाका की विशेष कोर्ट-4 के जज मोहम्मद रबीउल आलम के सामने अपना बयान दर्ज कराया। अफनान इस मामले में शिकायतकर्ता हैं। इससे पहले, एसीसी के उप निदेशक मोहम्मद सलाहुद्दीन ने जज आलम के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया, जो मामले में अन्य शिकायतकर्ता हैं। शेख हसीना, उनकी बहन शेख रिहाना और ट्यूलिप सहित 17 लोगों के खिलाफ यह मामला दर्ज है। ट्यूलिप सिद्दीकी लंदन में रहती हैं और वहां की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की सांसद हैं। वह लंदन की हैम्पस्टेड एंड हाईगेड सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ट्रेजरी मंत्री के पद से इस्तीफा दिया था। यह कदम उन्होंने उनके परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद उठाया था। ट्यूलिप ने इन आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि यह सब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की ओर से उनके खिलाफ एक दुष्प्रचार अभियान चलाने का प्रयास है, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके।

एक बांग्ला अखबार के मुताबिक, 11 अगस्त को शेख हसीना, उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और बेटी साइमा वाजेद के खिलाफ कथित भूखंड आवंटन घोटाले से जुड़े तीन अन्य मामले में भी बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने 12 से 14 जनवरी के बीच शेख हसीना, उनके परिवार के सदस्यों और 23 अन्य लोगों के खिलाफ न्यू टाउन प्रोजेक्ट के तहत भूखंड आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर कुछ छह मामले दर्ज किए थे।

# सर्बिया में प्रदर्शन के दौरान सरकार समर्थकों और विरोधियों में झड़प, 15 पुलिसकर्मियों समेत दर्जनों घायल

एजेंसी



**बेलग्रेड।** सर्बिया में मंगलवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंसक झड़पें देखने को मिलीं। यह झड़पें सरकार समर्थकों और विरोधियों के बीच उस समय हुईं, जब नौ महीने से जारी प्रदर्शनों के बीच तनाव और बढ़ गया। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुविच के खिलाफ हो रहे हैं।

हिंसा की शुरुआत बेलग्रेड के उत्तर-पश्चिम शहर व्रबस में हुई, जहां प्रदर्शनकारी और सरकार समर्थक सर्बियाई प्रगतिशील पार्टी के कार्यालय के बाहर आमने-सामने आए गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग करने की कोशिश की। घटना के वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि सरकार समर्थकों ने प्रदर्शनकारियों पर जलती हुई कागज की तख्तियां, पत्थर और बोतलें फेंकीं। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने भी अलग-अलग वस्तुएं फेंकीं। पुलिस के मुताबिक, इन झड़पों में 16 पुलिसकर्मियों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं। देश के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आईं।

सर्बिया में छात्रों के नेतृत्व वाला यह आंदोलन नवंबर में शुरू हुआ था, जब उत्तरी शहर नोवी साड में एक रेलवे स्टेशन की छत गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद सरकारी निर्माण परियोजना में भ्रष्टाचार को लेकर जनता में आक्रोश भड़क उठा। तबसे लाखों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर चुके हैं, जिससे राष्ट्रपति वुविच की सत्ता पर पकड़ कमजोर होती नजर आ रही है। हाल ही में राष्ट्रपति के समर्थकों ने विरोध में प्रदर्शन शुरू किए हैं, जिससे हिंसा की आशंका और बढ़ गई है। व्रबस शहर में हुई झड़पों के बाद कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस आयुक्त ड्रागन वासिलजेविक ने सरकारी टेलीविजन आरटीएस को बताया कि प्रदर्शनकारी सत्तारूढ़ पार्टी के समर्थकों पर हमला करने आए थे। हालांकि, प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पहले सरकार समर्थकों ने ही उन पर हमला किया। उन्होंने बताया कि व्रबस के अलावा दक्षिण शहर बाक्का पालांका, फिर नोवी साड और दक्षिण शहर निस में भी ऐसा ही हुआ।

### महिला सांसद को गाजा का पक्ष लेना पड़ा भारी, इस्राइल प्रतिबंध प्रस्ताव से हंगामा

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की ग्रीन पार्टी की सह-नेता और विपक्षी सांसद क्लो स्वारब्रिक को संसद में गाजा युद्ध को लेकर हुए विवादित बयान के चलते लगातार दूसरे दिन सदन से बाहर कर दिया गया। उन्होंने सरकार के सांसदों को स्पाइनलेस (रीढ़ के बिना) कहकर चुनौती दी थी कि वे इस्राइल पर प्रतिबंध लगाने के उनके प्रस्ताव का समर्थन करें। स्वारब्रिक को पहले तीन दिन का बैन दिया गया था, लेकिन वह अगले ही दिन वापस आईं और माफी से इनकार करने पर दोबारा बाहर कर दी गईं। मंगलवार को गाजा मुद्दे पर चर्चा के दौरान स्वारब्रिक ने कहा कि अगर 68 सरकारी सांसदों में से छह में भी रीढ़ है, तो वे इतिहास के सही पक्ष में खड़े होकर इस्राइल पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव का समर्थन करेंगे। संसद के स्पीकर गेरी ब्राउनली ने इसे अस्वीकार्य बताते हुए बयान वापसी और माफी की मांग की। स्वारब्रिक के इनकार करने पर उन्हें सप्ताहभर के लिए सदन से बाहर कर दिया गया। बाहर जाते समय उन्होंने हैप्पिली कहते हुए कदम बढ़ाए। बैन के बावजूद स्वारब्रिक बुधवार को सदन में लौट आईं। ब्राउनली ने फिर माफी मांगी, लेकिन उन्होंने दोबारा इनकार कर दिया और फ्री फलस्तीन卐 का नारा लगाते हुए बाहर निकल गईं।

## शिक्षकों और स्कूली बच्चों के वंदे मातरम नारे से गूंजा आसमान

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा को जिलाधिकारी के द्वारा शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क के गेट नं0-3 से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

तिरंगा यात्रा शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं0-03 से प्रारम्भ होकर सिविल लाइन हनुमान मंदिर चौराहा से होते हुए पुनः शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं0-3 आकर सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में बेसिक शिक्षा विभाग के लगभग 2500 शिक्षक, स्काउट टीम एवं स्कूली बच्चे सम्मिलित हुए। तिरंगा यात्रा के समय लोग उत्साह के साथ देशभक्ति की भावना एवं राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा से ओत-प्रोत रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, प्रशिक्षु आईएएस अनिमेश वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवब्रत सिंह सहित बेसिक शिक्षा एवं शिक्षक संगठनों के अधिकारी एवं

# जिला प्रशासन के तत्वाधान में निकाली गयी भव्य एवं एतिहासिक रैली

- यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति के नारे लगाकर दिया गया एकता का संन्देश
- आंधी हो या तूफान हम करेंगे वीरों का सम्मान -



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में आज मा0 जनपद न्यायाधीश श्री अनिल कुमार वर्मा, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के संयुक्त नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों पुलिस बल के जवानों, छात्र छात्राओं, शिक्षकगणों सहित आमजनमानस की उपस्थिति मे पुलिस लाइन से उत्साहपूर्वक ऐतिहासिक और भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली पुलिस लाइन से होते हुए लाइन बाजार, गांधी तिराहा, अंबेडकर तिराहा, कलेक्ट्रेट परिसर, जोगियापुर, सद्भावना पुल होते हुए शाही किले पर जाकर समाप्त हुई। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने गांधी तिराहे पर महात्मा गांधी और अंबेडकर तिराहे पर अंबेडकर जी की प्रतिमा पर तथा कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर क्रान्ति स्तंभ और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा और शहीद स्तंभ पर मार्ल्यापण किया। यात्रा के दौरान रैली में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा का नारा लगाते हुए देश भक्ति और एकता का सन्देश दिया। रैली में एनसीसी कैडेट और स्काउट गाइड, टी0डी0 कालेज, बी0आर0पी इन्टर कालेज, मोहम्मद हसन पीजी कालेज, जनक कुमारी इन्टर कालेज, नेहरू बालोद्यान इन्टर कालेज, हरिहर सिंह इन्टर कालेज, रजा डीएम शिया इन्टर कालेज सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक झांकी भी निकाली। यात्रा के दौरान बारिश के बावजूद भी छात्र छात्राओं को उत्साह कम नही हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शिराजे हिंद के जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, प्यारे बच्चों और नागरिकों ने इस पंक्ति को चरितार्थ कर दिया कि आंधी हो या तूफान हम करेंगे वीरों का सम्मान। सभी लोगों ने भारी बरसात के बीच आज इतनी बड़ी रैली निकालकर दिखा दिया कि हम सब एक है और इस रैली के माध्यम से हाथ मे तिरंगा लेकर आज हम सब ने वीर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीर सपूतों को नमन किया जिन्होने हमें आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। शाही किले में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिलाधिकारी ने रैली में सम्मिलित हुए समस्त गणमान्य लोग और पत्रकार बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और हर घर अभियान अंतर्गत अपने अपने घरों पर तिरंगा प्रदर्शित करने की अपील भी की। रैली में समूह की महिलाओं, किसानों, शिक्षकगणों और आमजन ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मनोरमा मौर्या, जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी राम अक्षयवर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्टेट इन्द्र नन्दन सिंह, उपजिलाधिकारी सदर संतवीर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, परियोजना निदेशक के.के. पांडेय, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, पर्यटन सूचना अधिकारी मीनाक्षी यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रात में पत्नी से झगड़ा, सुबह लटकती मिली पति की लाश

**जौनपुर।** मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के फत्तूपुर कला गांव में पत्नी से झगड़ा होने के बाद पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी सुबह लोगों को हो सकी। फत्तूपुर कला निवासी कृपा शंकर यादव (48)काम के सिलसिले में 15 दिन पूर्व दिल्ली गए हुए थे। सोमवार को वह दिल्ली से वापस अपने घर आ गए। मंगलवार की रात किसी बात को लेकर पत्नी दुर्गावती से जमकर झगड़ा हुआ था।सुबह कृपा शंकर की लाश अपने ही घर पर लटकता हुआ मिला।सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परेशान हो गए दरवाजा बंद था। खिड़की खोलकर लोगों ने देखा तो उनकी लाश रस्सी के सहारे लटक रही थी। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर चौकी इंचार्ज सतहरिया गंगा सागर मिश्रा मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाने लगे लेकिन गांव के लोग लाश देने के लिए राजी नहीं थे।गांव के लोगों और मृतक के परिजनों का कहना था कि पत्नी ने हत्या कर लाश को लटका दिया है। पुलिस ने काफी खोजबीन के बाद दुर्गावती को हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष केके सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में ले लिया।इस बाबत थानाध्यक्ष केके का कहना है जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची लाश घर में लटक रही थी। परिजनों के तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। मृतक के भाई गिरजा शंकर ने घटना की तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# रोडवेज बस और ट्रक में आमने-सामने टक्कर 5 की मौत 15 घायल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुरैनी पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की रात साढ़े दस बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जौनपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस और शाहगंज की ओर से आ रही ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए।मृतकों में एक दो वर्षीय बच्ची, दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। मृतकों में खुटहन थाना क्षेत्र निवासी देवी प्रसाद (32) और आजमगढ़ जिला निवासी गेना देवी (59) की पहचान हो गई है। तीन अन्य मृतकों की पहचान के लिए परिवार वालों को सूचना दी गई है।हादसे की वजह बस के ड्राइवर की लापरवाही बताई जा रही है, जिसने दाहिने ओर बस को काटा और ट्रक से टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और घायलों को निजी अस्पताल और जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।घायलों में से तीन की हालत गंभीर है, जिनमें से दो का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है और एक को बनारस रेफर कर दिया गया है। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र और एसपी डॉ. कौस्तुभ ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का कुशल क्षेम जाना और घटना की जानकारी ली।

# कृषकों को निर्धारित मूल्य पर, पॉस मशीन के माध्यम से उपलब्ध कराये जायें उर्वरक: अंजनी

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में खरीफ-2025 के अन्तर्गत 12804 मै. टन यूरिया, 8365 मै. टन डी.ए.पी. एवं 4957 मै. टन एन.पी.के. उपलब्ध है, जिन्हें उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर प्रेषित किया जा रहा है, जनपद की सहकारी समितियों, निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं इसके साथ ही यूरिया, डी.ए.पी. की रैक सतत् रूप से जनपद को प्राप्त हो रही है, यूरिया एवं डी.ए.पी. उर्वरक की उपलब्धता मे किसी भी प्रकार की कमी नहीं है, कृषक अपनी जोत भूमि के अनुसार उर्वरक क्रय करें, अनावश्यक भण्डारण न करें तथा फसलों में संस्तुत उर्वरकों का ही प्रयोग करें, किसान उर्वरक क्रय करते समय आधार कार्ड एवं जोतबही भी साथ लेकर आएं, विक्रेता से कैश मेमो अवश्य प्राप्त करें। उन्होने कृषकों से कहा कि धान, मक्का हेतु प्रति हे. 120:60:40 संस्तुत एन.पी.के., 04 बैग यूरिया, 03 बैग डी.ए.पी., बाजरा हेतु प्रति हे. 80:40:40 एन.पी.के., 04 बैग यूरिया, 02 बैग डी.ए.पी., मूंगफली हेतु प्रति हे. 20:60:45 एन.पी.के., 03 बैग डी.ए.पी. एवं उर्द, मूंग हेतु प्रति हे. 20:40:20 एन.पी.के., 02 बैग डी.ए.पी. का ही प्रयोग करें। श्री सिंह ने कहा कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य की मांग की जाये अथवा उर्वरक के सापेक्ष किसी अन्य गैर प्रचलित उत्पाद को साथ क्रय करने हेतु वाध्य किया जाये तो तत्काल सहायक विकास अधिकारी कृषि, जनपद स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के मो.न. 7839882674, 7839882673 पर सूचना दें, सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के साथ थोक विक्रेता एवं निर्माता कंपनी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। उन्होने थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं से कहा है कि उर्वरकों को पॉस मशीन के माध्यम से निर्धारित मूल्य पर कृषकों को वितरण करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में की रैकिंग में लाएं सुधार: डीएम



अवधनामा संवाददाता

- जिलाधिकारी ने स्थानीय निकाय के कार्यों की समीक्षा की

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में स्थानीय निकाय के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वच्छ सर्वेक्षण की रैकिंग, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कलेक्शन, शौचालय, अमृत योजना, प्रकाश व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना, वंदन योजना, कान्हा गौशाला, आदर्श नगर पंचायत योजना आदि के विषय पर समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायतों से किस नगर पंचायत में कितनी आबादी है, की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी नगर पंचायतों की स्वच्छ सर्वेक्षण में रैकिंग खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की और रैकिंग में सुधार लाये जाने हेतु किन-किन बिंदुओं पर कौन सी नगर पंचायत के प्वाइंट कम है, उसमें सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायतों से सभी नगर पंचायतों में साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था कराने, नाले-नालियों की साफ-सफाई कराये जाने, गड्ढ़े ठीक कराये जाने, शौचालयों के साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था कराये जाने के के सम्बंध में निर्देशित किया है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों से अपने क्षेत्र के जर्जर भवनों चिन्हित कराने एवं कार्यालयों को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हर घर तिरंगा अभियान जनपद में हर्षोल्लास के साथ मना

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** शासन के निर्देश के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत रूखसाना कमाल फारूकी, जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की उपस्थिति में हर घर तिरंगा रैली निकाली गयी। रैली के दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत, जिलाधिकारी सहित अन्य के द्वारा महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, सरदार बल्लभ भाई पटेल वीर अब्दुल हमीद, शिवराम हरि राजगुरू, असफाक उल्लाह खां, आर्यभटट, डा0वेकेट रामन, वेंकी रामकृष्णन, चन्द्रशेखर वेकटरामन, होमी जहांगीर बाबा, कल्पना चावला सहित अन्य महापुरूषो के चित्र पर माल्यार्पण कर देश की आजादी तथा देश की उन्नति में उनके अतुल्य योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मड़ियाहू सुनील कुमार, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित आमजनमानस उपस्थित रहे।

### शिक्षक की मां के शोक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** कैम्प कार्यालय रोडवेज पर प्राथमिक शिक्षक संघ ( सुशील पांडेय गुट) की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सह संयोजक सत्य प्रकाश मिश्र के माता के निधन पर लोकसभा का आयोजन किया गया। लोकसभा में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई व आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में संयोजक संजय सिंह ने कहा कि माता को ईश्वर अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। उन्होंने कहा उस माता ने अपने बच्चों को कामयाबी दिलाई है। हम सबका दायित्व है कि माता जी के कार्यो से सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर कमलेश सिंह, रवि सिंह, सुरेश सोनकर, राजेश सिंह मार्बल, आशुतोष सिंह, शोभनाथ यादव, सरोज सिंह सुइथाकला व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन साजेश सिंह ने किया।

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री 02 दिवसीय दौरे पर

**मैनपुरी, अवधनामा संवाददाता।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह 02 दिवसीय दौरे पर जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं। मंत्री जी दि. 15 अगस्त को पूर्वान्ह 10 बजे पुलिस लाइन में ध्वजारोहण के तत्पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों, शहीदों के परिजनों, पेंशनरों को सम्मानित करेंगे, अन्य कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के उपरांत पूर्वान्ह 11 बजे जनपद फिरोजाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे, दि. 16 अगस्त को प्रातः 09.15 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनने के उपरांत अपरान्ह 01 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 15 अगस्त को

**मैनपुरी, अवधनामा संवाददाता।** मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. मदनलाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त को महाराजा तेज सिंह जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने रक्तदाताओं से कहा है कि वह जिला चिकित्सालय के कक्ष संख्या-49 रक्त केन्द्र विभाग में रक्तदान करें।

### कांग्रेस ने किया चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** आज बुधवार को कांग्रेस के विधि विभाग ने प्रयागराज में हाई कोर्ट के अंबेडकर चौराहे पर चुनाव आयोग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हाई कोर्ट के वकीलों के साथ-साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता और इंडिया गठबंधन के सदस्य भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी का गंभीर आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारे लगाए। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस विधि विभाग के महानगर अध्यक्ष जितेंद्र नायक ने किया। प्रदर्शन में शामिल प्रमुख कांग्रेस नेताओं में इरशाद उल्ला, जयप्रकाश सिंह, हरीश चंद दुबे, अविनाश वर्मा, चंदन सिंह, पूनम सिंह, एस.एम. अली, अंकुश, विशाल सिंह पटेल, अनिल यादव, सैयद मोहम्मद नवाब, शाहिद, इरफान, फैजान हबीबी, प्रभाकर द्विवेदी, शिवेंद्र यादव और असीम राय जैसे नेता मौजूद रहे।

### आभूषण व्यवसायी को तमंचा सटाकर 4 लाख के गहने लूटे

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** बहरिया थाना क्षेत्र में एक आभूषण व्यवसायी से 4 लाख की लूट हो गई। बाइक से आए तीन बदमाशों ने व्यवसायी को रोका और तमंचा सटाकर बैग छीन लिया। बैग में सोने-चांदी के गहने थे। घटना गंगापार के बहारिया थाना क्षेत्र के करनाई गांव के पास हुई। बहरिया के खलसा बाजार के रहने वाले आभूषण व्यवसायी त्रिभुवन यादव की करनई गांव में आभूषण की दुकान है। वह बाइक से दुकान जा रहे थे। करनाई गांव के बाद पीछे लगे बदमाशों ने बाइक रोकी और बैग लेकर निकल भागे। घटना शाम करीब साढ़े चार बजे की है। सरेआम शाम लूट के बाद बदमाश निकल भागे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। बदमाश प्रतापगढ़ मार्ग की तरफ भागे। पुलिस उस इलाके में नाकेबंदी कर चेकिंग कर रही है। एसीपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर हैं।

## विभाजन विभीषिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन आज

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की पूर्व संध्या 14 अगस्त को भाजपा विभाजन विभीषिका दिवस मनाएगी। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर शाम 4 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती दर्शना सिंह बतौर मुख्य अतिथि व फुलपुर सांसद प्रवीण पटेल बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। महानगर अध्यक्ष ने सभी प्रदेश पदाधिकारीगण, क्षेत्र एवं जिला पदाधिकारीगण, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र, बूथ एवं पन्ना पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, समस्त कार्यकर्ताओं एवं सभी विचार परिवार के सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# भाकपा ने जन समस्याओं को लेकर दिया

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए रिक्शा स्टैंड पर धरना दिया। स्कूलों का विलय,शिक्षा का निजीकरण,ग्राम समाज की भूमि से गरीबों को उजाड़ने, बिजली निजीकरण आदि सवालों पर भाकपा के प्रांतीय अभियान के तहत यह धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता हरिगेन और संचालन जियालाल ने किया। राज्यपाल को संबोधित तीन सूत्रीय मांगपत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया गया। भाकपा जिला सचिव जितेंद्र हरि पाण्डेय ने कहा कि आज देश के सबसे पुराने छात्र संगठन आल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन का 90 वा स्थापना दिवस है। आज इस दिवस पर भाकपा प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय का विलय और निजीकरण का विरोध पार्टी मुखरता से कर रही है। किसी कीमत पर विलय नहीं होने दिया जाएगा। किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने कहा कि प्रदेश सरकार 132 ग्राम सभा की भूमि पर बसे गरीबों का उत्पीड़न कर रही है।बीजेपी के लोग और सरकार आमजन को सहूलियत के बजाय देश प्रदेश में सांप्रदायिक माहौल को हवा दे रही है। रामाज्ञा यादव ने कहा कि उप्र की सरकार पूर्वांचल और दक्षिणांचल के 42 जिलों में बिजली का निजीकरण कर रही है जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। भाकपा राज्य कमेटी के सदस्य हामिद अली ने कहा कि सरकार शिक्षा के बजट में कटौती करके लोगों को शिक्षा के मौलिक अधिकारों से वंचित कर रही है जिसका भाकपा पूरी तरह विरोध कर रही है। धरना प्रदर्शन में श्यामा प्रसाद शर्मा, मंगलदेव यादव, खरपत्तू राजभर, रामाज्ञा यादव, हामिद अली, दिनेश पाण्डेय, गुलाब मौर्य, नवनीत, आकाश पाण्डेय, समीर, मखडू राजभर, सुबास यादव, रामनेत, मुजम्मिल आज़मी, राम अवध यादव, शमीम अहमद, अशोक कुमार, चंद्रमोहन, दुर्बली राम, आदि लोग उपस्थित रहे।

# शहीद वाल पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

- तिरंगा न झुकने देने वाले लाल पद्मधर समेत चार वीरों को किया याद

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में शहीद वॉल पर एक रोशनी शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सुधीर नारायण, भाजपा शहर अध्यक्ष संजय गुप्ता और शहीद वॉल के संस्थापक वीरेंद्र पाठक मौजूद रहे। ज्ञात हो कि 12 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान प्रयागराज में चार वीर सपूतों ने अपनी जान न्योछावर की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से कचहरी की ओर जा रहे छात्रों के जुलूस में 21 वर्षीय लाल पद्मधर ने तिरंगे को झुकने से बचाया। अंग्रेजों की गोली से उनका सीना छलनी हो गया। वे तब तक तिरंगा थामे रहे, जब तक उनकी सांसें चल रही थीं। उसी दिन 12 वर्षीय रमेश मालवीय को बलूच रेजीमेंट के कप्तान की आंख में ईट मारने पर गोली मार दी गई। बैजनाथ प्रसाद गुप्त विरोध प्रदर्शन के दौरान मशीनगन की गोली से शहीद हुए। 30 वर्षीय ननका हेला जमादार सत्याग्रह आंदोलन में बलूच सैनिकों की गोली से वीरगति को प्राप्त हुए।न्यायमूर्ति सुधीर नारायण ने युवाओं से शहीदों की जीवनी पढ़कर आजादी की कीमत समझने का आह्वान किया। भाजपा शहर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने तिरंगा यात्रा का समापन शहीद वॉल पर करने को गौरवपूर्ण बताया। कार्यक्रम में पुलिस बैंड ने शहीदों को सलामी दी। डॉ. प्रमोद शुक्ला के संचालन में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# रोटरी क्लब के 57 वां दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** रोटरी क्लब का 57वां दायित्वग्रहण समारोह रविवार को रोडवेज स्थित होटल गोल्डन फॉर्च्यून के सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें वाराणसी से आए पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर उत्तम अग्रवाल बतौर अतिथि शामिल हुए। समारोह से पूर्व रोटरी के नव नवनियुक्त अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल के नेतृत्व में बवाली मोड़ स्थित इस्कॉन मंदिर में भक्तों के लिए वाटर कूलर सप्रेम भेंट किया गया। जिसके बाद देर रात मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। जिसमें 2024-25 के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने पूर्व सचिव श्रेय अग्रवाल को अपना कॉलर पहनाकर अध्यक्ष पद का कार्यभार सौंपा तो वही श्रेय ने भी अपना कॉलर रवि शंकर को पहनाकर सचिव पद का कार्यभार सौंपा। मुख्य अतिथि द्वारा 2025-26 के नवनियुक्त 12 सदस्यों को बैच लगाकर कार्यभार ग्रहण कराया गया। समारोह में शामिल हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, पूर्व सांसद प्रतिनिधि हरिकेश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, मोहिता जैन सहित मौजूद सभी लोगों ने नई कार्यकारिणी के उज्जवल भविष्य की कामना की। दायित्व ग्रहण करते ही नव नियुक्त अध्यक्ष श्रेय अग्रवाल ने जनपद के राजघाट पर इलेक्ट्रिक शवदाह गृह लगाने और नेत्र चिकित्सा शिविर के माध्यम से मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क इलाज की घोषणा की। इस दौरान रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष चंदन अग्रवाल, मुकुंद अग्रवाल, अतुल कुमार अग्रवाल, सुंदरम अग्रवाल, आशीष गोयल, अजय अग्रवाल, मधुर गोयल, भाजपा नेता प्रवीन सिंह सहित समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों व भाजपा के वरिष्ठजन शामिल हुए।

## पुलिस मॉडर्न स्कूल में छात्र परिषद् का गठन

**प्रयागराज।** पुलिस मॉडर्न स्कूल में आज एक गरिमामयी निवेशन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्र परिषद् का औपचारिक गठन किया गया। यह आयोजन विद्यालय में नेतृत्व, उत्तरदायित्व और अनुशासन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्राचार्या ने नव-निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को बैज और सैश प्रदान कर उनके कर्तव्यों की औपचारिक जिम्मेदारी सौंपी। नवगठित परिषद् में हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिनिधि सहित अन्य प्रमुख छात्र नेता शामिल हैं। इन छात्रों का चयन उनके अनुकरणीय आचरण, नेतृत्व क्षमता और विद्यालयीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के आधार पर किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्या ने छात्र नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिनिधियों को ईमानदारी, समर्पण और सहानुभूति के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस मॉडर्न स्कूल इस प्रकार की पहल के माध्यम से छात्रों को सशक्त बनाते हुए उन्हें भविष्य के जिम्मेदार नागरिक और नेता के रूप में तैयार कर रहा है।

# मनाई गई पूर्व विधायक स्व. जवाहर की 29वीं पुण्यतिथि

- सैकड़ों की तादात में जुटे पार्टीजन एवं समर्थक दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** समाजवादी नेता, पूर्व विधायक स्व. जवाहर यादव उर्फ़ पंडित की 29वीं पुण्यतिथि आज उनके आवास अशोकनगर में मनाई गई।

ज्ञात हो कि वर्तमान में फूलपुर तत्कालीन झूंसी विधानसभा से विधायक रहे स्व. जवाहर यादव उर्फ़ पंडित की 13अगस्त 1996 को सिविल लाइन्स इलाके में गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी श्रीमती विजमा यादव सपा से ही चार बार ( दो बार फूलपुर एवं दो बार प्रतापपुर )से विधायक हैं।

आज उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने भारी तादात में इकट्ठे होकर स्व जवाहर यादव के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विधायक श्रीमती विजमा यादव सहित पार्टी के नेताओं ने भावपूर्ण उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. पंडित ज़ी संघर्ष की मिशाल थे। जिस बेरहमी सेउनकी हत्या की गई वह दिल दहला देने वाली थी। भाजपा सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए श्रीमती विजमा यादव ने कहा कि पंडित ज़ी की हत्या में नामजद आरोपी को सरकार ने सजा माफ कर मेरे परिवार ही नहीं बल्कि आम जनता के साथ धोखा किया है। सरकार अपराधी को रिहा कर अपराध को बढ़ावा देने में लगी है। उन्होने कहा कि मुझे मा. न्यायालय पर आज भी भरोसा है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, कृष्ण मूर्ति सिंह,अमरनाथ मौर्य, संदीप यादव, दान बहादुर मधुर, मदन यादव, नितिन, शांति प्रकाश, कविता पटेल, सचिन श्रीवास्तव, जीतलाल, जगदीश, धर्म पाल, शकील अहमद, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, रंजीत सुलाकी, भोला यादव, सुरेश यादव, अनंत लाल, सऊद अहमद, रंग बहादुर पटेल आदि मौजूद रहे।

# ऑप्टिमस ने आज 'राइनोटेक' ब्रांड नाम से भारत का पहला प्रीमियम टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर लांच किया





**नई दिल्ली।** भारतीय उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर का अनुभव नए सिरे से परिभाषित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए देश के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड ने आज 'राइनोटेक' ब्रांड नाम से भारत का पहला प्रीमियम टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर लांच किया। यह भारत में बना उत्पाद है जिसमें Engineered b4 Corningô ग्लास का उपयोग किया गया है। राइनोटेक उत्पादों की लांचिंग के साथ ऑप्टिमस वित्त वर्ष 2027 (मार्च, 2027) के अंत तक राइनोटेकसे1,800-2,000 करोड़ रुपये की आय की संभावना तलाश रही है। ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड के चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता ने कहा, हम उच्च मूल्य वाले मोबाइल एक्सेसरीज के लिए भारत को एक वैश्विक केंद्र के तौर पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी आकांक्षा है कि प्रत्येक भारतीय मोबाइल फोन यूज़र भारत में बने टेंपर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर के आश्वासन का आनंद ले जो भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित हो और जिस पर उच्चतम गुणवत्ता एवं सुरक्षा के लिए फॉग मार्का लगा हो। उन्होंने कहा, हमारी अनूठी असीमित एक वर्ष की रिप्लेसमेंट पेशकश के साथ हम यूज़र्स को 'राइनो है तो डर कैसा' की असली स्वतंत्रता का अनुभवः लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। हमारा मानना है कि Engineered b4 CorningôÇलास के उपयोग वाले ये स्क्रीन प्रोटेक्टर्स एक बिखरे हुए बाजार को एक संगठित बाजार में परिवर्तित करने में अहम भूमिका निभाएंगे जहां गुणवत्ता केंद्रित पारितंत्र होगा और जिससे उपभोक्ता और उद्योग लाभान्वित होंगे। कॉर्निंग इंडिया के प्रबंध निदेशक सुधीर पिल्लै ने कहा, हम Engineered b4 Corningôग्लास मार्का वाले स्क्रीन प्रोटेक्टर का विकल्प भारतीय उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के लिए ऑप्टिमस के साथ काम करके उत्साहित हैं। हमारा विश्वास है कि इस विकास से मोबाइल उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए स्क्रीन प्रोटेक्टर्स उपलब्ध कराने को लेकर इस देश की बढ़ती जरूरत पूरी होगी। राइनोटेक भारतीय उपभोक्ताओं के लिए वैश्विक टेक्नोलॉजी और नवप्रवर्तन पेश करती है और रोगाणुरोधी ग्लास के साथ विश्वस्तरीय टिकाऊपन, बेजोड़ स्पष्टता और अधिक स्वच्छता संबंधी लाभ प्रदान करती है। यह भारत में पहली बार है कि कॉर्निंग इनकॉरपोरेटेड के ग्लास के साथ विकसित ऐसे एडवांस स्क्रीन प्रोटेक्शन का स्थानीय स्तर पर उत्पादन किया जाएगा और इसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। विश्वस्तरीय मोबाइल एक्सेसरीज़ के लिए 'मेक इन इंडिया' की भावना को प्रबल करते हुए राइनोटेक स्क्रीन प्रोटेक्टर्स का उत्तर प्रदेश के नोएडा में ऑप्टिमस की इकाई में विनिर्माण किया जाएगा।

## पोको M7 Plus 5G 6.9-इंच के डिस्प्ले और 7,000 एमएएच बैटरी के साथ भारत में लॉन्च

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट में अपने नए स्मार्टफोन - पोको M7 Plus 5G को लॉन्च किया है। नॉन-स्टॉप मनोरंजन और लंबे समय तक चलने वाले प्रदर्शन के लिए डिज़ाइन किया गया, M7 Plus 5G इस सेगमेंट में 7000mAh की सिलिकॉन कार्बन बैटरी और 144H5 रिफ्रेश रेट के साथ 6.9-इंच FHD+ डिस्प्ले के साथ उतारा गया है। केवल 12,999 रुपये में यह फोन पूरे दिन आपके मनोरंजन का साथी बनेगा। पोको M7 Plus 5G स्नैपड्रैगन0 6s Gen 3 के साथ बिना रुकावट मल्टीटास्किंग के लिए शानदार प्रदर्शन देता है, जिसमें 16GB तक टर्बो रैम शामिल है। 144H5 का एडैप्टिव रिफ्रेश रेट आसानी से स्क्रॉलिंग करने, शानदार गेमिंग और बिना रुकावट सोशल मीडिया ब्राउज़िंग सुनिश्चित करता है।इसकी 7000mAh सिलिकॉन कार्बन बैटरी, इस सेगमेंट में सबसे बड़ी है जिसे 1600 चार्ज साइकिल के लिए बनाया गया है। यह चार साल के उपयोग के बाद भी 80% तक क्षमता बनाए रखती है। 18W रिवर्स चार्जिंग के साथ, M7 Plus 5G न केवल आपके फोन को, बल्कि आपके अन्य डिवाइसेस को भी पूरे दिन चालू रखने के लिए पावर बैंक के रूप में काम करता है। इस लॉन्च के अवसर पर, पोको और शाओमी के चीफ बिजनेस ऑफिसर, संदीप सिंह अरोड़ा ने कहा, पोको M7 Plus 5G के साथ, हम एक ऐसा डिवाइस बनाना चाहते थे जो वास्तव में नए जमाने की एंटरटेनमेंट लाइफस्टाइल के लिए बना हो। एक ऐसा फोन जो आपके सबसे व्यस्त दिनों, सबसे लंबे बिंग सेशन और सबसे डिमांडिंग ऐप्स के साथ तालमेल रख सके। इस सेगमेंट में सबसे बड़ी बैटरी, सबसे बड़ा डिस्प्ले, और सबसे उच्च रिफ्रेश रेट और लंबी समय की ड्यूरैबिलिटी के साथ, रू Plus 5G वास्तव में आपके लिए अधिक शक्ति लाता है। यह बैटरी लाइफ, प्रदर्शन और मनोरंजन का शानदार मिश्रण है, जो 15,000 रुपये से कम कीमत में यूजर्स की उम्मीदों को नए सिरे से परिभाषित करता है।÷

## डॉ. राम बक्स सिंह जी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारत सरकार ने उनकी स्मृति में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करने की स्वीकृति प्रदान की



**लखनऊ।** डॉ. राम बक्स सिंह का जन्म 13 अगस्त 1925 को उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में हुआ था, यह गौरवशाली भूमि उनके प्रारंभिक जीवन, शिक्षा और वैज्ञानिक प्रेरणा की आधारशिला बनी। उनका जीवन लखनऊ से गहरे रूप से जुड़ा रहा, जहाँ उन्होंने पिछले 50 वर्षों से निवास किया , उन्होंने अपने अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचारों से अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांति लाई। दिनांक 18 सितंबर 2016 को, डॉ. सिंह ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में अंतिम सांस ली।

इस वर्ष भारत सरकार ने उनकी 100वीं जयंती पर उनकी स्मृति में एक विशेष स्मारक डाक टिकट जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय डाक टिकट सलाहकार समिति में लिया गया। यह सीतापुर के माननीय सांसद श्री आनंद भदौरिया जी के प्रयासों से ही संभव हो पाया। उन्होंने राजेंद्र सिंह (पुत्र, डॉ. राम बक्स सिंह) के अनुरोध को माननीय केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी, संचार मंत्रालय, भारत सरकार तक पहुँचाया। यह संपूर्ण भारत के लिए गर्व का क्षण है। डॉ. राम बक्स सिंह जी ने अपने जीवनकाल में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने का सपना देखा था। उनकी दूरदर्शी सोच आज भी नीति-निर्माताओं, वैज्ञानिकों, किसानों और वैश्विक समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

डॉ. सिंह के योगदान न केवल भारत तक सीमित थे, बल्कि उन्होंने अमेरिका, कनाडा, डेनमार्क, जर्मनी, मैक्सिको, विभिन्न मध्य एवं दक्षिण अमेरिकी देशों, ईरान, नेपाल सहित एशिया के अन्य अनेक देशों (कुल 15 से अधिक देशों) में 1000 से अधिक बायोगैस सिस्टम को डिजाइन, विकसित और स्थापित किया। उनके अनुसंधान कार्य को माननीया प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी (विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 28 जुलाई - 02 अगस्त 1975 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय बायोगैस कार्यशाला) और माननीय राज्यपाल श्री वी. वी. गिरि जी सहित कई राष्ट्राध्यक्षों, राज्यों के मुख्यमंत्री, सीनेटरों, सांसदों एवं वैज्ञानिकों ने सराहा ।

## फ्लिपकार्ट ने लखनऊ में लॉन्च किए माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी क्विक कॉमर्स सर्विस फ्लिपकार्ट मिनट्स के तहत लखनऊ में माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर्स (एमएफसी) खोलने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ कंपनी ने कुछ ही मिनट के भीतर रोजाना की जरूरत वाले उत्पादों की डिलीवरी करने और ग्राहकों के लिए कन्वीनियंस, स्पीड एवं वैल्यू सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती दी है। इन एमएफसी को गोमती नगर, जानकीपुरम एक्सटेंशन और विकास नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्थापित किया गया है। इनमें ग्रॉसरी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अन्य कैटेगरी के लिए 14,000 एसकेयू से ज्यादा की क्षमता है। उपभोक्ताओं की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए गोवर्धन, आनंदा, गोल्डी, शक्ति भोग, राजधानी और प्रियागोल्ड जैसे विभिन्न स्थानीय ब्रांड्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे ग्राहक अपनी पसंद के उत्पाद चुन सकेंगे। फ्लिपकार्ट मिनट्स के वाइस प्रेसिडेंट कबीर बिश्वास ने कहा, 'लखनऊ में माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर्स खोलना हमारी क्विक कॉमर्स सर्विस के सफर का एक और अहम पड़ाव है। विस्तार के इस कदम से रोजाना की जरूरत वाले उत्पादों की तेज एवं सुगम डिलीवरी हो सकेगी, स्थानीय समुदायों के साथ हमारा जुड़ाव मजबूत होगा और सार्थक रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। हम टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित ऐसा समावेशी कॉमर्स इकोसिस्टम बनाना चाहते हैं, जिससे ग्राहकों, छोटे उद्यमियों और किसानों, सभी को लाभ हो।' लखनऊ में ज्यादा मांग वाले क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से स्थापित किए गए इन एमएफसी को इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे रोजाना की जरूरत वाले और अक्सर ऑर्डर होने वाली कैटेगरी के उत्पादों की हाइपरलोकल डिलीवरी को सपोर्ट किया जा सके।

## डब्लूडी रेड-पॉवर्ड एनएएस से क्रिएटर्स को अपने कंटेंट पर अपना नियंत्रण बनाने में मदद मिल रही है



**नई दिल्ली।** भारत में क्रिएटर अर्थव्यवस्था का लगातार विकास हो रहा है। इस समय देश में 2 मिलियन से 2.5 मिलियन डिजिटल क्रिएटर सक्रिय हैं। जैसे-जैसे कंटेंट के आकार और जटिलता में वृद्धि होती है, वैसे-वैसे स्मार्ट और स्केलेबल स्टोरेज की जरूरत भी बढ़ती चली जाती है। इस जरूरत को पूरा कर रही है डब्लूडी रेड एचडीडी, जो नेटवर्क अटैच्ड स्टोरेज (एनएएस) के लिए डिज़ाइन की गई है और क्रिएटर्स को अपने डिजिटल वर्कफ्लो पर अपना नियंत्रण बनाए रखने में मदद करती है। हर वायरल वीडियो या हाई-रिज़ॉल्यूशन की डिज़ाइन फाईल के लिए जबरदस्त डेटा की जरूरत होती है। विश्व में डेटा निर्माण का आकार, जो साल 2005 में 0.425 ज़ेटाबाईट्स था, वह 2028 में बढ़कर 394 ज़ेटाबाईट्स तक पहुँच जाने का अनुमान है, इसलिए क्रिएटर्स को एक ऐसे स्टोरेज की जरूरत है, जो इस वृद्धि के अनुरूप हो।

वेस्टर्न डिजिटल द्वारा हाल ही में कराए गए एक सर्वे के अनुसार 87 प्रतिशत भारतीय अपने डेटा का बैकअप लेकर रखते हैं। इनमें से कई को डिवाईस फेल हो जाने, फ्रैग्मेंटेड फाईल एक्सेस और वर्कफ्लो में गड़बड़ी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

डब्लूडी रेड-पॉवर्ड एनएएस से उन्हें एक भरोसेमंद और ऑलवेज-ऑन सेंट्रलाईज़्ड स्टोरेज सॉल्यूशन प्राप्त होता है, जो कंटेंट क्रिएटर्स, फीलांसर और रिमोट कर्मचारियों के लिए अत्यधिक उपयोगी है।

# यूपी योद्धाज़ ने प्रो कबड्डी लीग सीज़न 12 के लिए सुमित सांगवान को कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया

**लखनऊ।** जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी योद्धाज़ ने स्टार डिफेंडर सुमित सांगवान को टीम का कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है। यह घोषणा आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीज़न 12 के लिए की गई है।

सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने अपने करियर की शुरुआत सीज़न 7 में यूपी योद्धाज़ के साथ न्यू यंग प्लेयर्स के रूप में की थी। तब से वे टीम की डिफेंस लाइन के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं। उनका यह सफर, प्रतिभाशाली डेब्यू खिलाड़ियों से टीम के नेताओं तक पहुंचना, जीएमआर स्पोर्ट्स की लॉयल्टी, परफॉर्मेंस और सतत विकास पर आधारित लंबी अवधि की खिलाड़ी-तैयारी नीति का प्रमाण है। सुमित सांगवान अपनी चुस्ती, समय की सटीक पकड़ और रणनीतिक समझ के लिए जाने जाते हैं। पिछले कई सीज़नों में वह लीग के शीर्ष डिफेंडर्स में लगातार शामिल रहे हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति न केवल उनके मैट पर बेहतरीन प्रदर्शन का, बल्कि आगे से नेतृत्व करने की क्षमता का भी परिचायक है।

आशु सिंह, जो मुख्य रूप से कवर डिफेंडर के रूप में खेलते हैं, ने अपनी लगातार मेहनत, निस्वार्थ खेल और दबाव में संयम बनाए रखने की क्षमता से प्रभावित किया है। सुमित और आशु की जोड़ी यूपी योद्धाज़ की रक्षात्मक रणनीति की रीढ़ रही है।

मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा ,सुमित और आशु असाधारण खिलाड़ी हैं और सच्चे योद्धा हैं। अपने पहले ही मैच से उन्होंने प्रतिबद्धता, अनुशासन और टीम-प्रथम सोच का प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह जिम्मेदारी वर्षों के लगातार प्रदर्शन और समर्पण से अर्जित की है।

ऐसे कप्तान और उप-कप्तान के साथ, जो अपने पेशेवर डेब्यू से ही फ्रेंचाइज़ का हिस्सा रहे हैं, यूपी योद्धाज़ इस सीज़न अनुभव और युवा ऊर्जा के मिश्रण के साथ चैंपियनशिप जीतने के लिए आश्वस्त हैं।

रेडर्सः गुमन सिंह, डोंग ग्योन ली, प्रणय राणे, भवानी राजपूत, सुरेंद्र गिल, गगन गौड़ा, शिवम चौधरी, केशव कुमार,जतिन सिंह

डिफेंडर्सः मोहम्मदरेज़ा कबूद्राहांगी, महेंद्र सिंह, रोनक नैन, सुमित सांगवान (कप्तान), आशु सिंह (उप-कप्तान), सहूल कुमार, हितेश कादियान, जयेश महाजन, गंगाराम, सचिन मणिपाल

2008 में स्थापित, जीएमआर स्पोर्ट्स जीएमआर ग्रुप का खेल क्षेत्र है। इसका उद्देश्य लोगों को जोड़ना, प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और खेल को भारत व वैश्विक स्तर पर एक सशक्त एकीकृत मंच के रूप में स्थापित करना है। क्रिकेट से शुरुआत करने के बाद, कंपनी ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ऐसे खेल शामिल किए हैं जो भारतीय दर्शकों के साथ गहराई से जुड़े हैं।

कंपनी के पास वर्तमान में दिल्ली कैपिटल्स (आईपीएल), यूपी योद्धाज़ (प्रो कबड्डी लीग), तेलुगु योद्धाज़ (अल्टीमेट खो-खो लीग) के साथ-साथ हाल ही में अधिग्रहित रग्बी प्रीमियर लीग की टीम भी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनी दुबई कैपिटल्स , प्रिटोरिया कैपिटल्स , सिएटल ऑर्कास (यूएस, मेजर लीग क्रिकेट) और हैम्पशायर काउंटी क्रिकेट क्लब (इंग्लैंड) जैसी फ्रेंचाइज़ का स्वामित्व रखती है।

# इन आयुर्वेदिक सुपरफूड्स के साथ मानसून के एक्ने को कहें अलविदा



**नई दिल्ली।** मौसम के बदलाव के कारण नमी और तापमान में परिवर्तन होते हैं, जो त्वचा संबंधी समस्याओं जैसे बंद पोर्स, अधिक तेल स्राव और बार-बार फोड़े-फुंसियों का कारण बनते हैं। त्वचा देखभाल उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद, आहार का प्रभाव अक्सर नजरअंदाज रह जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, विशेष रूप से मानसून में वात और पित्त दोषों में वृद्धि होती है, जिससे सूजन और त्वचा रोग जैसे मुँहासे और दाने उत्पन्न हो सकते हैं। इस अवधि में गर्म पेय और तली-भुनी वस्तुओं की लालसा के साथ, उचित आहार द्वारा आंतरिक संतुलन बनाना त्वचा स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

प्रमुख आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन सुझाव देती हैं कि मानसून में वात और पित्त दोष को संतुलित करने के लिए ऐसे भोजन शामिल करें जिनकी प्रकृति मीठी और थोड़ा तैलीय हो। इससे शरीर को ठंडक मिलेगी और त्वचा की समस्याओं में सुधार होगा। वे पांच आयुर्वेद सुपरफूड्स की सलाह देती हैं, जिनमें पोषक तत्वों से भरपूर बादाम और त्रिदोष संतुलित करने वाला आंवला शामिल हैं, जो मुँहासों को कम करने और त्वचा को साफ़-सुथरा रखने में मदद करते हैं।

**बादाम**

बादाम मानसून के आहार के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं क्योंकि इनका स्वाद मुख्यतः मीठा होता है। वे वात और पित्त दोष को संतुलित करने में मदद करते हैं। थोड़े तैलीय होने के कारण ये त्वचा को अंदर से पोषण देने के लिए आदर्श हैं। इस प्रकार, वे बरसात के मौसम में संतुलन बनाए रखने के लिए उपयुक्त होते हैं। प्रकाशित आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी ग्रंथों के अनुसार, बादाम त्वचा के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं और त्वचा की चमक बढ़ा सकते हैं।

रात भर भिगोकर खाने से ये पचने में आसान होते हैं और त्वचा को गहराई से पोषण प्रदान करते हैं।

**हल्दी**

पीढ़ियों से यह स्वर्ण रंग की मसाला अपनी एंटीबैक्टीरियल (जीवाणुरोधी) और एंटी-इंफ्लेमेटरी (सूजन रोधी) गुणों के लिए प्रसिद्ध है। यह पाचन को बेहतर बनाए रखने में सहायक है और वात दोष को संतुलित करती है, जिससे त्वचा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हल्दी को नियमित भोजन में शामिल करने से मुँहासे और अन्य त्वचा संबंधी सूजन को कम किया जा सकता है। यह संक्रमणों से लड़ती है, रक्त को शुद्ध करती है और त्वचा को स्वस्थ बनाती है।

**आंवला**

आंवला, जो सभी त्रिदोषों (वात, पित्त, कफ) को संतुलित करता है, प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाता है और त्वचा को युवा, ताजगी से भरा तथा पोषित बनाए रखता है। यह शरीर से अशुद्धियों को निकालकर मानसून के दौरान त्वचा संबंधी दुष्प्रभावों की संभावना को कम करता है।

**नीम**

नीम में एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और खून साफ़ करने वाले गुण होते हैं, जो आयुर्वेद में पिंपल्स की समस्या के लिए एक भरोसेमंद इलाज बनाते हैं। नीम का रस पीने से खून की अशुद्धियाँ दूर होती हैं, जिससे त्वचा संबंधी समस्याएं कम होती हैं।

**लहसुन**

लहसुन के वात को संतुलित करने वाले गुण इसके तीखे स्वाद के बावजूद अंदर से असर करते हैं, जिससे यह प्राकृतिक और त्वचा साफ़ करने वाले उपायों की तलाश करने वालों के लिए एक लोकप्रिय सुपरफूड बन गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि खाली पेट एक कच्चा लहसुन खाना कितनी लाभकारी होती है, जो हाल ही में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

निष्कर्ष यह है कि त्वचा की सेहत सिर्फ बाहर की बात नहीं होती – असली खूबसूरती अंदर से आती है।

आयुर्वेद भी यही कहता है कि सही खानपान और पोषण से त्वचा अपने आप निखरती है। अगर आप कैलिफ़ोर्निया बादाम और हल्दी जैसी चीज़ें अपने आहार में शामिल करें, तो मानसून में भी त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रह सकती है।

## पारस हेल्थ कानपुर ने मैच्योर सिस्टिक टेराटोमा ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला

**कानपुर।** पारस हेल्थ कानपुर ने एक बड़ी मेडिकल सफलता हासिल की है। दरअसल यहां के डॉक्टरों ने 35 साल की महिला के एड्रिनल हिस्से से एक दुर्लभ ट्यूमर को जटिल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से सुरक्षित तरीके से निकाला। यह मैच्योर सिस्टिक टेराटोमा ट्यूमर था, जो 11×11 सेमी का था और शरीर की सबसे बड़ी नस (इनफीरियर वेना कावा) के पीछे था। इसी वजह से यह सर्जरी काफी मुश्किल और खास मानी जा रही है।

मरीज को पिछले पाँच साल से पेट के ऊपर दाईं ओर लगातार दर्द हो रहा था और वह आयुर्वेदिक और सामान्य दवाइयों पर निर्भर थी। अल्ट्रासाउंड में दाईं किडनी के पास एक गांठ दिखी, जिसे शुरू में साधारण एड्रिनल सिस्ट समझा गया। लेकिन सर्जरी के दौरान पता चला कि यह गांठ इनफीरियर वेना कावा के पीछे थी। इनफीरियर वेना कावा शरीर की मुख्य नस होती है। इस वजह से सर्जरी काफी जटिल और जोखिम भरी हो गई।




पारस हेल्थ कानपुर के यूरोलॉजी एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. सत्यम श्रीवास्तव ने इस केस के बारे में बताते हुए कहा, यह सर्जरी बहुत ही नाजुक थी क्योंकि सिस्ट शरीर की सबसे बड़ी नस इनफीरियर वेना कावा के ठीक पीछे था। अगर इस नस को थोड़ी भी चोट लगती, तो जानलेवा ब्लीडिंग हो सकती थी। हमें नस को सिस्ट से अलग करने में बेहद सावधानी बरतनी पड़ी। सर्जरी सफलतापूर्वक हुई और आसपास की किसी भी नस को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

सामान्य एड्रिनल सिस्ट में जहाँ साफ पानी जैसा द्रव होता है, वहीं इस सिस्ट में गाढ़ा जेल जैसा पदार्थ और हड्डी के टुकड़े थे, जो टेराटोमा की पहचान होते हैं। टेराटोमा ऐसे ट्यूमर होते हैं जिनमें हड्डी, कार्टिलेज और त्वचा जैसे टिशू होते हैं, जो भ्रूणीय कोशिकाओं से बनते हैं। हिस्टोपैथोलॉजी जांच में इसे मैच्योर सिस्टिक टेराटोमा बताया गया। यह एड्रिनल ग्रंथि में पाया जाने वाला एक बेहद दुर्लभ ट्यूमर है।

हालांकि ट्यूमर बड़ा था और नाजुक जगह पर था, फिर भी इसे पूरी तरह लैप्रोस्कोपी से निकाला गया। खून का नुकसान बहुत कम हुआ, आईसीयू की जरूरत नहीं पड़ी और मरीज की रिकवरी अच्छी रही। उन्हें तीसरे दिन हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई और दसवें दिन टांके हटा दिए गए।

हालांकि ज्यादातर मैच्योर सिस्टिक टेराटोमा कैंसर नहीं होते, लेकिन अगर इलाज न हो तो करीब 10त्न मामलों में ये कैंसर में बदल सकते हैं। इस केस में कोई कैंसर नहीं मिला और दोबारा होने की संभावना बहुत ही कम है।

## InMOBI ने लखनऊ में किया प्रवेश; विश्वस्तरीय बाज़ारों के लिए डीप-टेक इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए खोला नया कार्यालय




**लखनऊ।** एआई पावर्ड टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर InMOBI ने आज लखनऊ में नए टेक्नोलॉजी सेंटर का लॉन्च किया। इस लॉन्च के साथ यह शहर कंपनी के ग्लोबल इनोवेशन नेटवर्क में शामिल हो गया है। InMOBI, जो भारत की पहली यूनिकॉर्न कंपनी के रूप में मशहूर है, लखनऊ में प्रवेश करने वाली कुछ पहली ग्लोबल डीप-टेक कंपनियों में से एक है। यह InMOBI के मिशन के अनुसार भारत के महानगरों के दायरे से बढ़कर छोटे शहरों में इनोवेशन को विकेंद्रीकृत करने, प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा एआई एवं डीप-टेक में भारत के ग्लोबल लीडरशिप को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ का यह टेक सेंटर आधुनिक टेक्नोलॉजी जैसे जनरेटिव एआई, मशीन लर्निंग ऑपरेशन्स, ऑटोमेशन और बड़े पैमाने पर एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास सहित आधुनिक तकनीकों में इनोवेशन्स को बढ़ावा देने में मुख्य भूमिका निभाएगा। InMOBIने आने वाले सालों में इस सेंटर में 500 डीप-टेक इंजीनियर, प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट और डेटा साइंस प्रोफेशनल्स भर्ती करने की योजना बनाई है। उम्मीद है कि इस निवेश से क्षेत्र में 3000 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां उत्पन्न होंगी- जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। यह पहल उत्तर प्रदेश को 2029 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनोमी बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। InMOBI में हमारा मानना है कि महान प्रतिभा किसी भोगौलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं होती, यह मानसिकता, महत्वाकांक्षा एवं अवसर से प्रेरित होती है,

# रैडबस ने किया अफॉर्डेबल होटल सेगमेन्ट में प्रवेश

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाईन बस टिकटिंग प्लेटफॉर्म रैडबस ने रैडबस होटल्स के लॉन्च की घोषणा की है, इसके साथ कंपनी ने लाखों भारतीय यात्रियों के लिए बजट-अनुकूल अकॉमोडेशन सेवाओं में अपना विस्तार कर लिया है। होटल सेगमेन्ट में प्रवेश के साथ रैडबस देश में तेज़ी से बढ़ते उन यूज़र्स के लिए वन-स्टॉप ट्रैवल कम्पेनियन बन गया है, जो बजट को ध्यान में रखते हुए यात्रा का बेहतरीन अनुभव पाना चाहते हैं। अब यात्री रैडबस का वही भरोसा बजट होटल सेगमेन्ट में भी पा सकेंगे।वर्तमान में रैड बस के होटल्स 2000 से अधिक शहरों में सक्रिय है। रैडबस उभरते मार्केट्स में तेज़ी से विस्तार करते हुए भरोसेमंद, वैरिफाईड एवं अफॉर्डेबल स्टे के साथ देश के ट्रैवल सेगमेन्ट की खामियों को दूर करने के लिए प्रयासरत है। प्रकाश संगम, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, रैडबस ने कहा, ''रैडबस लम्बे समय से किफ़ायती एवं भरोसेमंद परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने में अग्रणी रहा है।

अब हम यही वादा बजट-फ्रैंडली स्टे में लेकर आए हैं और यात्रियों को वही सुविधा और भरोसा प्रदान कर रहे हैं, जिसकी उम्मीद वे हमसे करते हैं। रैडबस स्टे के साथ यात्री ऑनलाईन वैरिफाईड अकॉमोडेशन की तुलना कर बुकिंग कर सकते हैं, अपना समय बचा सकते हैं और अपने लिए स्टे का उचित विकल्प चुन सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म बजट होटल्स, हॉस्टल एवं होमस्टे मालिकों की विज़िबिलिटी एवं ऑक्युपेन्सी बढ़ाकर उनका कारोबार बढ़ाने में भी मदद करेगा । ÷इस विस्तार का केन्द्रबिन्दु है बजट कलेक्शन, जिसमें रु 399 प्रति नाईट से भी कम शुरूआती कीमत वाले कमरे उपलब्ध है, जो बस टिकट से भी सस्ते पड़ते हैं। रु 499, रु 799, रु 999 से कम कीमत के स्टे के साथ प्लेटफॉर्म गुणवत्ता एवं सुविधा के साथ समझौता किए बिना बेजोड़ मूल्य प्रदान करने के लिए तत्पर है। रैडबस, बस बोर्डिंग पॉइन्ट्स एवं रेलवे स्टेशनों के नज़दीक भरोसेमंद एवं साफ प्रॉपर्टीज़ की सूची पेश करता है, ताकि ये होटल यात्रियों के लिए सुलभ हों। प्लेटफॉर्म पर 15000 से अधिक प्रॉपर्टीज़ 'अर्ली चैक इन' एवं अन्य सेवाएं भी प्रदान करती हैं। यात्री अपनी ज़रूरत के अनुसार होटल, हॉस्टल, गेस्टहाउस, लॉज, होमस्टे जैसे विकल्प चुन सकते हैं, और 45 फीसदी तक छूट का लाभ उठा सकते हैं। प्लेटफॉर्म त्योहारों के सीज़न में छूट के कई ऑफर भी लेकर आएगा।

## आज़ादी, हिम्मत और फिल्मी शानः स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में टाटा प्ले बिंज पर देखने का सुनहरा मौका




**नई दिल्ली।** इस स्वतंत्रता दिवस, सिर्फ झंडा लहराने से काम नहीं चलेगा। आइए उन कहानियों में डूब जाएं जो हमारे देश की हिम्मत, बलिदान और अटूट जज़्बे को दिखाती हैं। साहसिक मिशन से लेकर सच्ची वीर कहानियों तक, टाटा प्ले बिंज देशभक्ति से भरपूर और ड्रामा से लबालब एक खास लाइनअप ला रहा है। चाहे आपका मन तेज़-तर्रार एक्शन थ्रिलर देखने का हो या प्रेरणादायक बायोपिक का, ये फिल्में और शो आपका सीना गर्व से चौड़ा कर देंगे। तेहरानभू-राजनीतिक तनाव की पृष्ठभूमि पर बनी तेहरान फिल्म एक भारतीय एजेंट (जॉन अब्राहम) की कहानी है, जो मिडिल ईस्ट में एक खतरनाक मिशन पर जाता है। मानुषी छिल्लर और नीरू बाजवा के अहम किरदारों के साथ, अरुण गोपालन का यह थ्रिलर हर मोड़ पर सस्पेंस, एक्शन और ट्विस्ट से भरा है। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक÷हाउज़ द जोश?÷ - हमेशा की तरह ऊँचा! आदित्य धर की ब्लॉकबस्टर फिल्म भारत के वर्ष 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक की सच्ची कहानी को रोमांचक अंदाज़ में पेश करती है। एयरलिफ्टअक्षय कुमार की मुख्य भूमिका वाली यह रोमांचक और भावुक फिल्म, इतिहास के सबसे बड़े नागरिक बचाव अभियान की सच्ची कहानी पर आधारित है। वर्ष 1990 के खाड़ी युद्ध के दौरान बनी यह कहानी एक अमीर भारतीय व्यवसायी की है, जो अपनी जान जोखिम में डालकर 1,70,000 से ज्यादा फंसे भारतीयों को बचाता है। टाटा प्ले बिंज ऐप डाउनलोड करें और लगभग 30 से भी ज़्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म का कही नहीं मिलने वाला मनोरंजन पाएं।

# कनोडिया इंटर कॉलेज बना भ्रष्टाचार का अड्डा

- हाइकोर्ट की आंखों में धूल झोंक रहे शिक्षक
- कूटरचित व तथ्य गोपन करके लाखों एरियर निकालने व फर्जी तरीके से विनियमितकरण का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कप्तानगंज स्थित गंगा बक्श कनोडिया इंटरमीडिएट कालेज के सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय व श्याम नारायण पाण्डेय द्वारा दो वर्ष बिना कार्य किए कूटरचित व तथ्य गोपन करके लाखों रुपए एरियर निकालने का मामला अभी चल ही रहा है कि इन शिक्षको का फर्जी तरीके से विनियमितकरण कराने का मामला भी प्रकाश में आ गया है।

बता दें कि वर्ष 1999 में तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर ने जनपद में बिना पद के शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के नियुक्ति की शिकायत मिलने इनके वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया था। वेतन अवरुद्ध होने पर कप्तानगंज गंगा बक्श कनोडिया इंटर कालेज के क्षुब्ध शिक्षको ने उच्च न्यायालय में अलग-अलग याचिका दाखिल किया जो आगे चलकर इन सभी शिक्षकों की रिट एक याचिका 39088/2007 के साथ सम्बद्ध होकर आदेश पारित हुआ। आदेश में कहा गया कि जो शासनादेश के अन्तर्गत आने वाले शिक्षक नियमित रूप से कार्य कर रहे है तो उनसे कार्य कराते हुए शासनादेश के अनुरूप शिक्षको के बकाया वेतन का भुगतान इस सत्यापन के साथ किया जाए कि वह विद्यालय में नियमित रूप से अध्यापन कार्य कर रहे है। मजे की बात यह है कि न्यायालय के इस आदेश के बाद सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अध्यापक वीरेंद्र पाण्डेय व सहायक अध्यापक श्याम नारायण पाण्डेय ने तथ्य गोपन कर मूल उपस्थिति पंजिका में गैरहाजिर होने के बावजूद प्रबंधक व प्रधानाचार्य को किसी तरह से प्रलोभन देकर विद्यालय के मूल उपस्थिति पंजिका पर दो वर्षो का नाम अंकित कराकर हस्ताक्षर बनाने का प्रयास किया किन्तु विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य जितेन्द्र तिवारी ने सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय व सहायक अध्यापक श्याम नारायण पाण्डेय के प्रभाव व प्रलोभन में नही आए।

सूत्र बताते है कि इन शिक्षको ने कूटरचित तरीके से एक उपस्थिति पंजिका तैयार कर दो वर्ष के अपने अनुपस्थित कार्यकाल को एक ही दिन में नियमित कर विद्यालय के प्रबंधक से लगायत प्रधानाचार्य व डीआईओएस दफ्तर एवं निदेशालय के संबधित लिपिक को मोटी रकम देकर वर्ष 2025 मे लाखो-लाख रुपए एरियर प्राप्त करके सरकारी खजाने को लूट लिया जबकि इसके पूर्व वीरेंद्र पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय, श्याम नारायण पाण्डेय ने वर्ष 2018 मे तथ्य गोपन कर बडा खेल करके नियम विरुद्ध तरीके से अपना विनियमितकरण करा लिया था। सूत्रो की माने तो वीरेन्द्र पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय व श्याम नारायण पाण्डेय ने तथ्य गोपन व कूटरचित कर दिनांक 23-4-2018 को संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मण्डल, गोरखपुर से अपनी सेवा नियमित करा लिया, जबकि जुलाई 2012 से मार्च 2014 तक इन शिक्षको का हस्ताक्षर विद्यालय के मूल उपस्थिति पंजिका पर अंकित ही नही है। ऐसे मे सवाल यह उठता है जब सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अध्यापक वीरेंद्र पाण्डेय व सहायक अध्यापक श्याम नारायण पाण्डेय दो वर्ष कार्य ही नही किए और सर्विस कार्यकाल नियमित नही रहा तो फिर इन सभी शिक्षकों का नौकरी स्थाई) विनियमित कैसे हो गया।

### बोले विशेषज्ञ

विशेषज्ञों का कहना है कि विनियमितीकरण, शिक्षकों की सेवाओं को नियमित करने की प्रक्रिया है। यह नियमावली उन शिक्षकों पर लागू होती है जो अस्थाई या तदर्थ आधार पर नियुक्त किए गए हो और नियमित पदों पर स्थाई रूप से समायोजित होना चाहते हैं। जानकार बताते है कि विनियमितकरण के लिए शिक्षको का सर्विस कार्यकाल नियमित होना जरूरी है। मतलब साफ है कि प्रति माह वेतन आहरण होना चाहिए, जबकि सूत्रो का दावा है कि सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय व सहायक अध्यापक श्याम नारायण पाण्डेय का न तो सर्विस कार्यकाल नियमित रहा है और न ही इनका नियमित रूप से प्रति माह वेतन आहरण हुआ है। जुलाई 2012 से मार्च 2014 तक इनका विद्यालय के मूल उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नही है। सूत्रो ने बताया कि इन शिक्षको ने तथ्य गोपन व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बिना कार्य किए दो वर्ष का वेतन एरियर के रुप मे वर्ष 2025 में प्राप्त किया है। ऐसे मे सवाल उठना मुनासिब है कि वर्ष 2018 मे यह सभी अध्यापक स्थाई कैसे हो गये?

## कृषकों को निर्धारित दर पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक दिलाने हेतु निरीक्षण जारी

**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** कृषकों को निर्धारित दर पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक सुचारू रूप से प्राप्त कराने हेतु जिला कृषि अधिकारी, समस्त वर्ग-ए के कर्मचारी, सहायक विकास अधिकारी कृषि, समस्त प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी एवं लेखपाल द्वारा जनपद के निजी उर्वरक प्रतिष्ठानों एवं साधन सहकारी समितियों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

उर्वरक बिक्री में अनियमितता पाये जाने पर कुल 10 प्रोपराइटरः- शिवम कसौधन कोटिया, कमलेश खुनुआ, मुलायम सिंह यादव सिकरी, मैनुद्दीन अहिरौली (दलदलहा), रामानन्द तिवारी गडावर, पवन कुमार कड़जहवा, ओमकार तिवारी कड़जहवा, कृष्ण मुरारी घेन्सा नानकार एवं पशुपति यादव बैरियहवां के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज किया गया है। अनियमितता पाये जाने पर 4 प्रतिष्ठान मुलायम सिंह यादव, मैनुद्दीन, आईएफएफडीसी केन्द्र लक्ष्मीगंज एवं पशुपति यादव बैरियहवां का उर्वरक लाईसेन्स निरस्त कर दिया गया है।

## अल इल्म स्टडी सेंटर हल्लौर ने 60 बच्चों व सात टीचर को वितरित किया छाता



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बच्चों और टीचर को बारिश और धूप में स्कूल आने जाने में खासी परेशानियो का सामना करना पड़ता था इसी को ध्यान में रखते हुए अल इल्म स्टडी सेंटर हल्लौर के कुछ समाज सेविवो ने पहल करते हुए अल इल्म स्टडी सेंटर हल्लौर के अल इल्म स्टडी सेंटर के 60 बच्चों और अध्यापक को छाता वितरीत किया गया।

इस मौके पर आयत हुसैन व राहिब रिज़वी ने कहा कि हल्लौर के कुछ समाज सेविवो की मदद से बच्चों व अध्यापकों को छाता का वितरण संभव हो सका। उन्होंने बताया कि बारिश और धूप से बचाव के लिए सभी 60 बच्चों व 7 टीचर को एक एक छाता वितरित किया गया। जिससे बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने और शिक्षकों को पढ़ाने के लिए बारिश का बहाना न करना पड़े। ऐसे नेक काम में समाज सेवकों को आगे आकर बच्चों की शिक्षा के प्रति अपनी तरफ से कुछ उपहार देते रहना चाहिए जिससे बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की ललक बरक़रार रहे और हल्लौर के गरीब बच्चे शिक्षा से वंचित न रहने पाए। इस मौके पर हसन जमाल, मेहदी हसन बबलू, मोहम्मद हैदर सहित तमाम बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

- दो घंटे तक बाधित रहा रेलवे ट्रैक, लेट हुई ट्रेनें

अवधनामा संवाददाता

**जगदीशपुर /अमेठी ।** लखनऊ-सुल्तानपुर रेल ट्रैक पर बड़ागांव के पास मोहब्बतपुर के रहने वाले 28 वर्षीय युवक अल्ताब का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना के बाद करीब दो घंटे तक रेल यातायात ट्रैक पर बाधित रहा। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या कर शव? को रेलवे लाइन पर फेंका गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और मामले की पड़ताल शुरू कर दी। घटना के कारण करीब दो घंटे तक ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन बाधित रहा।

मृतक के भाई कलाम के अनुसार, अल्ताब अहमदाबाद में रहकर काम करता था और एक माह पहले घर लौटा था। उसकी शादी बाजारशुकुल के मिर्जापुर निवासी इसहाक की पुत्री तहसीन बानो से हुई थी,जिनसे तीन बेटियां हैं। कलाम ने बताया कि भाभी का एक व्यक्ति से संबंध था,जिसकी शिकायत थाने में दी गई थी।

आरोप है कि पत्नी ने भाइयों के साथ मिलकर अल्ताब को ससुराल बुलाकर पिटाई की और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। बाद में विदाई का दावा न्यायालय में किया गया था। परिजनों का कहना है कि इन घटनाओं के बाद अल्ताब मानसिक दबाव में था और परिवार से अलग रह रहा था। पिछले सप्ताह से घर में अक्सर ताला लगा रहता था। मंगलवार को वह आया था कि नहीं स्पष्ट जानकारी नहीं है। बुधवार की सुबह गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने की सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे।

## पंचायत चुनाव में जीत के लिए दलों ने शुरू किया गणित लगाने का काम

**संजीव भारती, अमेठी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दल तैयारी में लगे हुए हैं।इस बीच अमेठी की राजनीति में प्रजापति परिवार के जनाधार और राजनीतिक पकड़ को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं चल रही हैं। जिला पंचायत के चुनाव में इस परिवार की भूमिका को लेकर अन्य दल अपनी रणनीति बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं।

विधानसभा चुनाव के लिए टिकट के सभी दावेदार जिला पंचायत चुनाव को मिनी विधानसभा के रूप में देख रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस और सपा के ऐसे नेता जो विधानसभा चुनाव के लिए टिकट की लाइन में हैं,वे हर जिला पंचायत वार्ड में अपने परिवार के लोगों अथवा ब्लाइंड समर्थक युवाओं को जिला पंचायत सदस्य बनाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के परिवार में विधायक, जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान पद की तीन कुर्सियां हैं।

## तिरंगा यात्रा में उमड़े लोग भारत माता की जय घोष से गुंजा क्षेत्र



टेकुआटार में तिरंगा यात्रा निकालते कार्यकर्ता

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को टेकुआटार मण्डल के टेकुआटार में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगा थामकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, भूतपूर्व सैनिक, विद्यार्थी और आमजन तिरंगा यात्रा में निकले तो सम्पूर्ण क्षेत्र तिरंगा मय हो गया। तिरंगा यात्रा से लोगों में देशभक्ति के जज्बे हिलोरें मारने लगी और भारत माता की जय व वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

तिरंगा यात्रा के मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष जगदम्बा सिंह व पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी व विधायक पीएन पाठक के प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह रहे कार्यक्रम के अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष राजेश राव व कार्यक्रम संयोजक पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमरनाथ मद्धेशिया रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता संतोष सिंह, प्रदीप दूबे, चंद्रबली गोंड, मनोज मिश्र, धनंजय मणि त्रिपाठी, राणा प्रताप राव, जितेंद्र मिश्रा संजय राव, आदित्य तिवारी, अभिनाश पांडेय, बशिष्ठ मुनि तिवारी, संतोष राव, सुरेन्द्र तिवारी, लालबहादुर चौहान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## नरकट की झुरमुट में जमीन पर रखा ट्रांसफार्मर दे रहा दुर्घटना को दावत

अवधनामा संवाददाता



**बोदरवार, कुशीनगर।** बोदरवार बाजार स्थित पुलिस चौकी के ठीक सामने मुख्य मार्ग किनारे 400 केबीए, व 250 केबीए का दो ट्रांसफार्मर लगा है। जिसको चारों तरफ नरकट के बड़े बड़े पौधों ने घेर रखा है, जिससे खतरें की आशंका बनी हुई है।

खुले में जमीन पर रखा ट्रांसफार्मर व नंगा विद्युत तार खतरे को दावत दे रहा है। ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद पटेल, शैलेन्द्र सिंह, चैतू कान्दू, नरेन्द्र, विजय, गोरख आदि ग्रामीणों व क्षेत्रीय लोगों ने बताया ट्रांसफार्मर जहां फुटपाद में रखा है वही नरकट के पौधें मुख्य मार्ग तक फैले हुए हैं। इस मार्ग से दो पहिया, चार पहिया, स्कूली बस के अलावा भगवन्त पाण्डेय पीजी कालेज, पंचायत इण्टर कालेज, सहित आधा दर्जन स्कूल के बच्चों का आना जाना है। बरसात के दिनों में करंट नंगे तार से नरकट के पौधों में उतर सकता है जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उपरोक्त लोगों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल की बैरिकेटिंग कराने की मांग की है। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत दुर्गेश कुमार यादव ने बताया मामला संज्ञान में नही था। जांच कराकर समस्या का शीघ्र समाधान कराया जायेगा।

मुख्य मार्ग किनारे स्थित पोल तथा ट्रांसफार्मर के लिए चबूतरा बनवाकर उसकी बैरिकेटिंग कराकर सुरक्षित कराया जायेगा। ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया ने कहा बुधवार को दिन में तीन बजे 11000 केबीए का तार टूटकर मुख्य मार्ग पर पुलिस चौकी किनारे खड़ी बाइक पर गिर गया। संयोग था बाजार का दिन होने के बाद भी कोई हादसा नही हुआ। बरसात के मौसम में कोई अनहोनी न हो इसलिए उच्चाधिकारी प्रकरण का स्थाई समाधान कराएं। अन्यथा की स्थिति में घटित दुर्घटना की सारी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

## मथौली में सड़क के किनारे गिट्टी और बालू स्टोर करने से हो रही दुर्घटनाएं



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली में मुख्य सड़क के दोनों तरफ गिट्टी और बालू स्टोर करने से आए दिन दुर्घटनाएं हो जा रही है, लेकिन स्थानीय प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रही जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी हुई है।

बता दें कि हाटाक्कप्तानगंज मार्ग पर नगर पंचायत मथौली में नाला व आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा कुछ दुकानदारों द्वारा गिट्टी व बालू स्टोर कर सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण कर लिया गया है। सड़क के किनारे गिट्टी व बालू स्टोर होने से वाहन चालकों को साईड लेने काफी दिक्कत होती है जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो जाती है। अभी हाल ही में लक्ष्मीपुर निवासी एक व्यक्ति की किसान इंटर कालेज के समेत अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से मौत हो गई थी। कारण वहां ठिकेदार द्वारा गिट्टी व बालू का स्टोर कर आधे सड़क पर कब्जा कर लिया गया था। इसके अलावा तीन दिन पूर्व गुरुदेव आश्रम के पास एक बाइक सवार अनियंत्रिय होकर गिर गया था जो परिवार के साथ कई लोग घायल हो गए थे। यहां भी ठिकेदार द्वारा गिट्टी, बालू, पानी टैंकर और मिट्टी रख सड़क तक अतिक्रमण कर दिया गया था जिससे बाइक चालक कुछ समझ नहीं पाया और बाइक लेकर गिर पड़ा।

## सुकरौली में मकान का जंगला तोड़कर लाखों की चोरी

अवधनामा संवाददाता

**सुकरौली, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत सुकरौली वार्ड 6 बढया खुर्द में एक घर में जंगला तोड़कर बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा नगदी व आभूषण समेत लाखों का सामना चोरी कर फार हो गए।

जानकारी के अनुसार उक्त नगर निवासी पूर्व ग्राम प्रधान विवेकानन्द यादव के घर में पश्चिम तरफ जंगला तोड़ने के बाद चोर घर में घुस गए। आलमारियों तोड़कर उसमे रखा सोने चांदी का जेवरात और कुछ नगदी चोरी कर फरार हो गए। चोरी करने से पूर्व चोरों ने घर में सो रहे सभी परिजनों को कमरे के बाहर लगे फाटक को बन्द कर आराम से चोरी करने की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित ने बुधवार को हाटा कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस संबंध में कोतवाल रामाश्रय चौहान ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई थी मौके से गया था। उक्त प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तिरंगा झंडा देश की आन,मान एवं शान हैं : अजय कुमार दुबे



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी बनकटा मंडल के तत्वाधान में सोहनपुर बाजार में तिरंगा यात्रा मंडल अध्यक्ष सीमा कुशवाहा की अध्यक्षता में निकाली गई। तिरंगा यात्रा का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे एवं अन्य अतिथियों के द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

तिरंगा यात्रा सरदार पटेल की प्रतिमा से लेकर और सोहनपुर बाजार स्थित गणेश मंदिर तक निकली गई। जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि आजादी का पर्व हमें देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारी, सेनानियों एवं देशभक्तों की याद दिलाता है। आज हम सभी स्वतंत्र भारत के स्वच्छंद वायु में सांस ले रहे हैं इसका पूरा श्रेय देश के उन महान मां भारती के सपूतों को जाता है जिन्होंने अपना सब कुछ न्यौछावर कर आजादी की लड़ाई रूपी यज्ञ में अपने आपको समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा तेरह अगस्त से लेकर पंद्रह अगस्त हर घर तिरंगा अभियान चलाने का निर्णय पार्टी के द्वारा लिया गया है। जिसके अंतर्गत सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर तिरंगा झंडा तो लगाएं ही साथ ही साथ अपने पास पड़ोस के घरों पर भी तिरंगा झंडा लगे इसकी भी चिंता करें। भारत की सेना आज इतनी सशक्त हो गई है कि वह दुश्मन के घर में जाकर अपना मिशन पूरा करके चली आ रही है।

## शहीद स्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य : भूपेंद्र सिंह

**देवरिया।** भाजपा द्वारा चलाए जा रहे शहीद स्थलों व स्मारकों के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर के सुभाष चौक पर स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा और परिसर की साफ सफाई की तथा पुष्प चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि शहीद स्थल और स्मारक हमारी राष्ट्रीय धरोहर हैं, इन्हें हमे सम्भाल कर रखना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद के सभी शहीद स्थलों व स्मारकों पर पार्टी कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चला रहे हैं जिसमें हमारे महापुरुषों की मूर्तियां तथा शहीदों की प्रतिमाओं की साफ सफाई की जा रही है और आगे भी हम लोग यह कार्यक्रम करते रहेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, मुकुल मणि त्रिपाठी, गोविंद चौरसिया, विजय बेलदार, नीरज श्रीवास्तव, अक्षय प्रताप आदि उपस्थित रहे।

## जानलेवा बना साखोपार पूल से मोहन मुंडेरा को जाने वाला मार्ग

अवधनामा संवाददाता



**बोदरवार, कुशीनगर।** कप्तानगंज गोरखपुर मुख्य मार्ग पर स्थित बोदरवार से उत्तर साखोपार बडी नहर के पुल से मोहन मुरेड़ा, पोखरभिण्डा, चंदरपुर, बनकटा, मठिया, डोमबरवा, खोखिया, मदफ्फरपुर आदि दर्जनों गांवों को जाने के लिए नहर की पटरी को पीच कर दिया गया था। जिस को रेलवे विभाग ने पूर्णतया बन्द कर दिया है और बेलभद्र उर्फ नरहर छपरा ढाला पार कर नई सड़क बना दी गई जो अब बड़ेक्कबड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। हल्की बरसात होने पर भी गड्ढे पानी से भर जाते हैं और राह चलना मुश्किल हो जाता है।

साखोपार पूल से रेलवे ट्रैक की दूरी मात्र 100 मीटर ही है जब कि नरहर छपरा से रेलवे ट्रैक तक जाने के ढाई किमी की दूरी तय करनी पड़ती है इतना ही नहीं जबसे सड़क बनी है उसका दोबारा मरम्मत कार्य नहीं हुआ। इस कारण उस पर बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं और उसकी गिट्टियां भी इधर उधर फैलकर जानलेवा बन गई है। गड्ढो में दो पहिया वाहन चालक नित्य फिसल कर गिर जा रहे हैं। स्कूली बच्चो के जान पर बनी हुई है। बृद्धि सिंह, परमात्मा सिंह, पूर्व प्रधान रामनगीना सिंह, बाल किशुन, सतेन्द्र सिंह, तबारक आदि लोगों ने तत्काल उस सड़क के मरम्मत की मांग की है और तब तक नहर पर रेलवे द्वारा लगाए गए स्थाई रूप अवरुद्ध किए गए मार्ग को पुनः बहाल किया जाय। बताते चलें कि यह मार्ग महराजगंज से हाटा, कसया, देवरिया आदि जगहों पर जाने के लिए सबसे सीधा मार्ग है देवरिया राजवाहा की पटरी को भिटौली महराजगंज से हाटा तक टूलेन कर दी गई।

## डीएम ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के सम्बन्ध में की बैठक

- डीपीआरसी में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बुधवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 (15 अगस्त) की तैयारियों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने कहा कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाले स्वाधीनता दिवस समारोह परम्परागत रूप से सादगी के साथ आकर्षक ढंग से मनाया जायेगा।

उन्होने बताया कि जिला/तहसील/ब्लॉक/नगर निकायों आदि सरकारी तथा गैर-सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन होगा। पंचायती राज विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के जितने भी अमृत सरोवर, विद्यालय, शहीद स्थल है और जहां पर झण्डारोहण होना है वहां की साफ-सफाई करायी जाये। ईओ को निर्देशित किया गया कि समस्त नगर पंचायतों में साफ-सफाई, लाइटिंग, शहीद स्थलों पर माल्यार्पण किया जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अपने कार्यालयों में लाइटिंग करा लें। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगितायें आयोजित की जाये। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुये कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनमानस बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करें, जनपद के स्वतत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों को याद करें और अपने-अपने घरों पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झण्डा फहराये।

उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुये फहराया/लगाया जाये। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिये। झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे फेंका नही जायेगा, उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाये। हर घर पर झण्डा विधिवत् तरीके से लगाया जाये। आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रभात फेरी निकालकर हर घर तिरंगा अभियान का शुभारम्भ किया जाये तथा तिरंगा यात्रायें, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़, तिरंगा संगीत, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा कृतज्ञता के कार्यक्रम किये जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस डीपीआरसी गौरीगंज में मनाया जायेगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को विभाजन विभीषिका से जुड़ी हुई गतिविधियों जानकारी दी जाये तथा इससे जुड़ी हुई फिल्मों, डाक्यूमेन्ट्री का प्रदर्शन किया जाये। उन्होने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाना है इसके अन्तर्गत सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों, समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्प्लेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी/थाना सहित प्रत्येक घरों में अनिवार्य रूप से तिरंगा फहराया जायेगा। 15 अगस्त को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाये। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार आयोजित किया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव व रितेश राज, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फाइलेरिया बीमारी की गंभीरता, जटिलता बताकर और दवा का महत्व बताकर दवा का सेवन कराया

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) अभियान के दौरान पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) के सदस्य फाइलेरिया की गंभीरता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अभियान में दवा खाने से इनकार वाले लोगों को पीएसपी सदस्य बीमारी की गंभीरता के बारे में लोगों देने के साथ उन्हें दवा खाने के लिए राजी कर सेवन करा रही टीम का सहयोग कर रहा है।

भलुअनी ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बढ़या फुलवरिया, आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु व आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरौली में सीएचओ के नेतृत्व में ग्राम प्राधन, एएनएम, आशा, आंगनबाड़ी, फाइलेरिया मरीजों के सहयोग से पीएसपी का गठन किया गया है। पीएसपी के माध्यम से फाइलेरिया बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बढ़या फुलवरिया गांव के आशा कार्यकर्ता सुनैना गांव में फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए दवा का सेवन कराने गई तो 7 घरों के लोगों ने उनके परिवार ने दवा खाने से साफ इनकार कर दिया। बोले हमारे परिवार में किसी को फाइलेरिया नहीं है तो हम दवा क्यों खाएं। आशा कार्यकर्ता ने इसकी सूचना पीएसपी सदस्य सीएचओ ब्यूटी विश्वास को दिया को दिया। पीएसपी सदस्य सीएचओ, एएनएम, फाइलेरिया मरीज के साथ एक -एक घर पहुंची और परिवार के सदस्यों को बीमारी से होने वाली जटिलता और गंभीरता की जानकारी दी। इसके बाद दवा खाने को तैयार हुए। इनकार करने वाले 7 घरों के परिवार के 30 सदस्यों को आशा कार्यकर्ता के सामने दवा खिलवाया।आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुखुन्दु गांव के राजेश रावत के घर आशा कार्यकर्ता मंजू पहुंचीं तो परिवार के लोगों ने दवा का सेवन करने से इनकार कर दिया। पीएसपी सदस्य सीएचओ, सहायिका, फाइलेरिया मरीज राजेश रावत के घर पहुंची। दवा के महत्व के बारे में बताया और फाइलेरिया मरीज के हाथी पांव को दिखाया। इसे बाद परिवार के दस सदस्यों ने दवा का सेवन किया।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई फैमिली आईडी की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी कलेक्ट्रेट सभागार में फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि ऐसे विभाग जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों की संख्या अधिक हो उन विभागों के साथ साप्ताहिक अलग से बैठक कर प्रेरित किया जाय कि सभी अधिकारी, कर्मचारी अपना फैमिली आईडी बनवाये। बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग कर रहे एसडीएम व बीडीओ को भी निर्देश दिये गये कि विशेष प्रयास कर अधिक से अधिक लोगों का फैमिली आईडी बनवाया जाय ताकि जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य को समय से पूर्ण कर लिया जाय।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित न होने वाले ऐसे परिवार जो राशनकार्ड के पात्र नहीं हैं, उन्हें फैमिली आई.डी. पोर्टल ''फैमलीआईडी डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से फैमिली आईडी उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की गयी है। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फैमिली आई.डी. लोगों के लिए सहायक होगी। प्रदेश में अध्यासित ऐसे परिवार जो सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं वे भी स्वेच्छा से फैमिली आईडी प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होनें बताया कि फैमली आईडी बनवाने की प्रक्रिया बहुत ही सरल और आसान है। इच्छुक व्यक्ति घर बैठे फैमली आईडी बनवा सकते हैं। फैमिली आईडी आवेदन करने के लिए इच्छुक व्यक्ति को फैमिली आई.डी. पोर्टल ''फैमलीआईडी डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन क्लिक करना होगा। क्लिक करने के पश्चात सामने खुलने वाले पेज पर नाम, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, निवास व अन्य व्यक्तिगत जानकारी भरकर सबमिट करने पर मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी सबमिट करते ही सम्बन्धित परिवार का पोर्टल पर पंजीकरण हो जाएगा।

शासन द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार शहरी क्षेत्र हेतु किए गए आनलाइन आवेदन सम्बन्धित एसडीएम और ग्रामीण क्षेत्र हेतु किए गए आवेदन सम्बन्धित बीडीओ के पास जांच हेतु पहुँचेंगे। जांच अधिकारी प्राप्त हुए आवेदनों की जांच संबंधित लेखपाल और ग्राम पंचायत सचिव से सत्यापन कराएंगे। सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात् फैमिली आईडी जनरेट होने पर आवेदक के मोबाइल पर संदेश आएगा कि अपना फैमिली आईडी कार्ड कंप्यूटर से प्रिंट या डाउनलोड कर सकते है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सीएमओ डॉ संजय कुमार, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, डीपीआरओ सर्वेश कुमार पाण्डेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, अर्थ एवं संख्या अधिकारी घासीराम, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वानन्द, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, बीएसए आशीष सिंह, ईओ प्रमिता सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर के प्रत्येक थाने में बन रहा शीशू ग्रह

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना गढ़िया रंगीन पर महिला पुलिसकर्मियों के छोटे बच्चों के लिये एक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु शिशु गृह का उद्घाटन किया गया इस तरह से जनपद में तमाम थानों में शिशु ग्रह का उद्घाटन हो चुका है पुलिस अधीक्षक , शाहजहाँपुर द्वारा थाना गढ़िया रंगीन परिसर में शिशु गृह का विधिवत उद्घाटन किया गया । यह शिशु गृह विशेष रूप से ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को ध्यान में रखते हुए स्थापित किया गया है, ताकि वे ड्यूटी पर रहते हुए अपने शिशुओं एवं छोटे बच्चों को एक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं अनुकूल वातावरण में रखकर अपनी ड्यूटी संबंधी जिम्मेदारियों का सुचारु रूप से निर्वहन कर सकें। इस शिशु गृह में छोटे बच्चों के खेलने के लिए अनेक संसाधन जैसे कि झूले, खिलौने, अन्य खेलने सम्बन्धी सामग्री की व्यवस्था की गई है, जिससे बच्चों को आरामदायक और आनंददायक वातावरण प्राप्त हो सके।

# नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों की डीएम अक्षय त्रिपाठी ने की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** आकांक्षी जनपदों के लिए नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने स्वास्थ्य एवं पोषण इंडीकेटर्स की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि आशावार प्रगति की समीक्षा की जाये। निष्क्रिय एवं न्यून प्रगति वाली आशाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि वीएचएसएनडी सत्रों को मानक के अनुसार संचालित करें तथा समस्त लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। डीएम ने कहा कि सभी पर्यवेक्षणीय अधिकारी वीएचएसएनडी सत्र का भ्रमण करें और यदि सत्र में कोई कमी पायी जाती है उसमें सुधार लाया जाय। सैम मैम बच्चों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध कर उनकी ट्रैकिंग एवं फालोअप कर उन्हें स्वस्थ बच्चों की श्रेणी में लाया जाय।

शिक्षा की समीक्षा करते हुए डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि ब्लाकवार माध्यमिक विद्यालयों की सूची तैयार कर यू-डायस डाटा को इम्पोर्ट कराया जाय। कक्षा 08 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं ने किन विद्यालयों में प्रवेश लिया है उनका विवरण रखा जाय तथा छूटे हुए बच्चों को प्रवेश भी दिलाया जाय। आईसीडीएस विभाग को निर्देश दिया गया कि 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग की स्कूल न जाने वाली बालिकाओं को चिन्हित कर उन्हें विद्यालयों में प्रवेश दिलाये तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से भी बालिकाओं को आच्छादित किया जाय। डीआईओएस को निर्देश दिया गया कि जिला पुस्तकालय को डिजिटल पुस्तकालय के रूप में विकसित किया जाय तथा पुस्कालय के संचालन में नगर पालिका परिषद से भी सहयोग लिया जाय। कृषि सेक्टर की समीक्षा के दौरान डीएम ने केसीसी की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## पीड़िता अधिवक्ता को ही पुलिस ने थाने पर बैठाया



**सुल्तानपुर/दिल्ली, अवधनामा संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता आस्था श्रीवास्तव को कोतवाली नगर पुलिस ने थाने में बैठाया। मिली जानकारी के मुताबिक उनकी सास को भी कोतवाली नगर लाया गया है। सूत्रों के मुताबिक सुल्तानपुर शहर स्थित उनके पैतृक आवास के सामने ही बिना परमिशन अवैध तरीके से पड़ोस के ही रहने वाले विनोद सेठ पक्ष ने दीवार खड़ी कर लिया। इसी बात का विरोध करने का अधिवक्ता आस्था पक्ष पर आरोप है। गलत काम का विरोध करना अधिवक्ता को भारी पड़ा। सूत्रों के मुताबिक विरोध करने वाले पक्ष को तो कोतवाली में बैठा लिया गया,और अगले पक्ष को सेटिंग-गेटिंग के बल पर निर्माण की इजाजत दे दी गई है। कोतवाली नगर पुलिस का विवादित कारनामा सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट के मशहूर अधिवक्ता कपिल सिब्बल के चैम्बर की अधिवक्ता आस्था श्रीवास्तव बताई जा रही हैं। अधिवक्ता के साथ हुई बदसलूकी से अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है,मामला बढ़ सकता है।

## 10 घंटा बीत जाने के बाद भी, नहीं बहाल हुई विद्युत व्यवस्था

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद के उघड़पुर विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत लगातार खामियां देखने को मिल रही है जिसके पश्चात वहीं विद्युत विभाग की भारी लापरवाही के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है जहां पर लगातार 10 घंटा बीत जाने के पश्चात भी अभी तक विद्युत व्यवस्था धोस्त पड़ी है जिसको लेकर क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है जहां एक तरफ मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन पर सारी व्यवस्थाओं को चुस्त व दुरुस्त रखने के लिए आदेश हुआ है तो वहीं विद्युत विभाग के लोग खुले आम धज्जियां उड़ा रहे हैं। जेई व एसडीओ से बात करनी चाही गई तो उनका मोबाइल नहीं उठा।

## बीमार अधिवक्ता को बार महासचिव ने दी आर्थिक मदद



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** बार एसोसिएशन के महासचिव दिनेश कुमार दूबे ने मानवता और सहकर्मी भावना का परिचय देते हुए बीमार चल रहे वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण तिवारी को 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। बताया गया कि लक्ष्मीनारायण लंबे समय से अस्वस्थ हैं और उनका इलाज चल रहा है। इस अवसर पर महासचिव दूबे ने कहा कि अधिवक्ता परिवार के हर सदस्य की खुशी और कठिनाई में साथ रहना बार एसोसिएशन की परंपरा है। उपस्थित अधिवक्ताओं ने लक्ष्मीनारायण के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए महासचिव के इस कदम की सराहना की।

## स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज में कहीं हेलमेट लगाकर न आना पड़े

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** जनपद का यह वही मेडिकल कालेज है, जिसको बनने में जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ो रूपये के टैक्स लगे हैं। मेडिकल कालेज चालू होने के बाद से लगातार यहां की अनियमितता भरी खबरे वायरल हैं।कभी कोई डॉक्टर मरीज के प्राइवेट अस्पताल के नम्बर पर्ची पर लिख कर दे रहा है,तो कहीं कोई महिला सिक्योरिटी गार्ड पर अभद्रता का आरोप लगा रही है। अब मेडिकल कालेज में जमीन को छूती हुई टाइल्स बगैर हाथ लगाए जमीन पर गिर गयी। आवाज सुनकर आसपास के मरीजों यह दृश्य देखा तो सहम गए।साथ ही सवाल उठाने लगे कि जब टाइल्स इतनी कमजोर लगी है बिल्डिंग की मजबूती कितनी होगी।

## नगर पालिका परिषद के सौजन्य से निकाली तिरंगा यात्रा



**सुलतानपुर।** हर घर तिरंगा अभियान 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा रैली को भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी,अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुलतानपुर प्रवीण अग्रवाल की उपस्थिति में जिलाधिकारी कुमार हर्ष ,मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । उक्त रैली नगर पालिका परिषद से बांध मंडी ,चौक,सब्जी मंडी,जिला अस्पताल होते हुए नगर पालिका परिषद में समापन हुआ।

# विद्यालयों में कायाकल्प कार्य शीघ्र पूर्ण करें: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्राथमिक विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

डीएम ने खंड विकास अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में टाइल्स लगाने, बाउंड्रीवाल निर्माण, दिव्यांग शौचालय आदि के शेष कार्यों को अत्यंत शीघ्र और गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराया जाए। साथ ही, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सुधार लाने पर विशेष जोर दिया।

बालिका शिक्षा के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की डॉरमेट्री व कंप्यूटर लैब निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को इन्हें जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। केजीबीवी विद्यालयों के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने पर बल दिया गया।

डीएम ने निर्देश दिए कि 15 अगस्त को प्रत्येक विद्यालय की मॉडल वाटिका में बेहतर कार्यक्रम आयोजित हों। मध्यान्ह भोजन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि भोजन छात्रों की उपस्थिति के अनुसार, गुणवत्ता और तय मेनू के अनुसार वितरित कराया जाए।

इसके अलावा, आधार कार्ड बनाने में जिन ब्लॉकों में बच्चों का अधिक पंजीकरण है, वहां प्राथमिकता देने तथा शेष बालवाटिकाओं का निर्माण सीडीपीओ और खंड शिक्षा अधिकारियों के समन्वय से पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

डीएम ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर शिक्षकों व छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और विद्यालय की अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–टेली / टेंडर / 06 / 2025–26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट स्टेशन पर यात्री सुविधाओं जैसे ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, घोषणा आदि के प्रावधान और सुधार का दूरसंचार कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,76,41,999.96/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,38,200.00/ |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 02.09.2025 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा प्रपत्र और बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.– 106–टेली / टेंडर / 06 / 2025–26 दिनांक 12.08.2025 2472/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय मा.सिविल जज सीनियर डिविजन, सहारनपुर वाद संख्या 2366 सन 2024 राशिदा आदि (बनाम) महरूबा आदि नोटिस बनाम...(1) महरूबा पत्नी मुस्तफा, निवासी ग्राम खानपुर गुर्जर परगना गंगोह, तहसील नकुड जिला सहारनपुर। (2) प्रकाश चन्द वर्मा पुत्र श्री साधु राम, निवासी ग्राम जेहरा परगना गंगोह, तहसील नकुड जिला सहारनपुर। हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 05 माह 9 सन 2025 ई0 बवक्त 10:00 बजे दिन के असालतन या माफत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकद मुकदमे का जवाब देसके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारों के लिए मुकर्रर है वारते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज है लाज़िम है उसी रोज़ जुमला गवाह दस्तावेज़ पेश करें इत्ताला दी जाती है बरोज मजकूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फ़ैसला होगा। 11.8.25 को मेरे द्वारा जारी।

**आज्ञा से मुंसरिम**



**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय मा.सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर। वाद संख्या-2932 सन-2024 1-श्रीमति आशा उम्र करीब 54 वर्ष पत्नी स्व0 चमन लाल 2- कु0 प्रिया पुत्री स्व0 चमन लाल निवासीगण मकान नम्बर 8/2414 मौहल्ला मातागढ शहर सहारनपुर (प0तहसील व जि.सहारनपुर) वादीगण.. (बनाम)......1- राजेन्द्र 2- संजीव 3 अनिल पुत्रगण स्व0 बाबूराम निवासी गण मकान 8/2414 मौहल्ला मातागढ शहर सहारनपुर (परगना तहसील व जिला सहारनपुर) प्रतिवादीगण हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत तकसीम व स्थाई निषेधाज्ञा दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19/08/25 बवक्त 10-00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुर्करर है वास्ते इनफिसाल मुक़दमा के तज़वीज है लाज़िम है उसी रोज़ जुमला गवाह दस्तावेज़ पेश करें इत्ताला दी जा ती है कि बरोज मजकूर आप हाज़िर ना होंगे तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फ़ैसला होगा दिनांक।11.8.25,को मेरे द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सी डी, स.पुर**


# नात और मनाक़िब के संग्रह पैकर ए अनवार का विमोचन

■ समारोह में साहित्यकारों ने अपने विचार व्यक्त किए

**अवधनामा संवाददाता**



**फ़िरोज़ाबाद।** अल-हम्द पब्लिक स्कूल का विशाल हॉल ज्ञान और साहित्य की खुशबू से महक उठा, जब प्रसिद्ध कवि और लेखक वारिस रफ़ी द्वारा रचित नात और मनक़िब संग्रह पैकर ए अनवार का भव्य विमोचन समारोह कामिनी उर्दू केंद्र के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समारोह में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिक्षाविद और साहित्यकार, शिक्षक, छात्र और साहित्य प्रेमी शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता प्रख्यात कवि अनवर कमाल ने की। शोधकर्ता, आलोचक और सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिब्त हसन नक़वी और प्रसिद्ध लेखक सैयद महमूद-उल-ज़मान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रख्यात शायर कलीम नूरी द्वारा नात-ए-रसूल-ए-मक़बूल (स.अ.व.) की प्रस्तुति से हुई, जिसने महफ़िल को अध्यात्म और भक्ति के रंग से शराबोर कर दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भजनों, नातों और मनक़िब से युक्त सुंदर और रोशन पैकर ए अनवार को उर्दू साहित्य की एक अमूल्य धरोहर बताया और कहा कि वारिस रफ़ी ने अपनी लेखनी में गहन अवलोकन, परिष्कृत भावनाओं और भाषा व अभिव्यक्ति की कोमलता का अद्भुत संगम किया है। भावनाओं की कोमलता और भाषा की नज़ाकत इसमें एक साथ दिखाई देती है। डॉ. सिब्त हसन नक़वी ने पैकर ए अनवार के बौद्धिक और कलात्मक पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नात के क्षेत्र में आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। उन्होंने कहा कि दुनिया के इतिहास में कोई दूसरा उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया जा सकता कि किसी व्यक्ति की इतनी प्रशंसा और वर्णन किया गया हो, जितना कि नात-ए-रसूल में पवित्र पैगंबर (स.अ.व.) की प्रशंसा और वर्णन किया गया है। भारत में अनगिनत हिंदू और सिखों का कवि गुज़रे हैं जिन्होंने उत्कृष्ट नात गाई हैं और अत्यंत कलात्मक ढंग से पैगंबर के प्रति समर्पण और प्रेम का परिचय दिया है। सैयद महमूद-उल-ज़माँ ने अपने संबोधन में कहा कि यह पुस्तक ईमानदारी, सच्चाई और साहित्यिक गुणवत्ता का एक ज्वलंत उदाहरण है। उपर्युक्त ने अपनी अनूठी शैली, भव्यता और शालीनता, अत्यधिक भक्ति और प्रेम, और कभी-कभी उन्होंने प्रसन्नता के भाव से अपनी कविताओं को खूबसूरती से सजाया और प्रस्तुत किया है। यह कविता संग्रह उनके मूल्य और प्रतिष्ठा का भी प्रमाण है। विमोचन समारोह के बाद, समारोह का दूसरा दौर एक जीवंत काव्य सत्र के रूप में शुरू हुआ, जिसमें प्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं और श्रोताओं का मनोरंजन किया। इस सत्र में अनवर कमाल, ज़ीरो बांदवी, कलीम नूरी, इश्तियाक आलम, डॉ. सीमाब इकबाल, शफीक जौहर, इब्न शहाब, कफील साबरी, शफकत अली वफा, आगाज़ अहमद, जावेद कमर, मुहम्मद उमर पैकर और अन्य कवियों ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कीं। प्रत्येक कवि ने समकालीन विषयों, प्रेम के जुनून, शास्त्रीय सौंदर्यबोध और भाषा की नज़ाकत से सजी अपनी अनूठी शैली में कविताएँ प्रस्तुत कीं, जिन पर सभा बार-बार वाह वाह और सुभान अल्लाह की आवाज़ों से गूंज उठी। श्रोताओं ने प्रत्येक कवि की खूब सराहना की।

## पोस्टर प्रतियोगिता और तिरंगा रैली का आयोजन




**फिरोजाबाद।** रहना रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय फ़िरोज़ाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम मोहनदीपुर स्थित माँ वीणा वादनी स्कूल में प्रकृति संरक्षण की भावना को उकेरने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता और तिरंगा रैली का भी आयोजन हुआ। युवाओं ने बहुत सुंदर पोस्टर बनाकर अपनी कला के साथ ही प्रकृति के महत्व को उजागर किया। तिरंगा यात्रा में लगभग 200 स्टूडेंट्स शामिल हुये। खुशी दीदी ने कहा कि प्रकृति सुरक्षा के प्रयास के लिए युवाओं को जागृत करना चाहिए। यह कार्यक्रम इसलिए किया गया युवाओं को अपने देश व प्रकृति के प्रति प्रेम पैदा हो। जिसमें बच्चो ने अपनी परिकल्पनाओ को रंगीन चित्रो के माध्यम से बहुत ही खुबसूरती के साथ अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रधानाचार्य प्रेमपाल यादव और समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक शिव कुमार कुशवाहा ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में करीब 25 युवाओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में चित्र के माध्यम से लोगों को जागरूक करते भाग लिया।

# डीएम ने किया तिरंगा रैली का शुभारंभ

■ भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने कंपोजिट विद्यालय हथोड़ा बुजुर्ग से हर घर तिरंगा कार्यक्रम की रैली कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा झंडा लेकर तिरंगा रैली में शामिल हुए। छात्र छात्राओं ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर प्रतिभाग किया और भारत माता के जयकारों के साथ उत्साह उमंग के साथ रैली निकाली। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में हर घर तिरंगा का कार्यक्रम बहुत ही हर्ष उल्लास उमंग और उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं प्रभात फेरी निकाली जा रही है इस प्रकार अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं । जिलाधिकारी ने कहा कि यह आजादी हमें हमारे वीरों के अदम्य साहस त्याग बलिदान संघर्ष के बाद मिली है हम इसको भूल नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के अमर शहीदों ने देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं। इसको आगे बढ़ाने के लिए प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए राष्ट्र निर्माण में हम सब का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। देश प्रगति के पथ पर अग्रसर हो इसके लिए हमें चिंता करने और सक्रिय योगदान देने की जरूरत है । देश पुष्पित पल्लवित होकर विकसित राष्ट्र बने यही हम सबका उद्देश्य होना चाहिए। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जगह पर तिरंगा रैली निकाल कर आम जनमानस को तिरंगा के माध्यम से आजादी के संघर्षों को याद दिलाया जा रहा है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम 13 से 15 अगस्त तक चलेगा। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा ऐतिहासिक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि इस विशेष आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना का संचार तथा तिरंगे के ऐतिहासिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे 15 अगस्त को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशप्रेम की भावना को और सशक्त करें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपने इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम मिलता है। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि वह अपने विद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत रैलियों का आयोजन करें। उन्होंने बताया कि दिनांक 13 से 15 अगस्त 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शासकीय भवनों शैक्षणिक संस्थान होटल कार्यालय आदि पर ध्वजारोहण समारोह व्यवस्था सूचित की जाएगी तथा नागरिकों को तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थिति रहे।


**Notice**

I Rumeena Sheikh W/o Sri Mohammad Fareed R/o 295/03 Deen Dayal Road Ashrafabad, Lucknow-226003 Uttar Pradesh. That I changed my name from Roomi Siddiqui to Rumeena Sheikh in future I will be called Rumeena Sheikh.



**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष - 2021, अनुक्रमांक -212750645 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष - 2024, अनुक्रमांक -2247207991 का अंक सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम - सुनील मौर्या, पुत्र - रामवृक्ष, ग्राम -टेकनार, पोस्ट - चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर।



**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष 2016, अनुक्रमांक 2602881 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2018, अनुक्रमांक 2024129 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम- सोनाली मिश्रा, पुत्री श्रीकांत मिश्रा, ग्राम- बर्डपुर नंबर 9 टोला शिवपुर, थाना कपिलवस्तु, जिला-सिद्धार्थ नगर।



**कार्यालय ग्राम पंचायत कपिया विकास खण्ड -इटवा जिला -सिद्धार्थनगर**

**सूचना**

ग्राम पंचायत कपिया में पंचायत सहायक/अकाउंटेंट-कम-डेटा एंट्री ऑपरेटर के 01 पद हेतु संविदा पर भर्ती की जाएगी।

न्यूनतम योग्यताः इंटरमीडिएट व कंप्यूटर ज्ञान अनिवार्य।

आवेदन अवधि : 09 अगस्त 2025 से 24 अगस्त 2025 तक।

इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक प्रमाणपत्रों सहित ग्राम पंचायत सचिवालय में आवेदन प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें : ग्राम पंचायत कार्यालय, ग्राम कपिया, विकास खण्ड इटवा, जिला सिद्धार्थनगर

**कलावती देवी**
**ग्राम प्रधान- कपिया**

**मिथिलेश कुमार**
**सचिव**



**कार्यालय ग्राम पंचायत सेमरा विकास खण्ड -इटवा जिला -सिद्धार्थनगर**

**सूचना**

ग्राम पंचायत सेमरा में पंचायत सहायक/अकाउंटेंट-कम-डेटा एंट्री ऑपरेटर के 01 पद हेतु संविदा पर भर्ती की जाएगी।

न्यूनतम योग्यताः इंटरमीडिएट व कंप्यूटर ज्ञान अनिवार्य।

आवेदन अवधि : 09 अगस्त 2025 से 24 अगस्त 2025 तक।

इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक प्रमाणपत्रों सहित ग्राम पंचायत सचिवालय में आवेदन प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें : ग्राम पंचायत कार्यालय, ग्राम सेमरा, विकास खण्ड इटवा, जिला सिद्धार्थनगर

**मो. मजीद**
**ग्राम प्रधान- सेमरा**

**मिथिलेश कुमार**
**सचिव**

# कृषि अभियंत्रण संकाय द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा और बाटे गए झंडे



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय और मत्स्य महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से शासन के आदेशानुसार डॉ.आनंद कुमार सिंह, कुलपति, चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के निर्देश के क्रम में अधिष्ठाता डॉ.एन के शर्मा और डॉ.अजीत सिंह के नेतृत्व में एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जोकि अकादमिक परिसर से शुरू होकर जिला अस्पताल और डी एम चौराहा से होते हुए वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई। जिसमें तीनों महाविद्यालय के छात्र और छात्राओं सहित तीनों महाविद्यालय के अधिकारियों शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। तिरगा यात्रा के दौरान रास्ते में मिलने वाले लोगों एवं दुकानदारों को हर घर झंडा के तहत झंडो का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप डॉ.के के पटेल, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ प्रदीप भदौरिया, उप अर्थनियंत्रक, प्रो. डॉ. डी सिंह, डॉ.टी के माहेश्वरी, इंजी.एम ए हुसैन, डॉ.राजीव सिंह, सत्येंद्र पाल, डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा, डॉ. श्वेता दुबे, इंजी.नीरजा शर्मा, ज्ञान सिंह, मनमोहन, रघुबीर, राजेश, राजवीर, अरविंद, सर्वेश, असद, मान सिंह, मो.हुसैन, विनोद कुमार, पंकज, मनोज, रोहित रंजन सहित समस्त स्टाफ और छात्रों ने प्रतिभाग कर देशभक्ति के नारे लगाए।

### तिरंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** शहर के मदरसा अरबिया कुरानिया कटरा शहाब ख़ां में बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# थाना बकेवर पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपी पकड़े

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** थाना बकेवर पुलिस ने मुठभेड़ में दो आरोपियो को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया जबकि दो आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। वादी शिवम कुमार पुत्र सियाराम निवासी महेवा मन्दिर बकेवर द्वारा थाना बकेवर पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि 11 अगस्त की रात्रि अज्ञात चोरो ने उसके घर का ताला तोड़कर घर के अन्दर से आभूषण एवं नकदी चोरी कर ली। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत महेवा चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो मोटर साइकिल कस्बा महेवा चौराहे की ओर से आती हुयी दिखायी दी जिन्हे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर भागने लगे। थाना बकेवर पुलिस द्वारा पीछा करते हुये जरिये दूरभाष द्वितीय मोबाइल को अवगत कराया गया जिस पर मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा स्वयं को दोनों ओर से पुलिस टीमों से घिरता देख पुनः फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो एक गोली आरोपी शिवकरन उर्फ बब्लू पुत्र रतीराम निवासी फकीरेपुरवा थाना सहायल औरैया के दाहिने पैर में लगी तथा एक गोली आरोपी दलवीर पुत्र ओमकार निवासी फकीरेपुरवा थाना सहायल औरैया के बांये पैर में लगी जिन्हे पुलिस ने घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमन्चा, तीन खोखा व चार जिन्दा कारतूस, 58 हजार रुपये नकद, एक अंगूठी सोने की, एक कमर करधनी चांदी की, दो जोड़ी पायल चांदी की बरामद की। कडाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने चोरी की दो घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया।

# नारायन कॉलेज में बैट सॉफ्टवेयर सिस्टम प्रा. लि. के सहयोग से आईटी भर्ती केरियर सेमीनार का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी एवं डी.एल. एड. के छात्र-छात्राओं के लिये केरियर काउन्सिलिंग विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक बैट सॉफ्टवेयर सिस्टम प्रा.लि. इं.अंकित तिवारी वाइस चेयरमेन नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स एवं प्राचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के कर कमलो द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर मॉ सरस्वती को माल्यार्पण किया गया। कम्पनी निदेशक सुमित्रा तिवारी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये बताया कि हमारी कम्पनी बैट सॉफ्टवेयर सिस्टम प्रा.लि. का मुख्य उददेश्य छात्रों को भर्ती प्रक्रिया की वहुमूल्य जानकारी प्रदान करके शिक्षा जगत और उद्योग जगत के बीच की खाई को पाटना है इस सेमीनार में उद्याोग जगत के जाने माने विशेषज्ञयों ने मुख्य भाषण दिये और आईटी जॉव मार्केट में कैसे आगे वढाया जाये इस पर सुझाव दिये। सेमीनार में एनजीआई के सभी गणमान्य व्यक्ति और छात्र शामिल हुये। बीबीए एवं बीसीए में अध्ययनरत विद्यार्थियों को 6 माह का इंण्टर्नशिप करने का अवसर प्रदान करती है जो विद्यार्थी ट्रेनिंग के दौरान परीक्षाये पास कर लेते है उन्हे स्टाई पेण्ड पर रखाजाता है और ग्रेजुएशन पूरी होने पर एक अच्छी कम्पनी में जॉव दे दी जाती है आज के दौर में रोजगार के लिये प्रशिक्षण की अत्यधिक आवश्यकता रहती है। रोजगार पाने के लिये कम्यूनिकेशन स्किल, ग्रुप डिस्कशन, पर्सनल इंण्टरव्यू सेल्फ इंन्ट्रेक्शन एवं रिज्यूम वनाने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के मध्य में विजेता पाई (माइक्रोसॉफ्ट)ने छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन सेशन लेकर वताया कि एक अच्छी कम्पनी में कार्य करने के लिये कम्यूनिकेशन स्किल, ग्रुप डिस्कशन, पर्सनल इंण्टरव्यू सेल्फ इंन्ट्रेक्शन होना अति आवश्यक है। उपरोक्त आने वाले रोजगार मेले मे तथा भविष्य में किसी और कम्पनी में प्रतिभाग करने में उपयोगी सिद्व होगा। प्राचार्य योगेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि जीवन को सफल वनाने में व्यक्तित्व के विकास की अहम भूमिका रहती है। यदि आप जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल होना चाहते है तो आपको अपने व्यकितत्व का विकास सुनियोजित रूप से करना होगा। कार्यक्रम को सफल वनानें में डीफार्मा प्राचार्य अभिषेक तिवारी, राहुल पाल विभागाध्यक्ष बी.सी.ए., अनुरूद्व यादव बीबीए विभागाध्यक्ष जयन्त अर्जुन, योगीराज पुरवार, विभागाध्यक्ष डीएल.एड. डा. सुमन लता, प्रवक्ता बी.बी.ए., अनिकेत यादव चन्द्र कुमार एवं समस्त स्टाफगणों ने सराहनीय योगदान दिया।

# सुमेरपुर कस्बे में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर (हमीरपुर)** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व घर-घर तिरंगा झंडा एवं उसका सम्मान करना तथा हमारे देश के वीर जवानों एवं सैनिकों के सम्मान के लिए बीते दिन मंगलवार को दिन में 12 बजे नगर में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक युवराज सिंह एवं नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा निकाली गई इस कार्यक्रम के संयोजक शरद चंदेल ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के उपलक्ष्य में सेना के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस के पर्व में भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया तिरंगा यात्रा ठडेश्वरी आश्रम देवगांव चौराहा स्टेशन रोड सुमेरपुर से प्रारंभ होकर बांकी रोड स्थित शहीद रमेश विश्वकर्मा जी के स्मारक कांशीराम कालोनी तक पहुंची। जिसमें उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगीत गाकर भारत माता की जय का नारे का उदघोष करते देखे गए आज की इस तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह जिला महामंत्री रोहित शिवहरे महामंत्री श्याम धुरिया जगत राज प्रजापति दीपू गुप्ता मीनू महाराज रवि गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव कृष्ण कुमार त्रिवेदी संतराम गुप्ता मीना यादव सुनीता शिवहरे राखी शिवहरे उषा सिंह करण साहू अजीत गुप्ता अमन धुरिया उमेश सिंह के पुष्पराज सोनी अरिमर्दन सिंह के अलावा समस्त नगर वासी एवं विद्यार्थी तथा राष्ट्रभक्त उपस्थित रहे।

# शस्त्रमेव जयते के उद्धोष के साथ निकाली गई कस्बे में यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर (हमीरपुर)** शिव शक्ति अखाड़ा के महंत स्वामी मधुराम शरण शिवा के नेतृत्व में संतों की सशस्त्र यात्रा शस्त्रमेव जयते के उद्धोष के साथ कस्बे के विभिन्न मार्गों में निकली । यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शामिल रहे।

महंत मौदहा से यहां दिन मंगलवार को अपराह्न अपनी संत टोली के साथ पहुंचे जिनका नेहा नर्सिंग होम के पास संयोजक के के त्रिवेदी, आदित्य अवस्थी, राजेश शिवहरे, के के त्रिवेदी डॉ ज्ञानेंद्र पाठक राधे शुक्ला अरविंद श्रीवास्तव अमित सिंह इत्यादि दो दर्जन लोगों ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। अल्प विश्राम के बाद यात्रा ठडेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर से निकल कर अवतार मोटर्स होती हुई मैथिली शरण मार्ग, रामलीला मैदान, सब्जी मण्डी चौराहे से नेहा नर्सिंग तक गई। इस दौरान डीजे से हिन्दू राष्ट्र, धर्म से संबंधित गीत चले। दूसरी ओर बीस संतों की टोली ने चार स्थानों में गदा, तलवार,फरसे से शस्त्र प्रदर्शन भी किया। बाद में बस स्टाप के पास महंत मधुराम जी का बौद्धिक हुआ।

सुरक्षू व्यवस्था के तहत यात्रा के साथ पुलिस बल भी रहा ।इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया। यात्रा में दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति से उर्मिला,दया सिंह, राखी शिवहरे, सुशीला सुनीता मीना यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं रणवीर सिंह अरिमर्दन सिंह आदित्य अवस्थी भार्गव मिश्रा संतराम पुष्पराज सीता राम उमेश वा बजरंग दल के लोग उपस्थित रहे।

## दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ, एक रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिहरका निवासी अंजना 32 पुत्री नीरज ने अज्ञात कारणों के चलते चूहामार दवा खा ली, जबकि सुमेरपुर निवासी अमित (27)पुत्र बरदानी ने सल्फास खा लिया। दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहाँ से अमित को हालत गंभीर होने के चलते सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जबकि अंजना का सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है।

# मौदहा में 'हर घर तिरंगा' के नाम पर वसूली का विवाद

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के मौदहा में हर घर तिरंगा अभियान के नाम पर स्कूलों से वसूली का मामला सुर्खियों में है। बुधवार सुबह से सोशल मीडिया पर एक मैसेज वायरल हो रहा है, जिसमें सभी स्कूलों से 600 रुपये जमा करने और इसे कम्पोजिट ग्रांट में दिखाने की बात कही गई है। इस मैसेज ने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। वायरल मैसेज में लिखा है कि न्याय पंचायत अरतरा के सभी प्राधानाध्यापकों से हर घर तिरंगा अभियान के लिए 600 रुपये 13 अगस्त तक बीआरसी मौदहा में सेवेंद्र जी के पास जमा करने को कहा गया है। मैसेज में यह भी उल्लेख है कि यह राशि कम्पोजिट ग्रांट में समायोजित की जा सकती है। यह मैसेज शिक्षा विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में डाला गया, जिसे एक अध्यापक ने स्क्रीनशॉट लेकर न्यूज ग्रुप में शेयर कर दिया। प्राइवेट स्कूल संचालकों ने भी नाम न छापने की शर्त पर ऐसे ही दबाव की बात स्वीकारी। हालांकि, खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सुशील कुमार कमल ने इस मैसेज को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा, ऐसे किसी मैसेज की मुझे कोई जानकारी नहीं है। यह फर्जी है और इसका मेरे कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। यह विवाद जिले में अभियान की पारदर्शिता पर सवाल उठा रहा है। ग्रामीणों और शिक्षकों ने मांग की है कि इस मामले की जांच हो और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# सिसोलर में जल जीवन मिशन बनी जानलेवा

**खुला चेंबर बना मौत का गड्ढा, ठेकेदारों की लापरवाही उजागर**

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के मौदहा विकास खंड के सिसोलर गाँव में जल जीवन मिशन योजना अब ग्रामीणों की जिंदगी के लिए खतरा बन गई है। ठेकेदारों की लापरवाही ने गाँव के रास्तों को मौत के गड्ढों में तब्दील कर दिया है। गाँव की गलियों और मुख्य रास्तों में खोदे गए भारी-भरकम गड्ढों और खुले चेंबरों ने आवागमन को दूभर कर दिया है, लेकिन इस योजना से एक बूंद पानी तक ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ।

सिसोलर के बाल्मीकि मोहल्ले में पक्का तालाब के पास हरिजन बस्ती जाने वाले रास्ते पर एक खुला चेंबर और मिट्टी का ढेर महीनों से पड़ा है। यहाँ से दोपहिया या चारपहिया वाहन तो दूर, पैदल चलना भी जान जोखिम में डालने जैसा है। दो दिन पहले इसी रास्ते पर खुले चेंबर ने एक दर्दनाक हादसे को जन्म दिया। गाँव के युवक आशीष बाल्मीकि बिजली के करंट से झुलस गया, लेकिन रास्ते में चेंबर की वजह से वाहन नहीं निकल सका। समय पर अस्पताल न पहुँच पाने के कारण आशीष की मौत हो गई।

ग्रामीणों में ठेकेदारों और प्रशासन के खिलाफ गुस्सा फूट रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल जीवन मिशन के नाम पर सिर्फ रास्ते उजाड़े गए, लेकिन पानी का वादा अधूरा रहा। गाँव की गलियों की दुर्दशा और खुले चेंबरों ने उनकी जिंदगी को खतरे में डाल दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और चेंबरों को ढकने की मांग की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला की हुई मौत

**हमीरपुर।** जनपद में राठ कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके में परिस्थितियों के चलते जहरीले सांप के काटने से एक वृद्ध महिला की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी लगते ही मृतक महिला के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची राठ कोतवाली पुलिस के मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार राठ कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके की निवासी 80 वर्षीय महिला गुलाब रानी पत्नी गोकुल प्रसाद जो कि रात्रि के समय खाना खा पी कर अपने घर में चारपाई पर सो रही थी तभी अचानक किसी जहरीले सर्प ने महिला गुलाब रानी को काट लिया। सर्प के काटने से महिला गुलाब रानी की हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में उसे इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने महिला गुलाब रानी का प्राथमिक उपचार कर उसकी अत्यधिक नाजुक हालत को देखते हुए उसे उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। लेकिन परिजन महिला गुलाब रानी को मेडिकल कॉलेज उरई ना ले जाकर पनवाड़ी स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। तथा निजी चिकित्सक के यहां से इलाज कराने के बाद वापस कस्बा राठ आते समय महिला गुलाब रानी मंगलवार को दोपहर में करीब 12=30 बजे मौत हो गई। मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि मृतका गुलाब रानी अपने पति के साथ राठ कस्बे के सिकंदरपुरा इलाके में रहकर अपनी गुजर बसर करती थी। जो कि अपने पीछे पति गोकुल प्रसाद के अलावा पुत्र हरीचंद और संजय सहित अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। बताया कि महिला के दोनों पुत्र दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं जिन्हें मां की मौत की खबर दे दी गई है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा तथा जांच कर आवश्यक कार्रवाई भी कराई जाएगी।

# एनटीपीसी-विंध्याचल में जागरूकता रैली का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक कोर वैल्यू एक्कुअलाईजेशन मनाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन नामित किया गया है। इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल में अगस्त माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) मृणालिनी को नामित किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्गों -कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, संविदा कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों के लिए सत्यनिष्ठा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे कहानी लेखन, शॉर्ट विडियो मेकिंग, नारा प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं कोलाज मेकिंग आदि का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक दिन सत्यनिष्ठा पर आधारित एक संदेश इंट्रानेट पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है। दिनांक 13.08.2025 को प्रातः 11.00 बजे से परियोजना के अंबेडकर स्टेडियम में सत्यनिष्ठ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के आयोजन का मुख्य उदेश्य सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यस्थल मे ईमानदारी से कार्य करने हेतु प्रेरित करना था। इस रैली में मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए जे राजकुमार, कमांडेंट (सीआईएसएफ) मनीष राय, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, महाप्रबंधक (प्रचालन) सत्येंद्र कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) दीपु ए, महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. विनोद कुमार भराली, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) आशीष अग्रवाल, अन्य अपर महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, प्राचार्य व शिक्षकगणों के साथ-साथ भारी संख्या में स्कूली बच्चें एवं सीआईएसएफ के नौजवानों नें भाग लिया।

## हिण्डाल्को में निकाली गई तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंज उठा आकाश




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हमारा देश इस साल अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। रेणुकूट स्थित हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड में भी 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को हिण्डाल्को कॉलोनी परिसर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिल्प कला केंद्र की महिलाओं ने भाग लिया। हिण्डाल्को के मुखिया- क्लस्टर हेड समीर नायक के दिशा-निर्देशन में तथा मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह के मार्गदर्शन में तिरंगा लहरा कर रैली को प्रारंभ कराया गया। इसके पूर्व कॉलोनी परिसर में एकत्रित हुए कॉलोनीवासियों ने देशभक्ति के नारे लगाए। देश की शान में हिण्डाल्को परिवार हर घर तिरंगा अभियान में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इसी के साथ कॉलोनी से लेकर प्लांट परिसर में कई जगहों तिरंगा सेल्फी प्वाइंट्स भी बनाए गए जहां लोगों ने उत्साह के साथ सेल्फी ली एवं उसे पोर्टल पर अपलोड भी किया। गौरतलब है कि तिरंगा रैली हिण्डाल्को कॉलोनी परिसर में अनुशासित ढंग से निकाली गई जिसे कॉलोनीवासियों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए सलामी दी। आगे भी स्वतंत्रता दिवस तक इसी प्रकार देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सीएसआर प्रमुख अनिल झा एवं सुरक्षा प्रबंधक मेजर (सेनि.) देवेन्द्र ओंकार, पब्लिसिटी विभाग से प्रशान्त श्रीवास्तव एवं सीएसआर विभाग से राजेश सिंह, सचिन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## नगर में निकाली गई पैदल तिरंगा यात्रा



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** आजादी का अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला मुख्यालय के बढ़ौली चैराहे से कचहरी तक भव्य पैदल तिरंगा यात्रा जिलाधिकारी बीएन सिंह के नेतृत्व में निकाली गयी। यात्रा बढ़ौली चैराहे से प्रारंभ होकर कचहरी तक रिमझिम बारिस के दौरान उत्साह पूर्वक सम्पन्न हुईं। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था, इसका उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, भावनात्मक जुड़ाव और देशभक्ति को प्रोत्साहित करना है, यह अभियान जन भागीदारी का सफल आन्दोलन बन चुका है, उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक झण्डा ही नहीं यह देश की एकता, अखण्डता और प्यार का प्रतीक भी है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा अवश्य फहरायें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने भारत सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 2022 में हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया था, इस अभियान में जनमानस ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभायी है, जिससे कि प्रत्येक नागरिकों में भावनात्मक जुड़ाव तिरंगे झण्डे के प्रति हो रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अश्वनी कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांधु शेखर शर्मा, विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकरी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरियां आदि मौजूद रहे।

## एनटीपीसी-विंध्याचल में कोर वैल्यू के अंतर्गत सत्यनिष्ठा जागरूकता रैली का किया गया आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक कोर वैल्यू एक्कुअलाईजेशन मनाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन नामित किया गया है। इसी कड़ी में एनटीपीसी-विंध्याचल में अगस्त माह के लिए कोर वैल्यू चैम्पियन अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) मृणालिनी को नामित किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न वर्गो -कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, संविदा कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों के लिए सत्यनिष्ठा पर आधारित विभिन्न प्रतियोगितायें जैसे ङ्क कहानी लेखन, शॉर्ट विडियो मेकिंग, नारा प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं कोलाज मेकिंग आदि का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक दिन सत्यनिष्ठा पर आधारित एक संदेश इंट्रानेट पर भी प्रदर्शित किया जा रहा है । बुधवार को प्रातः 11 बजे से परियोजना के अंबेडकर स्टेडियम में सत्यनिष्ठा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के आयोजन का मुख्य उदेश्य सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यस्थल मे ईमानदारी से कार्य करने हेतु प्रेरित करना था।

इस रैली में मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए जे राजकुमार, कमांडेंट (सीआईएसएफ) मनीष राय, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक(परियोजना) अतिन कुंडु, महाप्रबंधक(प्रचालन) सत्येंद्र कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) दीपु ए, महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. विनोद कुमार भराली, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा) आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## ईसीआरईयू के बैनर तले ध्यानाकर्षण दिवस का हुआ आयोजन




**सोनभद्र/चोपन अवधनामा संवाददाता।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन (ईसीआरईयू) के आह्वान पर बुधवार को पूरे ईस्ट सेंट्रल रेलवे क्षेत्र के सभी शाखा कार्यालयों एवं स्टेशनों पर एक दिवसीय ध्यानाकर्षण दिवस का आयोजन किया गया। चोपन में यूनियन के अध्यक्ष संतोष दुबे के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में रेल कर्मचारियों ने रेलवे प्रशासन का ध्यान विभिन्न ज्वलंत मुद्दों की ओर आकृष्ट कराया। आंदोलन के दौरान प्रमुख मांगों में सातवें वेतन आयोग के अनुसार बोनस का भुगतान, लागू किए गए चारों श्रम कानूनों को वापस लेने, पुरानी पेंशन योजना (OPS) की बहाली तथा कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान जैसी बातें प्रमुख रहीं। कार्यक्रम में शाखा सचिव राम लखन सिंह ने कर्मचारी एकता पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा कर सकती है। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष सतीश मौर्य, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत, वासुदेव, नसीम, उपेंद्र, विनय, वीरेंद्र, चंदन श्रीवास्तव, मुकेश, आकांक्षा, धर्मेंद्र, पप्पू, रविंद्र, विकास, रोहित, दिलीप, कुंजीलाल, उमेश, रवि, विमलेश सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी

# मिल्कीपुर में 'हर घर तिरंगा' का गूंजा राष्ट्रगौरव



■ 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत कुमारगंज व अमानीगंज में उमड़ी देशभक्ति, विधायक चंद्रभानु पासवान, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक सहित प्रशासनिक अधिकारी हुए शामिल

**अवधनामा ब्यूरो**

**अयोध्या, लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान 13 से 15 अगस्त के शुभारंभ पर मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

विधानसभा क्षेत्र के कुमारगंज में विधायक चंद्रभानु पासवान ने कार्यकर्ताओं के साथ 'तिरंगा यात्रा' निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। इस दौरान बाजार में देशभक्ति के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। यात्रा में विधायक के साथ क्षेत्रीय कार्यकर्ता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल रहे।यात्रा के प्रथम चरण में कुमारगंज बाजार से निकाली गई 'तिरंगा यात्रा' में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी शामिल हुए और लोगों को राष्ट्रगौरव से ओतप्रोत संदेश दिया। वहीं दूसरे चरण में अमानीगंज मंडल से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें थानाध्यक्ष और सीओ सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीयता का यह भाव हर घर तक, हर जन तक पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारत माता, हमारे महापुरुषों, क्रांतिकारियों और वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।

यात्रा के दौरान लोग हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और अन्य देशभक्ति के नारे लगाते रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# पारा में बुद्धेश्वर मंदिर जा रहे युवक से लूट

■ हथियार दिखाकर की मारपीट

■ मंगलवार की शाम को हुई घटना, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**अवधनामा ब्यूरो**



**पारा लखनऊ।** बुधवार को पारा थाना क्षेत्र में बुद्धेश्वर मंदिर जा रहे एक युवक के साथ पांच अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने हथियार दिखाकर युवक से उसका मोबाइल फोन और 2 हजार रुपये नकद लूट लिए। इस घटना का वीडियो राहगीरों ने बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पांच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजस्थान के चुरू जिले के लालगढ़ के रहने वाले 22 वर्षीय गोविंद शर्मा लखनऊ के गणेशगंज में अपने भाई लीलाधर शर्मा के साथ रहते हैं। गोविंद ने पुलिस को बताया कि बुधवार दोपहर करीब 3 बजे वह अपने दोस्त मनीष के साथ स्कूटी से बुद्धेश्वर मंदिर जा रहा था। जब वे जलालपुर फाटक के पास पहुंचे, तो पांच बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने हथियार दिखाकर उनके साथ मारपीट की और उनका मोबाइल, बैग और जेब में रखे 2 हजार रुपये लूट लिए। गोविंद के शोर मचाने पर बदमाश हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। इस दौरान, वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पारा के इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस वायरल वीडियो की भी जांच कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

# इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी पूरी मानवता के लिए थी: मौलाना रजा हुसैन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कर्बला अजमतुतउद्दौला बहादुर मेंहदीगंज में मौलाना रजा हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) की कुर्बानी किसी एक मजहब के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए थी। इमामबाड़ा सैयद दबीर आगा छावनी हसनुद्दीन खां नूरबाड़ी में मौलाना हसन जहीर ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला के शहीदों की याद में होने वाली यह मजलिसें हमारे और आपके लिए नेमत हैं। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने कर्बला में इंसानियत का दर्स दिया। अजाखाना जव्वार हुसैन मरहूम हसन पुरिया में मजलिस को सैफी नकी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलूमिया ने नौहाख्वानी की।

महिलाओं की मजलिस को शुजैन फातिमा ने खिताब किया। इमामबाड़ा मकबूल हुसैन मरहूम जनाब वाली गली में मौलाना अदील हसन ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन जफरूल इमान नौहाख्वानी की।

## चेहलुम की पूर्व संध्या पर मजलिसें

इमामाबाड़ा शकील रिजवी अब्बास नगर मुफ्तीगंज में बृहस्पतिवार को रात 9.15 बजे मजलिस में मौलाना अरशद हुसैन मूसवी खिताब करेंगे। इसके बाद अंजुमने नौहाख्वानी करेंगी। इमामबाड़ा कनीज-ए-जहरा बेगम हसन पुरिया में रात 9 बजे आयोजित मजलिस में सैयद मोहसिन अब्बास रिजवी मर्सिया पेश करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमनें नौहाख्वानी करेंगी। इमामबाड़ा रियासत हुसैन (रजा अब्बास) मंसूर नगर में मौलाना शब्बर हुसैन रात 9.30 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस चेहलुम को सुबह 11 बजे होगी।

## कर्बला के शहीदों का चेहलुम कल, तैयारियां मुकम्मल

कर्बला के शहीदों का चेहलुम 15 अगस्त को मनाया जायेगा। जिसकी तैयारियां मुकम्मल हो रहीं हैं। इस सिलसिले में इमामबाड़ा नाजिम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट में दोपहर एक बजे चेहलुम के जुलूस की मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद खिताब करेंगे। इसके बाद शहर की करीब दो सौ अंजुमनें अपने अलम उठाकर नौहाख्वानी करती हुई कर्बला तालकटोरा ले जायेगी। अंजुमनों ने अलम सजाने के लिए कपड़े के आकर्षक व विभिन्न डिजाइनों के पटके, छड़ और अलम की खरीदारी हो रही हैं। इसके अतिरिक्त अलम को सजाने के लिए फूलों के तरह-तरह के पटकों के आर्डर दे दिये हैं। कुछ अंजुमनें ड्राई फरूट के पटके बनवा रही हैं।

## चेहलुम की विदाई मजलिस कल

शबीह बैतुल हुजन रुस्तम नगर में रात 9 बजे मौलाना मीसम जैदी खिताब करेंगे। मजलिस का आगाज कारी नदीम नजफी तिलावते कुराने पाक से करेंगे। मजलिस का आयोजन अज़्रे रिसालत मिशन ने किया है।

## आरडीएसओ द्वारा 'नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** आरडीएसओ में 'नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशामुक्त जीवन जीने तथा समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। मुख्य शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रशासनिक भवन में संपन्न हुआ, जहां श्री उदय बोरवणकर, महानिदेशक, आरडीएसओ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने नशा मुक्त समाज के महत्व, नशे से होने वाले दुष्प्रभावों तथा इसके उन्मूलन हेतु आवश्यक कदमों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत, अधिकारियों एवं कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आरडीएसओ ऑडिटोरियम में 'नशा उन्मूलन' विषय पर आधारित एक प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

## पीर नगर प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज वितरित



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** राजधानी के आई. आई.एम रोड पीर नगर प्राथमिक विद्यालय में आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शीला एड मेकर्स के सहयोग से भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी ने छात्र-छात्राओं को जहां निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया वहीं 15 अगस्त के महत्व से अवगत कराते हुए स्वतंत्रता संग्राम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से ओतप्रोत गीतों की सरिता प्रवाहित की।

## इस बार हर घर में तिरंगा हो और हर गली में वन्देमातरम- अली जफर

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौरक्ष प्रान्त के सह संयोजक डा. अली जफर के नेतृत्व में किया गया। इस यात्रा में सैकड़ों नागरिकों, छात्रों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों ने भाग लिया। यात्रा के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हुए राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और सम्मान को लेकर जनजागरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. अली ज़फर उपस्थित रहे।



# पीएनबी ने उन्नत डीलर वित्तपोषण समाधानों के लिए मारुति सुजुकी के साथ साझेदारी की

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अंतर्गत समस्त भारत में मारुति सुजुकी के डीलर नेटवर्क के लिए व्यापक इन्वेंट्री फंडिंग समाधान प्रदान किए जाएँगे। यह रणनीतिक साझेदारी देश भर के ऑटोमोबाइल डीलरों की वर्किंग कैपिटल तक पहुँच बढ़ाने और उनकी परिचालन क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए डिज़ाइन किए गए अनुकूलित वित्तीय उत्पाद प्रदान करेगी।

पीएनबी डिजिटल माध्यम से ?25 करोड़ तक की ऋण सुविधाओं हेतु स्वीकृति प्रदान कर रहा है। यह साझेदारी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के डीलरों को बिना किसी परेशानी के ऋण सुविधा प्रदान करेगी और साथ ही मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड को सीएमएस (नकद प्रबंधन प्रणाली) सेवाएँ भी प्रदान करेगी। इस समझौता ज्ञापन पर पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र, वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी, मार्केटिंग एवं सेल्स पार्थो बनर्जी, कार्यपालक उपाध्यक्ष, मार्केटिंग एवं सेल्स त्सुयोशी ताकेशिता और मारुति सुजुकी फाइनेंस एवं ड्राइविंग स्कूल के उपाध्यक्ष विशाल शर्मा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

इस साझेदारी पर अपने व्याख्यान में, पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहा कि ÷मारुति सुजुकी के साथ यह साझेदारी नवोन्मेषी वित्तीय समाधानों के माध्यम से भारत के ऑटोमोटिव क्षेत्र को समर्थन देने के लिए पीएनबी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारे विशेष रूप से तैयार किए गए इन्वेंट्री फंडिंग उत्पाद डीलरों को बेहतर तरलता, सुव्यवस्थित प्रक्रियाएँ और त्वरित अनुमोदन तंत्र प्रदान करेंगे। हमें विश्वास है कि यह सहयोग ऑटोमोटिव पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा और साथ ही मोबिलिटी क्षेत्र के लिए एक विश्वसनीय बैंकिंग भागीदार के रूप में पीएनबी की स्थिति को और सशक्त करेगा। यह साझेदारी रणनीतिक उद्योग सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है।













